3 बस्तर संभाग
मुख्यमंत्री ने वृद्धाश्रम में लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद

6 अभिमत
सरकारी प्रतिभूतियों में खुदरा निवेश

10 संस्कारधानी
विवादों में प्रभारी मंत्री भगत, भाजपा ने लगाया आचार संहिता...

11 न्यायधानी
व्यापार मेले में रेलवे अपनी परिवर्तनकारी यात्रा का ...

रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, गुरुवार 25 नवम्बर 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-06, अंक- 96 मूल्य 3.00 ₹

## क्विक न्यूज़

### राष्ट्रपति कोविंद दो दिन के दौरे पर कानपुर पहुंचे



**कानपुर।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कपड़ा उद्योग के लिए प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश में कानपुर के दो दिवसीय दौरे पर बुधवार को पहुंचे। राष्ट्पति की सिविल एयरोड्रम पर अगवानी राज्यपाल आनंदी बेन पटेल और सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने की । राष्टपति, यहां से मेहरवान सिंह पुरवा गांव के लिए निकल गये । वह यहां सपा नेता हरमोहन सिंह यादव के जन्म शताब्दी समारोह में शिरकत करने पहुंचे हैं।

### दिसंबर में बहाल हो जाएंगी अंतरराष्ट्रीय उड़ानें

**नई दिल्ली।** सरकार ने संकेत दिये कि अंतराष्ट्रीय उड़ानें अगले माह से सामान्य रूप में बहाल कर दी जाएंगी। सरकारी सूत्रों ने यहां बताया कि दिसंबर में किसी भी हालत में हम अंतरराष्ट्रीय उड़ानों को बहाल कर देंगे। उल्लेखनीय है कि कोविड के कारण पौने दो साल से अंतराष्ट्रीय उड़ानों के बंद होने के कारण पर्यटन, यात्रा एवं आतिथ्य उद्योग ठप्प पड़ा है। सरकार ने पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए पांच लाख पर्यटक वीसा मुफ्त देने की घोषणा की है। देश में 15 अक्टूबर से चार्टर्ड विमान से पर्यटकों को आने की अनुमति प्रदान कर दी थी और 15 नवंबर को अंतराष्ट्रीय उड़ानें शुरू करने का ऐलान किया था। लेकिन यूरोप एवं अन्य देशों में कोविड महामारी की तीसरी लहर के कारण उड़ानें बहाल नहीं हो पायीं थीं।

### भारतीय टीम 8 दिसंबर को द. अफ्रीका रवाना होगी

**नई दिल्ली।** क्रिकेट के तीनों प्रारूपों (टेस्ट, वनडे, टी-20) के लिए भारतीय पुरुष क्रिकेट टीम के आठ दिसंबर को दक्षिण अफ्रीका रवाना होने की जानकारी सामने आई है। समझा जाता है कि टीम मुंबई से उड़ान भरेगी, जहां वह तीन से सात दिसंबर तक न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरा और आखिरी टेस्ट मैच खेलेगी। उल्लेखनीय है कि भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीकाई दौरे पर तीन टेस्ट, तीन वनडे और चार टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलेगी। यह एक पूर्ण दौरा है। जोहान्सबर्ग में 17 दिसंबर को पहला टेस्ट मैच शुरू होगा। इसके बाद सेंचुरियन में 26 से 30 दिसंबर तक दूसरा और केप टाउन में तीन से सात जनवरी तक तीसरा और आखिरी टेस्ट मैच खेला जाएगा।

# मोदी सरकार अब मार्च तक गरीबों को मुफ्त में देगी राशन

## प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के विस्तार को कैबिनेट से मिली मंजूरी

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अगले साल मार्च तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएम-जीकेएवाई) के विस्तार को मंजूरी दे दी है। पिछले साल, सरकार ने कोरोना के प्रकोप के कारण हुए आर्थिक व्यवधानों के मद्देनजर राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम द्वारा कवर किए गए सभी लाभार्थियों के लिए पीएम-जीकेएवाई की घोषणा की थी। यह योजना 30 नवंबर को समाप्त होने वाली थी। इस योजना के तहत, सरकार लगभग 80 करोड़ एनएफएसए लाभार्थियों को 5 किलो खाद्यान्न मुफ्त प्रदान करती है। पीएमजीकेएवाई को मार्च 2022 तक चार महीने के लिए बढ़ा दिया गया है, कैबिनेट की बैठक के बाद सूचना और प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि इससे राजकोष पर अतिरिक्त 53,344 करोड़ रुपये खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि पीएमजीकेएवाई की कुल लागत इस विस्तार सहित लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच जाएगी। पीएम-जीकेएवाई को कोविड-19 महामारी के कारण हुए संकट को दूर करने के लिए तीन महीने (अप्रैल-जून 2020) के लिए प्रदान किया गया था। हालांकि, संकट जारी रहने के साथ, कार्यक्रम को और पांच महीने (जुलाई-नवंबर 2020) के लिए बढ़ा दिया गया था। महामारी की दूसरी लहर की शुरुआत के बाद,



पीएमजीकेएवाई को एक बार फिर दो महीने (मई-जून 2021) के लिए शुरू किया गया था और इसे आगे पांच महीने (जुलाई-नवंबर 2021) के लिए बढ़ा दिया गया था।

**दादरा और नगर हवेली में बिजली वितरण निजीकरण के लिए न्यास के गठन को मंजूरी-** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने केंद्र शासित प्रदेश दादरा और नगर हवेली तथा दमन और दीव में बिजली वितरण कारोबार के निजीकरण की प्रक्रिया को पूरा करने के लिए एक न्यास का गठन करने को मंजूरी दे दी। यह न्यास कंपनी के गठन, उच्चतम बोली लगाने वाले को नवगठित कंपनी के इक्विटी शेयर की बिक्री एवं कर्मचारियों की देनदारियों को पूरा करने का काम करेगा। बिजली वितरण के निजीकरण से केन्द्र शासित प्रदेश के करीब डेढ लाख उपभोक्ताओं को बेहतर सेवा मिलेगी तथा वितरण और परिचालन में सुधार के साथ कार्य कुशलता भी बढेगी। इससे अन्य राज्यों तथा केन्द्र शासित प्रदेश को इस बारे में मॉडल भी मिलेगा।

### कृषि कानूनों की वापसी को लेकर विधेयक को भी मंजूरी

बैठक में तीने कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए विधेयक को भी मंजूरी दे दी गई, जिसे शीतकालीन सत्र में संसद में पेश किया जाना है। अनुराग ठाकुर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को गुरु पर्व के अवसर पर राष्ट्र के नाम संबोधन में तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के फैसले की घोषणा की थी । उन्होंने बताया कि आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इन तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के संबंध में औपचारिकताएं पूरी कर ली गई । सूचना प्रसारण मंत्री ने बताया कि संसद के 29 नवंबर को शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा एवं राज्यसभा में इन कानूनों को निरस्त करने संबंधी प्रक्रिया पूरी की जायेगी। एक सवाल के जवाब में ठाकुर ने कहा कि संसद में भी इस कार्य (तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने) को प्राथमिकता के आधार पर लिया जायेगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के कार्य को हमने पूरा कर लिया है और संसद को जो करना है, उस दिशा में काम को हम सत्र के पहले हफ्ते और पहले दिन से ही आरंभ करेंगे।

# आदिवासी क्षेत्रों में विकास की नयी रौशनी फैलाएगी, चिराग परियोजना : सीएम भूपेश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर में चिराग परियोजना का शुभारंभ किया। कुम्हरावंड स्थित शहीद गुण्डाधूर कृषि महाविद्यालय परिसर में आयोजित कृषि मड़ई कार्यक्रम में परियोजना का शुभारंभ करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने विश्व बैंक की सहायता से संचालित होने वाली लगभग 1735 करोड़ रुपए की इस परियोजना को बस्तर के लोगों के जीवन में बदलाव लाने वाली अब तक की सबसे बड़ी परियोजना बताया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हर बड़ी योजना का शुभारंभ बस्तर में मां दंतेश्वरी का आशीर्वाद लेकर किया जा रहा है और इसी का परिणाम है कि ये योजनाएं सफल भी हो रही हैं। उन्होंने कहा कि 'चिराग परियोजना' छत्तीसगढ़ के बस्तर और सरगुजा संभाग सहित 14 जिलों में लागू की जाएगी। उन्होंने कहा कि चिराग परियोजना आदिवासी क्षेत्रों में विकास की नयी रौशनी फैलाएगी। मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर शासकीय महिला पॉलिटेक्निक धरमपुरा का नामकरण धरमू माहरा के नाम पर और बस्तर हाईस्कूल को जगतू माहरा के नाम पर करने की घोषणा की। इसके साथ ही उन्होंने जगतू माहरा के नाम पर भव्य सामुदायिक भवन बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कृषि मड़ई में बड़ी संख्या में पहुंचे किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि इस योजना का उद्देश्य किसानों की आमदनी के अवसरों को बढ़ाना, गांवों में पौष्टिक भोजन की उपलब्धता सुनिश्चित करना, क्षेत्र की जलवायु पर आधारित पोषण-उत्पादन प्रणाली विकसित करना, प्राकृतिक संसाधनों के बेहतर प्रबंधन की कार्यप्रणाली का विकास करना है। इस परियोजना के माध्यम से कृषि क्षेत्र में विकास के नये और विकसित तौर-तरीकों को बढ़ावा दिया जाएगा। 'चिराग परियोजना' आदिवासियों के लिए नये अवसर और नयी आशाएं लाने वाली परियोजना है। आधुनिक खेती और नवाचारों से जुड़कर वे नये जीवन में प्रवेश करेंगे। इस परियोजना के लिए विश्व बैंक और संयुक्त राष्ट्र संघ की कृषि विकास हेतु स्थापित संस्था आईएफएडी ने वित्तीय सहायता दी है। विश्व बैंक द्वारा 730 करोड़ रुपए, आईएफएडी द्वारा 486.69 करोड़ रुपए की सहायता इस परियोजना के लिए दी गई है। राज्य सरकार ने इस परियोजना की कुल राशि में 30 प्रतिशत राशि, 518.68 करोड़ रुपये अपने राजकीय कोष से उपलब्ध कराए हैं। चिराग परियोजना को बस्तर, बीजापुर, दंतेवाड़ा, कांकेर, कोंडागांव, नारायणपुर, सुकमा, मुंगेली, बलौदाबाजार, बलरामपुर, जशपुर, कोरिया, सूरजपुर और सरगुजा जिलों के आदिवासी विकासखंडों में लागू किया जाएगा। चिराग परियोजना बस्तर संभाग के बस्तर जिले के विकासखंड बकावंड व बस्तर, कांकेर जिला के विकासखंड चारामा, नरहरपुर में, जिला कोंडागांव में विकासखंड बड़े राजपुर और माकड़ी, नारायणपुर जिले के विकासखंड नारायणपुर, दंतेवाड़ा जिले के विकासखंड दंतेवाड़ा व कटेकल्याण, सुकमा जिले के विकासखंड छिंदगढ़ और सुकमा, बीजापुर जिले के विकासखंड भोपालपट्नम और भैरमगढ़ के चयनित ग्रामों में क्रियान्वयन की जाएगी।

(विस्तृत खबरें पेज 3 पर)

# श्रीनगर गोलीबारी में मारे गए दो आंतकवादी

वार्ता ◄ श्रीनगर
www.dailypioneer.com



केन्द्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की राजधानी श्रीनगर में बुधवार को गोलीबारी में कम से कम दो आतंकवादी मारे गए। पुलिस सूत्रों ने यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बुधवार शाम रामबाग इलाके में हुई एक संक्षिप्त मुठभेड़ में दो आतंकवादी मारे गए। ऐसी संभावना है कि इस मुठभेड़ में एक और आतंकवादी मारा गया है। मारे गये आतंकवादियों की अभी पहचान नहीं हो पाई है। हाल ही में खूंखार आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े तीन आतंकवादियों को गिरफ्तार किया गया था। बताया गया था कि श्रीनगर में एक कश्मीरी पंडित व्यवसायी की दुकान पर काम करने वाले सेल्समैन की हत्या के आरोप में इन्हें गिरफ्तार किया गया था। पुलिस प्रवक्ता ने 23 नवंबर 2021 यानी मंगलवार को यह जानकारी दी थी। प्रवक्ता के मुताबिक आतंकियों ने नवंबर के दूसरे सप्ताह में श्रीनगर के बोहरी कादल इलाके के पास संदीप मावा की दुकान में काम करने वाले इब्राहिम अहमद की हत्या कर दी थी। मामले में दक्षिण कश्मीर के पुलवामा जिले के एजाज अहमद लोन, नसीर अहमद शाह और शौकत अहमद डार को गिरफ्तार किया गया था। तीनों के लश्कर के इशारे पर हत्या को अंजाम देने का खुलासा हुआ है। इससे पहले कुलगाम में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ एक आतंकी को मार गिराया गया था। इस बात की जानकारी जम्मू-कश्मीर पुलिस ने बीते शनिवार को दी थी।

# प्रदूषण पर केंद्र, दिल्ली सरकार को सुप्रीम कोर्ट की फटकार, स्थाई समाधान निकाले

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

उच्चतम न्यायालय ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में वायु प्रदूषण के मामले में केंद्र और दिल्ली सरकार को एक बार फिर फटकार लगाते हुए उन्हें स्थाई समाधान निकालने को कहा है। शीर्ष अदालत ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में प्रदूषण कम करने के मद्देनजर लगाई गई पाबंदियां अगले दो दिनों तक जारी रखने का आदेश दिल्ली सरकार को दिया है। दिल्ली सरकार ने अदालत को बताया है कि वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था अगले दो दिनों तक बढ़ा दी गई है। मुख्य न्यायाधीश एन. वी. रमना, न्यायमूर्ति डी. वाई. चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति सूर्य कांत की शीर्ष अदालत की पीठ स्कूली छात्र आदित्य दुबे की जनहित याचिका पर बुधवार को सुनवाई की। इस मामले में अगली सुनवाई सोमवार को होगी। अदालती आदेशों के अनुपालन संबंधी रिपोर्ट आज राज्य सरकारों की ओर पेश की गई, लेकिन केंद्र सरकार ने दाखिल नहीं की। केंद्र सरकार ने कहा कि वह राज्य सरकारों से प्रदूषण की स्थिति और उससे निपटने के उपायों की जानकारी लेने के बाद पीठ के समक्ष अपनी रिपोर्ट दाखिल करेगी। सुनवाई



के दौरान केंद्र और राज्य सरकारों की ओर से प्रदूषण कम करने की तत्कालिक उपाय की जानकारी देते हुए कहा गया कि प्रदूषण पहले के मुकाबले कम हुए हैं तथा आने वाले समय में उसके और कम होने की संभावना व्यक्त की गई है। उनकी इस दलील पर पीठ ने कहा कि यह हवा के कारण प्रदूषण स्तर कम हो सकता है। अदालत ने कहा कि हम इस समस्या का स्थाई समाधान चाहते हैं। पीठ ने दिल्ली के अलावा पंजाब, हरियाणा, उत्तर प्रदेश की सरकारों से कहा कि सिर्फ सड़कों की सफाई, धूल कम करने के लिए पानी का छिड़काव और एंटी स्मोक गन के उपयोग जैसे अस्थाई उपायों से प्रदूषण की समस्या कम नहीं की जा सकती है। इसके लिए वैज्ञानिक विश्लेषण और पूर्वानुमान के आधार पर समय रहते प्रदूषण कम करने के लिए ठोस उपाय करने होंगे। सर्वोच्च अदालत ने प्रदूषण के मद्देनजर लगाई जा रही पाबंदियों से प्रभावित होने वाले श्रमिकों की भी सुध ली। पीठ सरकार से कहा कि राहत देने के लिए श्रमिक कल्याण फंड जारी हो और उससे जरूरतमंदों को मदद की मदद की जाए। आज सुनवाई के दौरान दिल्ली सरकार का पक्ष रख रहे हैं वरिष्ठ वकील ए एम सिंघवी ने शीर्ष अदालत को बताया कि दिल्ली सरकार ने वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था 26 नवंबर तक बढ़ा दी है।

# निकायों में चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




छत्तीसगढ़ के 10 जिलों के 15 नगरीय निकायों में चुनाव की घोषणा के साथ ही आचार संहिता लागू हो गई है। चुनाव में 20 दिसंबर को सुबह आठ बजे से 5 बजे तक मतदान होगा, इसके बाद 23 दिसंबर को मतगणना होगी। उम्मीदवारों के लिए 3 दिसंबर को नामांकन की अंतिम तिथि है, 6 दिसंबर को नाम वापसी की अंतिम तारीख रखी गई है। इन चुनावों में मतपत्र से मतदान होगा। राज्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने प्रेस कांन्फ्रेंस में यह घोषणा की। इसके पहले मंगलवार को निर्वाचन आयुक्त ने बैठक ली थी, जिसमें नगरीय प्रशासन विभाग के सचिव रिमिजुइस एक्का सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डीडी सिंह, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विशेष सचिव सीआर प्रसन्ना, सहित संबंधित जिलों के कलेक्टर और एसपी शामिल हुए। निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के विशेष सचिव से खास तौर पर इस संबंध में चर्चा की। उन्होंने सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए कि नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने से लेकर मतगणना तक कोविड गाइडलाइन का कड़ाई से पालन करना है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह ने कहा कि नगरीय निकायों के चुनाव के लिए 27 नवंबर से नामांकन की प्रकिया शुरू होगी। 3 दिसंबर को नामांकन पत्र जमा करने की अंतिम तारीख है। 20 दिसंबर को मतदान होगा और परिणाम 23 दिसंबर को जारी किया जाएगा। इसके लिए आचार संहिता लागू कर दी गई। इन नगरीय निकायों में किसी तरह के विकास कार्यों पर रोक लगा दी गई है। मतदाताओं के लिए फोटो युक्त मतदान पत्र तैयार किया गया है।

## मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने दिल्ली में प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की

# संघीय ढांचे को बेवजह छेड़ना ठीक नहीं है : ममता

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री और टीएमसी की मुखिया ममता बनर्जी ने बुधवार को दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि उनकी यह मुलाकात राज्य से जुड़े कई मुद्दों को लेकर हुई है। पीएम से मुलाकात के दौरान ममता बनर्जी ने बीएसएप के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाने के मुद्दे पर भी बात की हैं। पीएम मोदी से मुलाकात के बाद दिल्ली में बैठक के बारे में जानकारी देते हुए ममता बनर्जी ने कहा कि मैंने बीएसएफ के बारे में चर्चा की, बीएसएफ हमारा दुश्मन नहीं है। मैं सभी एजेंसियों की इज्जत करती हूं लेकिन कानून-व्यवस्था जो राज्य का विषय है



इससे उसमें टकराव होता है। मैंने कहा कि संघीय ढांचे को बेवजह छेड़ना ठीक नहीं है, इसके बारे में आप चर्चा करो और बीएसएफ के कानून को वापस लो। मैंने कहा कि राजनीतिक तौर पर आपके साथ हमारे जो भी अंतर हैं वो रहेंगे क्योंकि आपकी और हमारी पार्टी की विचारधारा अलग है। लेकिन ऐसा न हो कि केंद्र और राज्य के रिश्तों में कोई असर पड़े। राज्य का विकास होने से केंद्र का विकास होता है। ममता बुनर्जी ने कहा मैंने राज्य से जुड़े कई मुद्दों पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। हमने बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र के विस्तार के मुद्दे पर भी बात की और इस फैसले को वापस लेने की मांग की। बता दें कि केंद्र की ओर से बीएसएफ के अधिकार क्षेत्र को बढ़ाने जाने का बंगाल सरकार विरोध कर रही है। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के सांसद सुब्रमण्यम स्वामी ने ममता बनर्जी से मुलाकात की है। सुब्रमण्यम स्वामी की गिनती भाजपा के अंसतुष्ट नेताओं में होती है। बुधवार को दोनों नेताओं की मुलाकात दिल्ली स्थित साउथ एवेन्यू में हुई थी। सुब्रमण्यम स्वामी यहां ममता बनर्जी से मुलाकात करने पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि सुब्रमण्यम स्वामी करीब 20-25 मिनट तक ममता बनर्जी के साथ रहे। ममता बनर्जी से मुलाकात के बाद स्वामी ने टीएमसी में शामिल होने के सवाल पर जवाब देते हुए कहा मैं तो आलरेडी जॉइंड हूं। मैं तो सभी समय उनके साथ हीं....हालांकि, इसके बाद उन्होंने साफ जवाब नहीं दिया।


### जूट संरक्षण का मुद्दा भी उठाया

ममता बनर्जी ने जूट का मुद्दा भी पीएम के साथ उठाया. 100 फीसदी जूट प्रोटेक्शन के पक्ष में है। ममता बनर्जी ने कहा कि पीएम ने उन्हें राउंड टेबल मीटिंग करने के लिए कहा है। ममता बनर्जी ने कहा कि राजनीतिक रूप से अंतर रहेगा ही. लेकिन राज्य और केंद्र के बीच कोई विवाद नहीं रहे। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी को अप्रैल में होने वाले ग्लोबल बिजनेस समिट में आमंत्रित किया। यदि केंद्र और राज्य एक साथ मिलकर काम करे, तो देश को और विकास होगा।

# आपदाओं के समय देश के साथ मजबूती से खड़ी रही हैं सशस्त्र सेनाएं : राजनाथ

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि सशस्त्र सेनाओं ने किसी भी तरह की आपदा के समय देश और उसके साझीदारों के लिए दिन-रात जीवन रक्षक अभियान चलाकर साबित किया है कि वह हर हाल में देश के साथ मजबूती से खड़ी हैं। सिंह ने बुधवार को यहां आपदा प्रबंधन पर पांचवी विश्व कांग्रेस का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करते हुए कहा कि हमारी सशस्त्र सेनाओं ने बार-बार यह साबित किया है कि वे प्राकृतिक और मानव जनित आपदाओं के समय देश और उसके साझेदारों के साथ मजबूती के साथ खड़ी है। उन्होंने क्षेत्र में सभी के विकास और सुरक्षा से संबंधित भारत की 'सागर' योजना का उल्लेख करते हुए दोहराया कि इस योजना में महासागर से लगते



देशों के बीच आर्थिक और सुरक्षा के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ाने से लेकर क्षमतावर्धन , सतत क्षेत्रीय विकास, समुद्री अर्थव्यवस्था के लिए समन्वय के साथ साथ प्राकृतिक आपदा, समुद्री डकैती और आतंकवाद जैसे गैर पारंपरिक खतरों से निपटने की कार्य योजना समाहित है। रक्षा मंत्री ने कहा कि सागर योजना में मानवीय संकट और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए प्रभावशाली तंत्र विकसित करने का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि हमारी सेनाओं ने मुसीबत के समय हिंद महासागर क्षेत्र में सबसे पहले मानवीय सहायता और आपदा राहत अभियान चलाए है। इस संबंध में उन्होंने सशस्त्र सेनाओं द्वारा हाल के वर्षों में यमन में ऑपरेशन राहत, श्रीलंका में चक्रवाती तूफान , इंडोनिशिया में भूकंप , मोजांबिक में तूफान तथा बाढ के दौरान चलाये गये मानवीय सहायता अभियानों का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत ने इस क्षेत्र में अपनी विशेषज्ञता का लाभ मित्र देशों के साथ साझा करने के लिए एक गठबंधन बनाया है। इसके तहत भारत विभिन्न देशों की संबंधित एजेन्सियों के साथ आपदाओं से निपटने के तरीकों पर संयुक्त अभ्यास का भी आयोजन कर रहा है। सिंह ने कहा कि कोविड महामारी से निपटने के लिए भी भारत ने विभिन्न देशों को वैक्सीन तथा अन्य दवाओं की आपूर्ति कर सहयोग किया है। उन्होंने कोविड के बाद की दुनिया में इस तरह की चुनौतियों से मिलकर निपटने की भी अपील की।

# स्कूली विद्यार्थियों के पाठ्यक्रम में सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियम अनिवार्य रूप से शामिल होंगे

## मुख्य सचिव ने सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग कर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता अभियान चलाने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में मंत्रालय महानदी भवन में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। मुख्य सचिव ने राज्य के सभी जिलों के कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों को सड़क दुर्घटना के कारणों की समीक्षा और सुधारात्मक उपाय करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे जंक्शन जहां दुर्घटना अधिक हो रहे है, जिलेवार सघन अध्ययन कर आवश्यक कार्यवाही करें।

मुख्य सचिव जैन ने कहा कि प्रदेश में आम नागरिकों को हेलमेट, सीटबेल्ट का उपयोग करने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित करें। ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम चौपाल के जरिए नागरिकों को सड़क दुर्घटना के बचाव के लिए जागरूक करें। उन्होंने सभी जिलों के कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक से कहा कि जिलों में सड़क सुरक्षा के लिए जन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम नियमित रूप से किया जाना चाहिए। प्रत्येक महीने में जिले स्तर पर सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक होनी चाहिए। जैन ने निर्देश दिए कि यातायात के नियमों के प्रति विद्यार्थियों एवं पालकों में अधिक जागरूकता लाने के लिए क्विज प्रतियोगिता जिला स्तर, संभाग स्तर, राज्य स्तर पर इसका आयोजन समय-समय पर होता रहना चाहिए और विजेता को पुरस्कृत किया जाना चाहिए। पशु पीड़ित सड़कों एवं चौक-चौराहों का चिन्हांकित कर जन सामान्य की सड़क सुरक्षा को विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने सड़क सुरक्षा से संबंधित नियमों का दूसरे राज्यों से तुलनात्मक अध्ययन करने के भी निर्देश दिए, जहां सड़क दुर्घटना में कमी आयी है।

अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) के अध्यक्ष संजय शर्मा ने बताया कि वर्तमान समय में पूरे प्रदेश में वाहन में जीपीएस की मॉनिटरिंग के लिए अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) को दिया गया है। राज्य में विद्यालयों में कक्षा पहली से दसवीं तक में अनिवार्य रूप से सड़क सुरक्षा एवं यातायात नियमों को शामिल किया जाएगा। स्कूल शिक्षा विभाग के अंतर्गत पाठ्यपुस्तकों में यातायात शिक्षा सामग्री, विद्यार्थियों में सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता एवं सजगता के उन्नयन के लिए कार्यक्रम, स्कूल बस संचालन में मानक व्यवस्था स्थापित करने संबंधित कार्यवाही पर चर्चा हुई। विद्यालयों में कौन बनेगा सड़क सुरक्षा चैम्पियन जैसे कार्यक्रमों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा से संबंधित प्रोजेक्ट वर्क भी दिए जा रहे है। अब तक विद्यालयों में यातायात संबंधित नियमों पर आधारित 4578 क्विज का आयोजन किया जा चुका है और विजेता अपना सर्टिफिकेट ऑनलाइन प्राप्त कर रहें है।

बैठक में लोक निर्माण विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग, पीएमजीएसवाय के अंतर्गत पूर्व में चिन्हित ब्लैक स्पॉट का सुधार, नए ब्लैक स्पॉट की पहचान एवं सुधार हेतु नियत प्रोटोकॉल तथा सुधार कार्य की प्रगति, विभिन्न मार्गो पर सुरक्षा हेतु किए गए उपाय, प्रमुख नए मार्गो पर वाहन चालकों हेतु संस्थापित सुविधाएं, सड़क सुरक्षा की दृष्टि से रोड डिजाईन सुनिश्चित करने हेतु की गयी कार्यवाही, मुख्य सड़कों की सड़क सुरक्षा ऑडिट की विस्तृत जानकारी दी गई।

बैठक में परिवहन विभाग के अंतर्गत नए मोटरयान अधिनियम के क्रियान्वयन की अद्यतन स्थिति, ओव्हरलोड वाहनों की कार्यवाही, सड़क सुरक्षा एवं दुर्घटना रोकने के अन्य उपाय पर चर्चा हुई। स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत राज्य में ट्रामा सेंटर की स्थिति, शासकीय एवं निजी एंबुलेंस की मैपिंग पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग के अंतर्गत वर्तमान सड़क सुरक्षा परिदृश्य एवं सड़क सुरक्षा कोष, यातायात नियमों के उल्लंघन पर प्रवर्तन कार्यवाही, यातायात नियमों के पालन हेतु जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई। इसी प्रकार नगरीय प्रशासन विभाग के अंतर्गत सड़कों पर वाहन चालकों को प्रभावित करने वाले साइन-बोर्ड एवं होर्डिंग तथा जानवरों को हटाने के संबंध में भविष्य की कार्ययोजना के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में सुप्रीम कोर्ट ऑन रोड सेफ्टी के दिशा-निर्देशों का अनुपालन के संबंध में चर्चा हुई।

# सीएम हाउस, घेरने जा रहे भाजपा नेताओं और पुलिस में नोंकझोक

## कवर्धा मामले की न्यायिक जांच की मांग, भाजपाइयों को पुलिस ने रोका

■ भगवा झंडा उतारने को लेकर कई लोगों पर मामला दर्ज किया गया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कवर्धा में हुई सांप्रदायिक हिंसा के मामले की न्यायिक जांच की मांग को लेकर भाजपा मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने जा रही है। भाजपा के वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में एकत्रित हुए। पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह, नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक, सांसद संतोष पांडे की अगुवाई में भाजपा नेता एकात्म परिसर से पैदल मार्च निकालकर मुख्यमंत्री निवास की तरफ रवाना हो गए हैं। कवर्धा में भगवा झंडा उतारने के बाद हुई सांप्रदायिक घटना के बाद कई लोगों पर मामला दर्ज किया गया था। गौरतलब है कि भाजपा कवर्धा मामले की न्यायिक जांच की लंबे समय से मांग कर रही है, लेकिन कांग्रेस सरकार जांच को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठा रही है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि कवर्धा मामले में सरकार बहुसंख्यक को दबाने की कोशिश कर रही है। प्रदेश सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते और न्यायिक जांच की मांग के नारे लगाते हुए मुख्यमंत्री आवास जा रहे थे। मुख्यमंत्री आवास जा रहे भाजपा पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए सिविल लाइन थाने के पास भारी संख्या में पुलिस बल तैनात था। रोकने पर पुलिस और भाजपा नेताओं में नोंकझोक हुई।

## भाजपा को आत्मग्लानि कर मंदिर के सामने प्रायश्चित करना चाहिए



कवर्धा में दंगा भड़काने वाली भाजपा वहाँ पर शांति की स्थापना के बाद फिर से तनाव बढ़ाने स्तरहीन राजनीति कर रही है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कवर्धा में दंगा भड़काने का महा पाप करने वाली भाजपा को मुख्यमंत्री निवास पर प्रदर्शन करने के बजाय आत्मग्लानि कर किसी मंदिर के सामने प्रायश्चित करना चाहिए। युवकों की टोली के छोटे से आपसी झगड़े को भाजपा और सहयोगी संगठन के लोगों ने साम्प्रदायिक तनाव का रंग दिया। कवर्धा के बाहर से भाजपा आरएसएस और उनके सहयोगी संगठन के कार्यकर्ताओ को वहां बुलवा कर माहौल को और खराब कराने की कोशिश की गई। शांति मार्च निकालने के नाम पर राजनांदगांव के भाजपा सांसद संतोष पांडे और पूर्व सांसद अभिषेक सिंह ने जानबूझकर आपत्तिजनक नारे लगवा कर दंगा भड़काया । कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भाजपा के छोटे-बड़े सभी नेता कवर्धा गए पर किसी ने भी वहां पर शांति की अपील नही किया। सभी नेता चाहते थे यह तनाव और बड़े और इसका विस्तार कवर्धा से निकल कर प्रदेश में सब जगह हो ताकि भाजपा अपनी राजनैतिक रोटी सेक सके।

# 15 नगरीय निकाय क्षेत्रों के चुनाव कार्यक्रम का स्वागत : मोहन मरकाम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस ने निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा 15 निकाय क्षेत्रों के लिए घोषित चुनाव कार्यक्रम का स्वागत किया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि हमारी चुनावी तैयारियां पूरी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में कांग्रेस सरकार के द्वारा पिछले तीन वर्ष में किये गए कामो की बदौलत कांग्रेस इन 15 नगरीय निकाय क्षेत्रो में जीत हासिल करेगी। छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद कांग्रेस की सरकार ने हर वर्ग के विकास के लिए न सिर्फ योजना बनाया उन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन भी किया। किसान, युवा, अनुसूचित जाति, जनजाति, महिला, ग्रामीण, शहरी सभी वर्ग के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कांग्रेस ने काम किया है। मुख्यमंत्री शहरी स्लम स्वास्थ्य योजना, दाई-दीदी क्लिनिक, जन्म प्रमाण पत्र के साथ जाति प्रमाण पत्र की सुविधा, जमीन की गाइडलाइन दर में 30 प्रतिशत कटौती, आमजनों के सहायतार्थ हेल्प डेस्क, गुमास्ता लाइसेंस हर साल नवीनीकरण की छूट, नगरीय क्षेत्र में शुद्ध पेयजल की व्यवस्था मजबूत, घरेलू पेयजल कनेक्शन, मिनीमाता अमृतधारा नल योजना, राजीव गांधी सर्वजल योजना, मोर जमीन-मोर मकान, पौनी पसारी योजना, आबादी पट्टों का वितरण। नगरीय निकाय क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार के कामों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहा गया है। राष्ट्रपति के हाथों कांग्रेस के 67 निकायों को सम्मानित किया जाना इस बात का प्रमाण है, भूपेश सरकार ग्रामीण के साथ शहरी विकास के लिए भी प्रतिबद्ध है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद जितने भी चुनाव हुये सब में जनता ने कांग्रेस पर भरोसा जताया है। दंतेवाड़ा उपचुनाव, चित्रकूट उपचुनाव, मरवाही उपचुनाव, नगरीय निकायों के चुनाव, पंचायत चुनाव सभी में कांग्रेस को जनता ने भरपूर आशीर्वाद दिया। आसन्न 15 नगरीय निकायों के चुनावों में भी जनता कांग्रेस के प्रत्याशियों को ही जिताएगी । प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि कांग्रेस की चुनाव तैयारियां पूरी हो चुकी है। संगठन की मजबूती और सरकार के काम आने वाले चुनाव में कांग्रेस के मजबूत पक्ष है जिनके दम पर कांग्रेस जनता की अदालत में जाएगी ।

# मंत्री भेंड़िया ने कोरोना की संभावित लहर से निपटने चिकित्सा उपकरणों को झंडी दिखाकर किया रवाना

■ ग्रामीण क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के लिए भेजे साढ़े सात लाख रूपए के चिकित्सा उपकरण

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com




कोविड की दूसरी लहर का असर ग्रामीण और दूर दराज के इलाको पर भी देखने को मिला। दूसरी लहर मे ऑक्सीजन की जरूरत प्रमुख रूप से सामने आई। इसी बात को ध्यान में रखते हुए कोरोना की संभावित तीसरी लहर से निपटने पूर्व तैयारी हेतु महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती अनिला भेंड़िया ने रायपुर के फॉरेस्ट कॉलोनी स्थित अपने निवास से बालोद जिले के डोंडी-लोहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिए लगभग साढ़े सात लाख रूपए के चिकित्सा उपकरणो की गाड़ी को रवाना किया। चिकित्सा उपकरण कोरोना महामारी की चुनौतियों से निपटने के लिए राज्य सरकार के प्रयासों मे मदद करते हुए ऑक्सफैम इंडिया संस्था द्वारा मिशन संजीवनी के तहत प्रदान किए गए। इस अवसर पर मंत्री भेंड़िया ने ऑक्सफैम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कोरोना की दूसरी लहर से ज्यादा प्रभावित ग्रामीण क्षेत्रों में पूर्व तैयारी के लिए यह मदद महत्वपूर्ण है। यह स्वास्थ्य व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाएगी।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र हेतु चिकित्सा उपकरण में आक्सीजन सिलेंडर 40 लीटर क्षमता के 6 नग, आक्सीजन फ्लो मीटर 10 नग, आक्सीजन नसल मास्क 40 नग, पल्स आक्सी मीटर 6 नग, नेबुलाइड़र 6 नग, बेड सेमी ड़ाउलर गद्दा सहित 5 नग, बी पी मशीन एल ई डी 2 नग, डिजिटल थर्मामीटर 10 नग, मल्टी पेरामीटर पेशेंट मॉनिटर 1, बाईपेप मशीन 1 नग एवं ऑक्सिजन कोन्सेंट्रेटर 1 नग शामिल हैं। साथ ही स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिय 100 पीपीई किट भी है। इस तरह के चिकित्सा उपकरण ऑक्सफैम इंडिया ने 9 अन्य सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और आवश्यकता अनुसार 35 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रो को भी प्रदान किये गए हैं। ऑक्सफैम इंडिया के प्रतिनिधि आनंद शुक्ल ने बताया कि कोविड महामारी के व्यापक प्रभाव को देखते हुए ऑक्सफैम इंडिया संभावित तीसरे लहर की पूर्व तैयारी के लिए ग्रामीण और दूर दराज के प्राथमिक और सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों मे चिकित्सा उपकरणो को पहुचाने प्रयासरत है। चिकित्सा उपकरणो के साथ साथ जरूरतमन्द लोगों के लिए सूखा राशन की भी व्यवस्था की गई है।

## एआईसीसी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पीएल पुनिया का दौरा कार्यक्रम



**रायपुर।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया 25 नवंबर गुरुवार को दोपहर 12.45 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा लखनऊ से विमानतल रायपुर पहुंचकर सर्किट हाउस के लिये रवाना होंगे। दोपहर 2 बजे आसन्न नगरीय निकाय चुनाव के संबंध में राजीव भवन रायपुर में आयोजित बैठक में भाग लेंगे। शाम 5 बजे स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लेंगे। रात्रि 8.45 बजे इंडिगो की नियमित विमान सेवा द्वारा रायपुर से नई दिल्ली के लिये रवाना होंगे।

# चिटफंड कंपनी में डूबी जमा पूंजी मिलने से गिरधारी के जीवन में आई उम्मीद की रोशनी, सरकार के प्रति बढ़ा विश्वास



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के पहल पर राजनांदगांव के डोंगरगढ़ विकासखंड अंतर्गत ग्राम टप्पा कोलिहापुरी के गिरधारी लाल साहू के जीवन में उम्मीद की रोशनी जागी है। गिरधारी ने राज्य सरकार के प्रति विश्वास जताते हुए बताया कि वे चिटफंड कंपनी याल्स्को में खेत बेचकर 5 लाख रूपए लगाई थी। चिटफंड कंपनी याल्स्को में उनके रिश्तेदार कार्य करते थे। उन्होंने गिरधारी को इस कंपनी में राशि निवेश करने की स्कीम बतायी थी। गिरधारी ने बताया कि अपने रिश्तेदार की बातों में आकर तथा अधिक ब्याज के लालच में उन्होंने इतनी बड़ी राशि इस धोखाधड़ी में गवां दी थी। आर्थिक नुकसान होने से मानसिक रूप से काफी परेशान रहे और इस आर्थिक क्षति से उबरने के लिए वे रायपुर स्थित एक दाल मील में कार्य करने मजबूर थे। गिरधारी ने कहा कि जीवन भर की जमा पूंजी के डूबने से आर्थिक दृष्टिकोण से बहुत नुकसान हुआ, वहीं हमने यह राशि मिलने की आशा छोड़ दी थी। लेकिन मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की पहल पर पहले 50 हजार रूपए की राशि फिर उसके बाद 1 लाख 50 हजार रूपए की राशि अब तक कुल 2 लाख रूपए वापस हो गए हैं। श्री गिरधानी मुख्यमंत्री को दिल से धन्यवाद देते हुए कहा कि यह राशि मिलने पर राहत महसूस कर रहे है। मुख्यमंत्री की पहल पर डुबी हुई यह राशि मिलने पर श्री गिरधारी की प ी श्रीमती शारदा एवं उनके परिवार काफी खुश हैं।

# रायपुर विकास प्राधिकरण संचालक मंडल के जनहित के निर्णय

■ इन्द्रप्रस्थ के ईडब्लूएस फ्लैट्स आवंटितियों को 91 हजार की सबसिडी मिलेगी

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



रायपुर विकास प्राधिकरण में छत्तीसगढ़ शासन व्दारा नियुक्त दो उपाध्यक्षों और संचालक मंडल के चार नए सदस्यों की नियुक्ति के बाद आज पहली बार संचालक मंडल की बैठक हुई । बैठक में कमल विहार योजना के अंतर्गत अवैध रोड- रास्ते की सूची में शामिल 31 भूमि स्वामियों को पुनर्गठित भूखंड प्राप्त करने 28 फरवरी 2021 तक समय दिए जाने, हीरापुर, रायपुरा व बोरियाखुर्द योजना में रिक्त पुराने फ्लैट्स को प्रथम आया प्रथम पाया के आधार पर आवंटन करने, इन्द्रप्रस्थ फेज - 2 रायपुरा 1472 ईडब्लूएएस फ्लैट्स के आवंटितियों को प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत केन्द्र शासन से प्राप्त सबसिडी की राशि की पहली किस्त 91 हजार रुपए की राशि दिए जाने तथा प्राधिकरण के चार कर्मचारियों के निधन के कारण उनके आश्रितों को अनुकंपा नियुक्ति दिए जाने का प्रस्ताव पारित किया गया। रायपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष सुभाष धुप्पड़ की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में नवनियुक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी ऋतुराज रघुवंशी सहित नए उपाध्यक्ष सूर्यमणि मिश्रा व शिव सिंह ठाकुर, नए अशासकीय संचालक सदस्य राजेन्द्र पप्पू बंजारे. ममता रॉय, हिरेन्द्र देवांगन उपस्थित थे। संचालक मंडल की बैठक में कमल विहार योजना के अंतर्गत अवैध रोड- रास्ते की सूची में शामिल 31 भूमि स्वामियों को पुनर्गठित भूखंड देने का समय बढ़ा कर 28 फरवरी 2021 तक किया गया है। इस हेतु अवार्ड पारित भूस्वामियों को पारित अवार्ड की राशि, सर्विस चार्ज एवं ब्याज देना होगा। प्राधिकरण की डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी आवास योजना हीरापुर, रायपुरा व बोरियाखुर्द योजना के अंतर्गत पूर्व में निर्मित फ्लैट्स जिनकी किस्तों का भुगतान नहीं करने के कारण खाली किए 261 फ्लैट्स का पुनः आवंटन किया जाना है। फ्लैट वर्तमान मे जैसी स्थिति में है वैसी स्थिति में विक्रय किए जाएंगे।

## महिलाओं को मनरेगा कार्यों से जोड़ने के साथ ही स्वरोजगार में भी मदद कर रहीं हैं महिला मेट

# मनरेगा में बढ़ रही है 'आधी आबादी' की भूमिका, महिला श्रमशक्ति की भागीदारी 50 प्रतिशत से ज्यादा, 56 प्रतिशत मेट महिलाएं

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





छत्तीसगढ़ में मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) कार्यों में 'आधी आबादी' यानि महिलाओं की भूमिका लगातार बढ़ रही है। मनरेगा में अकुशल श्रमिक के रूप में काम करने वालों में करीब 51 प्रतिशत महिलाएं हैं। कार्यस्थल पर काम की नाप-जोख और श्रमिकों के प्रबंधन का काम देखने वाले मेटों में महिला मेटों की भागीदारी 56 प्रतिशत है। मेट के रूप में गांव की महिलाएं कार्यस्थलों पर बदली हुई भूमिका में नजर आ रही हैं। पहले केवल मजदूरी करने तक सीमित रहने वाली महिलाएं अब मेट के तौर पर श्रमिकों के प्रबंधन के साथ ही कार्यस्थल पर गोदी खोदने के लिए चूने से मार्किंग, मजदूरों द्वारा किए गए कार्य को मापकर उसे माप-पुस्तिका में दर्ज करने और श्रमिकों के जॉब-कार्ड को अद्यतन करने जैसे महत्वपूर्ण मैदानी काम कर रही हैं। मनरेगा में वे अर्द्धकुशल श्रमिक के रूप में सेवाएं देती हैं और इसी के अनुरूप उन्हें भुगतान भी प्राप्त होता है।

**महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम :** मनरेगा में महिला मेट की नियुक्ति के बाद से कार्यस्थलों में महिलाओं की हिस्सेदारी बढ़ी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) के अंतर्गत गठित स्वसहायता समूहों की सक्रिय महिलाओं को मनरेगा में मेट के रूप में नियुक्ति में प्राथमिकता दी जा रही है। गांवों में पहले से ही स्वावलंबन की अलख जगा रही ये महिलाएं बांकी महिलाओं को भी न केवल मनरेगा में रोजगार दिला रही हैं, बल्कि स्वसहायता समूहों के माध्यम से स्वरोजगार शुरू करने में भी सहायता कर रही हैं। उन्हें रोजगारमूलक गतिविधियों से जोड़कर आय के स्थाई साधन तैयार कर रही हैं। महिला मेट मनरेगा कार्यस्थलों में महिलाओं की परेशानी के निदान का भी विशेष ध्यान रखती हैं। उनकी निगरानी में कार्य करने का मौका पाकर महिलाएं मनरेगा कार्यों से ज्यादा संख्या में जुड़ रही हैं।

## शिक्षित ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए महिला मेट

मनरेगा के प्रभावी क्रियान्वयन और शिक्षित ग्रामीण महिलाओं को रोजगार से जोड़ने के लिए महिला मेटों की संख्या लगातार बढ़ाई जा रही है। प्रदेश में मनरेगा के अंतर्गत कार्यरत कुल मेटों में से 56 प्रतिशत महिलाएं हैं। प्रदेश में अभी 43 हजार 313 महिला मेट काम कर रही हैं, जबकि पुरूष मेटों की संख्या 33 हजार 675 है। राज्य के 28 जिलों में से 24 जिलों में महिला मेटों की संख्या 50 प्रतिशत से अधिक है। महिला मेटों की भागीदारी बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में 82 प्रतिशत, बिलासपुर में 79 प्रतिशत, कोरबा में 72 प्रतिशत, बलरामपुर-रामानुजगंज में 70 प्रतिशत, महासमुंद में 66 प्रतिशत, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 65 प्रतिशत, दुर्ग में 63 प्रतिशत, रायपुर में 61 प्रतिशत और रायगढ़ में 60 प्रतिशत है। बीजापुर, मुंगेली और सूरजपुर में कार्यरत कुल मेटों में से 59-59 प्रतिशत महिलाएं हैं। बस्तर और राजनांदगांव में 58-58 प्रतिशत, कोंडागांव में 56 प्रतिशत, बालोद, जांजगीर-चांपा, कोरिया और सुकमा में 55-55 प्रतिशत, बेमेतरा में 54 प्रतिशत, कबीरधाम में 52 प्रतिशत, कांकेर और सरगुजा में 51-51 प्रतिशत तथा जशपुर जिले में 50 प्रतिशत मेट महिलाएं हैं।

# मुख्यमंत्री ने वृद्धाश्रम में लिया बुजुर्गों का आशीर्वाद

## सियान वाटिका में फिजियोथेरेपी केंद्र का किया शुभारंभ

पायनियर संवाददाता ◄ जगदलपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने जगदलपुर शहर के धरमपुरा स्थित आस्था निकुंज सियान वाटिका (वृद्धाश्रम) में वृद्धजनों से मुलाकात कर प्रदेश की खुशहाली के लिए उनका आशीर्वाद लिया। समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित किए जा रहे इस वृद्धाश्रम में निवास कर रहे वृद्धजनों एवं अधिक उम्र की वृद्धाओं की शारीरिक आवश्यकता को देखते हुए जिला रेड क्रॉस सोसायटी की सहायता से प्रारंभ किए जा रहे फिजियोथेरेपी केन्द्र का शुभारंभ किया। इस फिजियोथेरेपी केन्द्र में आसपास रहने वाले अन्य वृद्धों को भी फिजियोथेरेपी की सुविधा मिलेगी। इसके साथ ही रेडक्रॉस सोसायटी की सहायता से संचालित यहां फिजियोथेरेपी ऑन व्हील की सौगात भी मुख्यमंत्री ने आज दी। इसके माध्यम से जिले के वृद्धजनों और जरुरतमंदों को फिजियोथेरेपी की घर पहुंच सुविधा प्रदान करने के लिए वाहन की व्यवस्था की गई है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वृद्धजनों को फल भेंटकर आशीर्वाद प्राप्त किया। ज्ञात हो कि आस्था निकुंज सियान वाटिका (वृद्धाश्रम) जगदलपुर के धरमपुरा-01 में जुलाई 1998 से संचालित की जा रही है। सियान वाटिका को समाज कल्याण से पोषित और रेडक्रास सोसायटी द्वारा संचालित किया जा रहा है यहां वर्तमान में 15 निराश्रित वृद्धाएं रह रही हैं। इस अवसर पर कृषि मंत्री रविंद्र चौबे, उद्योग मंत्री कवासी लखमा, सांसद बस्तर दीपक बैज, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष लखेश्वर बघेल, संसदीय सचिव रेखचंद जैन, विधायक चित्रकोट राजमन बेंजाम, महापौर सफीरा साहू, नगर निगम अध्यक्ष कविता साहू, कमिश्नर जीआर चुरेंद्र, आईजी बस्तर सुन्दरराज पी., कलेक्टर रजत बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जितेंद्र मीणा सहित जनप्रतिनिधिगण व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।



## मुख्यमंत्री ने किया थिंक बी के नए कार्यालय का शुभारंभ

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन देने, उनके संवर्द्धन और संरक्षण के लिए स्थापित किए गए थिंक बी (टेक्नोलॉजी हब एंड इनोवेशन नेटवर्क फॉर नॉलेज बस्तर) के धरमपुरा स्थित शासकीय पॉलीटेक्निक कालेज परिसर में निर्मित नए कार्यालय का शुभारंभ किया। बघेल ने यहां पर स्टार्टअप करने वाले युवाओं से भी मुलाक़ात कर उनके व्यापार की प्रगति और सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री ने इसके साथ ही पॉलीटेक्निक कालेज के विद्यार्थियों के लिए निर्मित स्मार्ट क्लास और स्मार्ट लैब का शुभारंभ भी किया। मुख्यमंत्री ने थिंक बी में स्टार्टअप करने वाले युवाओं से मुलाक़ात की। उन्होंने लोकाबाज़ार के स्टाल पर गौरव कुशवाहा से बस्तर की स्थानीय कलाकृतियों के ऑनलाइन वि य की जानकारी ली, मॉम्स फ़ूड के स्टाल पर मनोज साहू से उनके स्पेशल उत्पादों की जानकारी ली और नारियल और गुड़ के लड्डू का स्वाद लिए, 'बस्तर से बाज़ार तक' स्टाल पर सतेन्द्र सिंह लिहरे के उत्पाद जामुन का स्लाइज व सीताफल शेक का स्वाद लिया और 10 पैकेट का ऑर्डर भी दिया। उल्लेखनीय है कि नवाचार, स्वरोजगार और उद्यमिता के इच्छुक बस्तर के युवाओं को प्रोत्साहित करने के साथ ही उन्हें आर्थिक, तकनीकी, प्रबंधकीय, कानूनी सहित विभिन्न प्रकार की सहायता के लिए थिंक बी की स्थापना की गई है। ऐसे युवाओं के लिए प्रशासन की ओर से इनोवेशन कम्पनियों की मदद से स्टार्टअप की बुनियादी सुविधाएं, स्थानीय उद्यमिता को प्रोत्साहन, प्रौद्योगिकी आधारित व्यापार को स्थापित करने में सहायता के साथ-साथ ऑनलाइन-ऑफलाईन पेपर, किताबें, ऑडियो-वीडियो के माध्यम से प्रशिक्षण सहित केन्द्रीयकृत संगोष्ठी, सम्मेलन, कार्यशाला का आयोजन कर युवाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा।



## 'वर्किंग वुमेन ट्रांजिट हॉस्टल' के गृह प्रवेश कार्यक्रम में हुए शामिल मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने एक दिवसीय बस्तर प्रवास के दौरान धरमपुरा-01 में नवनिर्मित इंद्रावती 'वर्किंग वुमेन ट्रांजिट हॉस्टल' के गृह प्रवेश कार्यक्रम में भाग लेकर महिलाओं को उनके कमरों की चाबियां सौंपी। उन्होंने यहां गृह प्रवेश करने वाली महिला हितग्राहियों को चाबी सौंपते हुए सुरक्षित वातावरण में आवास की सुविधा पाने के लिए बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने हितग्राहियों के पारिवारिक पृष्ठभूमि के बारे में भी जानकारी ली। बातचीत के दौरान हितग्राहियों ने अत्यंत अल्प किराए में सर्वसुविधायुक्त सुरक्षित आवास की सुविधा उपलब्ध करने के लिए मुख्यमंत्री श्री बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया। यह 100 सीटर हॉस्टल लगभग 6 करोड़ 99 लाख रूपए की लागत से निर्मित किया गया है। हॉस्टल में दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाली कामकाजी महिलाओं को सुरक्षित एवं सर्वसुविधा युक्त आवास की सुविधा उपलब्ध होगी। कार्य म में हॉस्टल में निवासरत् महिलाओं से मुख्यमंत्री श्री बघेल ने व्यवस्थाओं से संबंध में चर्चा की। उत्तराखंड की ऋचा साहू, दिल्ली की जया और कोलकाता की आत्रेयी ने बताया कि वे लोग एनजीओ में कार्यरत् हैं यहां पर कुछ दिनों से निवास कर रही हैं। इन युवतियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि पूर्व में यहां पर आकर आवास ढूंढना एक बड़ी समस्या थी साथ ही किराये के घर मिलने में भी कुछ न कुछ समस्याएं आती रही हैं। परन्तु अब इस हॉस्टल के निर्माण से कामकाजी महिलाओं की इस समस्या का समाधान हो गया है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार भी जताया।



# जिले के 101 शिक्षण संस्थानों को तंबाकू मुक्त किया

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग जिला नारायणपुर द्वारा जिले भर में तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम चलाया गया था। जिसमे जिले के स्कूलों को तंबाकू मुक्त करने का लक्ष्य था। इसमें जिले के 101 स्कूलों को तंबाकू मुक्त किया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्टर धर्मेंद्र साहू ने किया उक्त कार्यक्रम में जिला पंचायत सीईओ पोषण चंद्राकर स्वास्थ्य विभाग सीएमएचओ नारायणपुर डॉक्टर बीआर पुजारी, डीईओ नारायणपुर जी आर मंडावी एवं बीईओ नारायणपुर मंजू शेरपा उपस्थित रहे। कार्यक्रम मैं कलेक्टर द्वारा मार्गदर्शन दिए गए जिसमें उन्होंने कहा कि सभी स्कूलों में जागरूकता कार्यक्रम हर 2-3 महीने में करवाया जाए बच्चों के बीच चित्रकला भाषण प्रतियोगिता करवाया जाए और तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के नियमों का पालन सतत करते रहे अगर कोई शिक्षण संस्थान में तंबाकू या उन से बने उत्पादों का प्रयोग करते हैं तो उचित कानूनी कार्यवाही संपूर्ण की जाए। सीएमएचओ डॉक्टर बीआर पुजारी एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ प्रिया कुमार के दिशा निर्देश अनुसार और नोडल अधिकारी डॉ प्रशांत गिरी के मार्गदर्शन मैं कार्य करते हुए नारायणपुर जिले के 101 शैक्षणिक संस्थानों को तंबाकू मुक्त बनाया गया। कार्यक्रम में सोशल वर्कर नेहा गिरी द्वारा तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान में बनाए जाने हेतु नियम एवं शर्तें की विस्तृत जानकारी दी गई। नोडल अधिकारी डॉ प्रशांत गिरी द्वारा तंबाकू सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दिया गया हॉस्पिटल में संचालित नशा मुक्ति केंद्र की भी जानकारी दी गई। इसके पश्चात माननीय कलेक्टर एवं अन्य अतिथि गण द्वारा सभी तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थानों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। जिसमें 96 विद्यालय एवं 5 महाविद्यालय समलित थे।

# जिले के प्रभारी मंत्री ने अबूझमाड़ हस्तशिल्प महोत्सव में लगे स्टॉलों का किया अवलोकन



पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

प्रदेश के वाणिज्यकर (आबकारी) वाणिज्य एंव उद्योग मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री कवासी लखमा ने अपने प्रवास के दौरान जिला मुख्यालय में आयोजित अबूझमाड़ हस्तशिल्प महोत्सव में विभिन्न प्रदेशों एवं राज्य के अन्य जिलों से आये शिल्पियों द्वारा लगाये गये स्टॉलों का निरीक्षा किया। इस दौरान उन्होंने स्टॉल लगाने वाले शिल्पियों से उनके गृह जिला व राज्य, उनकी द्वारा तैयार की गयी सामग्री की कीमत, तैयार करने में लगने वाले समय, विक्रय हेतु बाजार में मांग आदि के संबंध में बातचीत की और उनकी कला की बारीकी को देखा और समझा। ज्ञात हो कि इस महोत्सव में उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, बिहार सहित प्रदेश के जांजगीर चांपा, रायपुर, कोण्डागांव और नारायणपुर के कलाकारों ने हस्त निर्मित सामानों के स्टॉल लगाये हैं। मंत्री लखमा ने इन दुकानदारों के उत्साहवर्धन के लिए इनसे सामान भी खरीदे।

# पुलिस ने 20 लाख के गांजा के साथ 3 तस्करों को धरदबोचा

पायनियर संवाददाता ◄ सुकमा
www.dailypioneer.com



एसपी सुकमा सुनील शर्मा के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुकमा आंजनेय वार्ष्णेन्य एवं ओम चंदेल के मार्गदर्शन में अवैध मादक पदार्थ गांजा की रोकथाम के लिए समस्त जिले में विशेष अभियान चलाये जा रहे है। जिसके अंतर्गत गांजा तस्करों एवं अवैध रूप से मादक पदार्थ की तस्करी करने वालों के विरुद्ध नकेल कसने हेतु पूरे जिले लगातार तलासी की कार्यवाही की जा रही है जिसके लिए एसपी सुकमा ने विशेष टीम भी गठित की है जो छत्तीसगढ़ सीमा पर नजर रखे हुए हैं इसी अभियान के तहत् 23 नवम्बर को मुखबीर की सूचना पर थाना दोरनापाल के पुलिस बल द्वारा मुख्य मार्ग दोरनापाल में एम.सी.पी. कार्यवाही के दौरान सादिश कुमार पिता सुब्रमनियम उम्र 26 वर्ष साकिन- 60 नॉर्थ स्ट्रीट, इदयुर पोस्ट टीटागुड़ी नरसिंगामंगलम्, जिला कड़ालूर (तमिलनाडू) व अनिथ कुमार वेंकाडेशन पिता वेंकाडेशन उम्र 25 वर्ष निवासी- साउथ स्ट्रीट मेलाकुप्पम, विरूधाचलम, जिला अम्मेरी मेलाकुप्पम, कडालूर (तमिलनाडू) एवं धर्मा सास्था वी पिता वेल्लूसामी जी उम्र 23 वर्ष निवासी- 194 मेरियामन कोईल स्ट्रीट, साथापाड़ी, भुवनागिरी जिला कड़ालूर (तमिलनाडू) के संयुक्त कब्जे के ग्रे रंग की टाटा टियागो वाहन क्रमांक ञ्ञ्ह - 91 - स्त्र - 2299 में अवैध मादक पदार्थ गांजा कुल 56 पैकेट कुल वजन 110.460 कि. ग्रा. जिसकी अनुमानित कीमत 20,00,000 / रूपये बरामद किया गया। मौके पर ही समस्त विधिवत कार्यवाही करते हुए गांजा तस्करों के विरूद्ध थाना दोरनापाल में अपराध क्रमांक 37/2021 धारा 20 (ख) एन.डी.पी.एस. एक्ट पंजीबद्ध किया गया ।गांजा तस्करों को न्यायिक रिमाण्ड पर जेल भेजा गया।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समय सीमा की बैठक

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू ने समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा बैठक ली। बैठक कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में आयोजित की गयी थी। बैठक में कलेक्टर श्री साहू ने तहसीलदारों को निर्देषित करते हुए कहा कि हाल ही में हुई बैमौसम बारिष की वजह से खराब हुई फसलों की जानकारी प्रतिदिन उपलब्ध करायें, इस कार्य को प्राथमिकता देवें। कलेक्टर ने कहा कि 1 दिसम्बर से खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रारंभ होगी। इसके लिए जिले के सभी धान खरीदी केंद्रों में तैयारी पूरी कर ली जाये। उन्होंने धान खरीदी केंद्रों में पहुंच मार्ग, समतलीकरण कार्य, चबूतरा निर्माण, धान खरीदी के पहले केंद्रों में साफ-सफाई, फेसिंग की व्यवस्था, आद्रता मापी यंत्र, उपार्जन केंद्रों में इलेक्ट्रानिक मशीन की उपलब्धता, ड्रनेज की व्यवस्था, धान खरीदी केंद्र में प्रभारियों की नियुक्ति आदि की समीक्षा की बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री पोषण चंद्राकर, एसडीएम श्री जितेन्द्र कुर्रे, उपसंचालक कृषि श्री बीएस बघेल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ बीआर पुजारी के अलावा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर साहू ने लीड बैंक अधिकारी को निर्देषित करते हुए कहा कि आगामी 25 नवम्बर से बैंक ग्राहक सेवा पखवाड़ा का आयोजन कर खातेदारों की समस्याओं का निराकरण सुनिष्चित करें। इसके लिए उन्होंने सभी बैंकों से इस संबंध में कार्यवाही करने कहा।

# मछली पालन से शंकर को मिल रही आमदनी

पायनियर संवाददाता ◄ कांकेर
www.dailypioneer.com



महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना से वनांचल क्षेत्रों के ग्रामीणों को रोजगार मिलने के साथ-साथ उनके आर्थिक विकास में लगातार वृद्धि हो रही है। ग्रामवासियों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने में मनरेगा योजना नीव की पत्थर साबित हुई है। जनपद पंचायत कांकेर अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेलीकन्हार के हितग्राही शंकर द्वारा 01 हेक्टेयर भूमि में स्थल चयन कर महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत डबरी का निर्माण कराया गया। निजी डबरी निर्माण कार्य के लिए हितग्राही को 2.914 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई। हितग्राही शंकर ने बताया कि पूर्व में आय का साधन एक मात्र कृषि होने के कारण परिवार का पालन-पोषण करने में आर्थिक परेशानी का सामना करना पड़ता था। कृषि कार्य पूर्ण रूप से वर्षा पर निर्भर होने के कारण आय बहुत कम होता था, इसके अलावा प्राकृतिक आपदाओं के चलते वर्षा की कमी या सूखे की स्थिति से फसल उत्पादन ठीक से नहीं हो रहा था। उन्होंने कहा कि एक गरीब परिवार अपने दैनिक जीवन में आवश्यक वस्तुओं को खरीदने, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं स्वास्थ्य लाभ देने में असमर्थ होते हैं, ऐसी स्थिति में शासन द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं से रोजगार मूलक कार्य से ग्रामीण लाभान्वित हो रहे हैं। महात्मा गांधी राष्ट्रीय रोजगार गारंटी योजनांतर्गत शंकर ने निजी डबरी निर्माण कार्य कराया और मछली पालन हेतु संबंधित अधिकारियों से संपर्क कर मछली बीज प्राप्त किया, साथ ही डबरी का उपयोग कृषि में सिंचाई के लिए किया जा रहा है। पूर्व में हितग्राही द्वारा एक फसली खेती किया जाता था। डबरी निर्माण के बाद ग्रीष्म ऋतु में भी खेती व सब्जी उत्पादन किया जा रहा है, जिसके परिणाम स्वरूप अपने खेत में धान की फसल, सब्जी एवं गुलाबी चना का उत्पादन कर शंकर को प्रतिमाह 15 से 20 हजार रूपये तक की आय प्राप्त हो रही है। शासन द्वारा चलाये जा रहे योजनाओं का लाभ लेने से ग्रामीणों का आर्थिक एवं सामाजिक स्तर ऊंचा उठने लगा है। हितग्राही द्वारा महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कराए गये इस कार्य के लिए राज्य शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया गया है।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी के संबंध में तैयारी बैठक संपन्न

पायनियर संवाददाता ◄ नारायणपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर धर्मेश कुमार साहू की अध्यक्षता में बीते दिन खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारी के संबंध में कलेक्टोरेट के सभाकक्ष में बैठक आहुत की गई। बैठक में कलेक्टर की साहू ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान खरीदी शासन की महत्वपूर्ण योजना है। इसलिए जरूरी है कि संबंधित विभाग के अधिकारी पूरी जिम्मेदारी से कार्य संपादित करें। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 अंतर्गत समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान पंजीकृत कृषकों की सूची संबंधित ग्राम पंचायत मुख्यालय में चस्पा कर, संबंधित कृषकों को उनके पंजीकृत रकबे की जानकारी भी उपलब्ध करायी गयी है। किसी भी कृषक के पंजीकृत रकबे में किसी की प्रकार की भिन्नता होने की स्थिति में संबंधित राजस्व विभाग, कृषि विभाग, खाद्य विभाग, को प्राप्त होने वाले आवेदन पर धान खरीदी प्रारंभ होने के पूर्व निराकरण करने उप संचालक, कृषि, तहसीलदार, नोडल अधिकारी, जनपद पंचायत के अधिकारियों से कहीं। कलेक्टर साहू ने कहा कि समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान धान खरीदी हेतु शासन से निर्धारित तिथि के पूर्व समस्त आवष्यक तैयारी पूर्ण कर ली जाये। वहीं खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान किसान से क्रय उपरांत लंबित संग्रहित धान का उठाव हेतु तत्काल डी.ओ. जारी कर निराकरण की कार्यवाही की जाये। इसके साथ ही समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन के दौरान विपणन संघ द्वारा धान परिवहन की ई-निविदा ऑनलाईन की कार्यवाही धान खरीदी हेतु राज्य शासन द्वारा निर्धारित तिथि 1 दिसम्बर 2021 के पूर्व करने निर्देषित किया।

# गेंदसिंह कॉलेज में करियर मार्गदर्शन व्याख्यानमाला आयोजित

पायनियर संवाददाता ◄ चारामा
www.dailypioneer.com

शासकीय शहीद गैंदसिंह महाविघालय चारामा मे आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ट के द्वारा महाविघालय के छात्र छात्राओ के लिए करियर मार्गदर्शन व्यख्यानमाला कार्यक्रम का आयोजन 24 नवम्बर को महाविघालय मे किया गया। कार्यक्रम मे मार्गदर्शन प्रफुल्ल ठाकुर आईपीएस 1998 के बेच, प्राची ठाकुर डिप्टी कलेक्टर सीजी पीएससी 2020, दिनेश सिन्हा डीएसपी पुलिस मुख्यालय रायपुर, चन्द्रहास सिन्हा डीएसपी पीएससी 2020 ,रामानंद कुंजाम जिला कोषालय अधिकारी कांकेर ,एंव संस्था के प्राचार्य डॉ के के मरकाम के द्वारा दिया गया। सभी अतिथि कांकेर जिले के अलग अलग गॉव से निवासरत् है। जिन्होने अपनी शिक्षा से लेकर उच्च पदो पर पहुँचने के बीच किये गये मेहनत, तैयारी,को छात्रो के बीच मार्गदर्शन के रूप मे रखा। सर्व प्रथम नव चयनित डीएसपी चन्द्रहास सिन्हा पीएससी 2020 ने अपने बारे मे बताते हुए कहॉ कि वे एक समान्य परिवार से समान्य शिक्षा ग्रहण करते हुए स्नातक और स्नाकोत्तर की पुर्ण की। लेकिन मन मे पहले से ही पीएससी और उससे आगे बढने का लक्ष्य रखकर तैयारी की और अपने ,2018,2019 और 2020 तीन बार की मेहनत मे वे इस पद पर पहुँचे। उन्होने छात्रो को वर्तमान समय मे मोबाईल का उपयोग अपने कैरियर को बनाने के लिए करने को कहॉ उन्होने छात्रो को तब तक मेहनत करने को कहॉ जब तक कि वे अपने लक्ष्य को हासिल न कर सके,बस उन्हे उसके लिए धैर्य और अनुशासन की आवश्यक्ता है। उन्होने परीक्षा के लिए नोट्स कैसे तैयार किये जाये के बारे मे भी छात्रो का बताया। जिला कोषालय अधिकारी रामानंद कुंजाम जो कि ग्राम पंडरीपानी से प्रारंम्भिक शिक्षा शुरू करते हुए समान्य स्थिति मे स्नातक करने के बाद कई शासकीय सेवाओ मे सेवा देने के साथ साथ पीएससी की तैयारी करते हुए जिला कोषालय अधिकारी के पद पर पहुँचे,उन्होने छात्रो को कहॉ कि कोई भी चीज असंभव नही है। मन मे उसे पाने की इच्छा जागृत करना ही सबसे बडी जीत होती है,फिर उसके लिए मेहनत करके आगे बढना है। 2011 की पीएससी से चयनित हुए ग्राम ढेडकोहका निवासी दिनेश सिन्हा के द्वारा भी अपने जीवन के बारे मे बताते हुए कहॉ कि शासकीय स्कुल मे पढकर समान्य तरीके से महाविघालय की पढाई पुर्ण करने के बाद बहुत उम्र के बाद यानि 27 वर्ष की उम्र मे उन्हे पीएससी मे जाने का लक्ष्य निर्धारित किया। और उसके लिए मेहनत की ।उसके पहले कई जॉब की। कई बार जॉब के अंतिम क्षणो मे भी चयन नही होने पर निराशा मन मे नही आई। जबकि ओर प्रेरणा मिली। उन्होने छात्रो को पॉचवी से लेकर 12वी तक के सभी एनसीआरटी की बुक्स पढने को कहॉ। उन्होने कहॉ कि आपकी तैयारी अपके पद का चयन करती है। तैयारी का स्तर आपको बनाना होगा। पार्ट टाईम तैयारी की बजाय फुल टाईम तैयारी को दे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रफुल्ल ठाकुर आईपीएस 1998 ने बताया कि हमारे परिवार के हर पीढी से एक व्यक्ति पीएससी मे चयन हुआ है। हमेशा सकारात्मक सोच रखे। नियमित न्युज पेपर, करेंट अफेयर ,की तैयारी करे।नदी ,पहाड,वन,खेल,सडक सभी मे एक प्रश्न छुपा है। उसे खोजे और उसके बारे मे जाने, जिस जगह जाते है उसके बारे मे भी अध्ययन करे। कोई भी पद बडा या छोटा नही होता है। और किसी भी पद के लिए सार्टकट नही होता है। सभी पद के लिए मेहनत जरूरी है। बिना मेहनत के कुछ भी प्राप्त नही होता है। वही उन्होने धमतरी मे उनके ओर से सब इंस्पेक्टर की परीक्षा के लिए दी जा रही मार्गदर्शन की कक्षाओ की जानकारी देते हुए उसमे शामिल होने की बात कही। सुश्री प्राची ठाकुर जो कि पीएससी 2020 मे डिप्टी कलेक्टर पर चयन हुई है। ने बताया कि 2016 से पीएससी की तैयारी कर रही है। वे भी एक छोटे गॉव से है।उन्होने बताया कि सबसे पहले हमे अपना माईड सेट करना होगा कि पीएससी के लिए गरीब अमीर ,गॉव शहर मायने नही रखता है। बडे बडे पदो पर विपरीत परिस्थितियो का सामना करने वाले ही लोग आगे बढे है। उन्होने सभी सब्जेक्ट के लिए छात्रो का बुक और टेक्नॉलॉजी का उपयोग करने को कहॉ।समय का सदुपयोग करे। और एक बात हमेशा याद रखे कि जब आप मेहनत कर रहे है अपने लक्ष्य को पाने के लिए।उस समय जो लोग आपके साथ खडे है ,उनका सम्मान करे। मॉ पिता गुरू सबकी मेहनत भी आपके मेहनत के साथ जुडी है। कोशिश जरूर करे।





## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता

ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)
ई मेल पता :- ee-res.Dantewada@nic.in

//सामग्री सप्लाई हेतु मैनुअल पद्धति निविदा सूचना प्रथम बार//

// निविदा क्रमांक-17//

क्रमांक/1559/व.ले.लि./ग्रा.यां.सेवा/2021, दंतेवाड़ा, दिनांक-18/11/2021

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 06/12/2021 अपरान्ह 5.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|
| 1 | 2 |
| मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य (1) नेटापुर माडवीपारा (2) खुंटापारा से भीमराज पारा फूलनार (3) बारसापारा से हाऊसिंग बोर्ड कॉलोनी तक चितालका (4) बाटमपारा से मेंडोली सरहद तक मेटापाल (5) पटेलपारा से मेंडोली सरहद तक मेटापाल, प्रति 1-1 कि.मी. (प्रति नग 9.10 लाख) | 45.50 लाख |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://cg.nic.in/resworks में दिनांक 22/11/2021 से 30/11/2021 तक निशुल्क डाऊनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

G-65287/5

# ट्रांसपोर्ट कंपनियां ध्यान दें बिना पंजीयन, परिवहन नहीं

## अनाज, तेल, फल और सब्जी परिवहन करने, फूड एंड सेफ्टी से रजिस्ट्रेशन अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

खाद्य सामग्रियों का परिवहन करने वाली ट्रांसपोर्ट कंपनियों के लिए जरूरी सूचना। अब ऐसी सामग्री का परिवहन करने से पहले रजिस्ट्रेशन नंबर लेना होगा। खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जारी होने वाले यह नंबर जांच के दौरान नहीं मिले, तो भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के नियमों के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

खाद्य पदार्थों की सुरक्षा के लिए अब ट्रांसपोर्ट कंपनियां भी समान रूप से जिम्मेदार मानी जाएंगी। यह, उस रजिस्ट्रेशन नंबर से निश्चित होगा जो खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जारी होगा और यह नंबर, उन ट्रांसपोर्ट कंपनियों को अनिवार्य रूप से लेना पड़ेगा, जो खाद्य पदार्थों का परिवहन कर रहीं हैं। यह नियम, सब्जी और फलों का परिवहन करने वाली वाहनों पर भी प्रभावी होगा। प्रशासन बहुत जल्द ट्रांसपोर्ट कंपनियों के बीच जागरूकता अभियान चलाने की तैयारी में है।

**इनके परिवहन पर अनिवार्य :** खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने जिन खाद्य सामग्रियों के परिवहन को संवेदनशील माना है, उसमें दाल ,चावल, आटा, सूजी, मैदा, पोहा, दलिया के अलावा हर वह खाद्य सामग्री शामिल है, जो रोजमर्रा के जीवन में उपयोग की जाती है। इसके अलावा गुड़, शक्कर, नमक और खाद्य तेल सहित ब्रेड, बिस्किट और केक के साथ मसालों का परिवहन करने वाली ट्रांसपोर्ट कंपनियों को भी यह रजिस्ट्रेशन नंबर लेना होगा।



### फल और सब्जी परिवहन के लिए भी

सब्जी उत्पादन में प्रदेश भले ही काफी हद तक आत्मनिर्भर बन चुका है, लेकिन पूरे साल की मांग के लिए अपना प्रदेश, पड़ोसी राज्यों पर निर्भर है। सब्जी ही नहीं बल्कि फल के लिए तो महाराष्ट्र आज भी छत्तीसगढ़ की पहली जरूरत है। आने-जाने में लगने वाले समय के बीच फल और सब्जियों के खराब होने का अंदेशा हमेशा बना रहता है। अब इसके लिए भी ट्रांसपोर्ट कंपनियों को जिम्मेदार माना जाएगा।

### इसलिए जरूरी

खाद्य एवं औषधि प्रशासन ने समय-समय पर की जाने वाली अपनी जांच में पाया है कि कई खाद्य सामग्रियां, परिवहन में विलंब होने की वजह से गुणवत्ता खो चुकी हैं। इसी तरह सब्जियों और फलों में भी ऐसी ही परेशानी आ रही है। प्रभावी नियम नहीं होने की वजह से, परिवहन करने वाली ट्रांसपोर्ट कंपनियां, जिम्मेदारी से बच जाया करतीं थीं। इस तरह गुणवत्ताहीन फल और सब्जी उपभोक्त ाओं तक आसानी से पहुंचतीं हैं। इसे अब गंभीर माना जाकर खाद्य सामग्रियों का परिवहन करने वाली ट्रांसपोर्ट कंपनियों को जवाबदेह मानते हुए, रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा।

खाद्य सामग्रियों को गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाने के लिए ट्रांसपोर्ट कंपनियों को विभाग से रजिस्ट्रेशन नंबर लेना अनिवार्य होगा। इसके बाद ही वे ऐसी सामग्रियों का परिवहन करने के पात्र होंगे।

**-डॉ.आरके शुक्ला,** असिस्टेंट कमिश्नर, खाद्य एवं औषधि प्रशासन, रायपुर

# एक दिसम्बर से धान बेचने 1.78 लाख किसानों ने कराया पंजीयन

## 13 हजार नये किसानों को मिलेगा धान खरीदी का फायदा

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

23 जिले में आगामी 1 दिसम्बर से तीन नये केन्द्र सहित 176 उपार्जन केन्द्रों के जरिए धान खरीदी की जायेगी। इस साल राज्य सरकार द्वारा जिले में तीन नये धान खरीदी केन्द्र- मोहदा, सर्वा एवं सकलोर स्वीकृत किये गये हैं। धान बेचने के लिए इस साल 1लाख 78 हजार से ज्यादा किसानों ने पंजीयन कराये हैं। पिछले साल की तुलना में इस साल 12 हजार 715 ज्यादा किसानों का पंजीयन किया गया है। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने आज यहां जिला कार्यालय के सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर धान खरीदी की प्रक्रिया का विस्तृत प्रशिक्षण दिया। उन्होंने खरीदी प्रक्रिया के अंतिम स्तर से जुड़े हम्मालों को भी प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर जैन ने समिति कर्मचारियों के हड़ताल से वापसी के बाद उपार्जन केन्द्रों की संपूर्ण तैयारी 26 नवम्बर तक पूर्ण करके रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र गुप्ता सहित विभागीय अधिकारी सभी एसडीएम, कृषि, सहकारिता, खाद्य, राजस्व विभाग के अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्टर जैन ने कहा कि किसानों से धान खरीदी का अभियान राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता का काम है। वास्तविक किसानों को धान खरीदी से जुड़े किसी भी काम में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए। हमें अपनी तैयारी समय से पूर्व और पुख्ता तरीके से रखना होगा। कलेक्टर ने धान खरीदी के संबंध में राज्य सरकार के दिशा-निर्देशों से अधिकारियों को अवगत कराया। उन्होंने किसानों के पंजीयन से लेकर फ ड़ से धान के परिवहन तक एक-एक प्रक्रिया की बारीकी से समीक्षा की। धान खरीदी से जुड़े हर अमले को उन्होंने सौंपे गये कार्यों का दायित्व बोध कराया और सतर्क होकर धान खरीदी का काम करने की अपेक्षा की। उल्लेखनीय है कि इन केन्द्रों पर समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की जायेगी। पतला धान का समर्थन मूल्य 1960 रूपये प्रति क्विंटल तथा सरना एवं मोटे धान का समर्थन मूल्य 1940 रूपये निर्धारित किया गया है। प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान की खरीदी पूर्व की भांति की जायेगी। कलेक्टर ने कुछ किसानों के लंबित पंजीयन को एनआईसी से समन्वय कर दो दिन में पूर्ण करने को कहा है। उन्होंने बैठक में विशेष रूप से नये उपार्जन केन्द्रों हेतु स्थल चयन एवं साफ-सफाई, विद्युत व्यवस्था, कम्प्यूटर सेट्स, यूपीएस, इन्टरनेट कनेक्शन, जनरेटर, आद्रतामापी यंत्र का केलिबरेशन, कांटा-बांट का सत्यापन, बारदानों की उपलब्धता, रंग एवं सुतली की व्यवस्था, डॉटा एण्ट्री ऑपरेटर की व्यवस्था, हमालों की व्यवस्था, फड़ में भण्डारण हेतु उपलब्ध रकबा, उपलब्ध चबूतरों की संख्या, तारपोलीन की व्यवस्था, डनेज की व्यवस्था, प्राथमिक उपचार पेटी, पेयजल, बेनर-पोस्टर, एफएक्यू की जानकारी एवं सेम्पल प्रदर्शन, निगरानी समिति धान की सुरक्षा एवं भण्डारण के उपायों की जानकारी ली और जरूरी दिशा-निर्देश दिए।



### धान खरीदी को लिए जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना

कलेक्टर सुनील कुमार जैन के निर्देश पर धान खरीदी अभियान को सफल बनाने एवं इससे सम्बंधित सूचनाओं के आदान- प्रदान हेतु जिला स्तरीय कंट्रोल रूम की स्थापना की गयी है। नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी डिप्टी कलेक्टर श्यामा पटेल एवं सहायक नोडल अधिकारी की जिम्मेदारी जनसम्पर्क विभाग के सहायक सूचना अधिकारी नितेश चक्रधारी को दी गयी है। उक्त नियंत्रण कक्ष 1 दिसंबर 2021 से लेकर पूरे धान खरीदी तक प्रभावी रहेगा। इसके साथ ही नियंत्रण कक्ष हेतु दूरभाष नंबर 07727-223697 जारी किया गया है। जो कि प्रतिदिन सुबह 10 बजें से लेकर 5 बजें तक सक्रिय रहेगा।

# विश्व हिंदू परिषद ने की कलेक्टर से मांग, 10 रुपए का सिक्का नहीं लेने वालों पर हो कार्यवाही

पायनियर संवाददाता ➤ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

विश्व हिन्दू परिषद बजरंगदल जिला अध्यक्ष अभिषेक तिवारी (मिकी), जिला मंत्री राजेश केशरवानी (बाबा), प्रांत सोशल मीडिया प्रमुख हेमंत वर्मा ने जिला बलौदाबाजार-भाटापारा कलेक्टर सुनील कुमार जैन से मुलाकात कर अंग्रेजी शराब दुकान को रिसदा रोड से हटाने एवं रामसागर तालाब के आसपास पुलिस बल तैनात करने की विहिप की मांग पूर्ण करने पर आभार व्यक्त किया एवं शराब दुकान को नगर के सुनसान एवं मुख्य मार्ग से अन्यत्र खोलने का आग्रह किया साथ ही भारत सरकार द्वारा जारी 10 का सिक्का जो कि बरसो से प्रचलन में है लेकिन जिला बलौदा बाजार भाटापारा के बैंको एंव व्यवसायिक प्रतिष्ठानों में लेने से मना कर देते है और यही सिक्के सम्पूर्ण भारत में प्रचलन में है। जिससे भारत सरकार के द्वारा जारी सिक्के को मना करके राष्ट्रद्रोह जैसे अपराध को अंजाम दिया जा रहा है एवं जिससे आम जनता को भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। विहिप के ज़िलाध्यक्ष अभिषेक तिवारी (मिकी) ने बताया कि आरबीआई के निर्देशानुसार, 10 रुपये का सिक्का भारतीय मुद्रा है। इसको लेने से इनकार करने पर राजद्रोह का मामला बनता है और जो ऐसा करता है उसके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 124 (1) के तहत मामला दर्ज हो सकता है क्योंकि मुद्रा पर भारत सरकार वचन देती है। शिकायत मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

# जिला स्तरीय मनोकामना पूर्ण ईसरगवरा महोत्सव मनाया गया

पायनियर संवाददाता ➤ भाटापारा
www.dailypioneer.com

गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति एवं छत्तीसगढ़ गोंडवाना संघ तथा गवरा दाई महिला सेवा समिति द्वारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा के भाटापारा शहर हथनीपारा रावण भांठा मैदान में अगहनी मनोकामना पूर्ण ईसरगवरा महोत्सव मनाया गया। आदिवासी गोंड समाज में अपने रीति नीति रूढ़ीवादी परंपरा संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखने पूर्ण विवाह रीति नीति परंपरा को बरकरार रखने जन जन तक पहुंचाने मनोकामना पूर्ण ईसरगवरा महोत्सव मनाया गया। इस महोत्सव को मनाने के पीछे समाज को संगठित करते हुए अपने धर्म संस्कृति समाज को व्यवस्थित करते हुए संरक्षित करना है, चाहे समाजिक, शैक्षिक, आर्थिक विकास एवं नशापान से दूर रहते हुए सादगीपूर्ण ढंग से व्यवस्थित समाज का निर्माण करना तथा आने वाले युवा युवतियों को अपने धर्म संस्कृति के प्रति जागरूक करना है। इस महोत्सव के मुख्य अतिथि गोंडवाना चरण वंदनीय गुरुमाता तिरूमाय दुलेश्वरी सिदार, गुरुदेव दुर्गे दुर्गेश्वरी भगत जगत सिदार अध्यक्षता चन्द्रभान नेताम, अध्यक्ष गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण अतिविशिष्ट अति में विधायक शिवरतन शर्मा, मावली महासभा के अध्यक्ष टेकसिंह ध्रुव, तिरूमाल सतीश अग्रवाल सदस्य श्रम विभाग निगम छत्तीसगढ़, अमरसिंह मंडावी अध्यक्ष ग्रामीण कांग्रेस, लच्छन मरकाम संयोजक, सिया मंडावी संरक्षक सोनऊ ध्रुर्वे, गोंडी धर्म संस्कृति विजय तुमरेकी, महासचिव आरके कुंजाम, सचिव गजानंद नुरेटी, कोषाध्यक्ष गौकरण सिंह कुंजाम, अश्वनी छेदैईहा, झम्मन ओटी, दौलत कुंजाम अध्यक्ष टोनाटार चक, कल्याण सिंह छेदैईहा, सत्येन्द्र बाघे, कुलंजन नेताम दिवान सुरखी चक, खुबीराम, बुआराम, गोंडी धर्म संस्कृति जिला बलौदाबाजार से योगेश मंडावी अध्यक्ष, मोहन मंडावी उपाध्यक्ष, भानसिंह जगत सचिव, लोचन नेताम कोषाध्यक्ष, कृष्ण कुमार मंडावी सह सचिव, भोला राम पोर्ते संरक्षक, गोवर्धन छेदैईहा, बलिहार जगत, सीताराम नेताम, राजेन्द्र नेताम, शैल कुमार नेताम ब्लाक अध्यक्ष, सचिव चन्द्र प्रकाश मंडावी, कोषाध्यक्ष लोमश पोर्ते, अभिषेक पोर्ते, नंदकुमार, शेषनारायण नेताम, फागू नेताम जिला अध्यक्ष बेमेतरा, सुदर्शन मंडावी, डाक्टर विशाल खुशरो, भरत नेताम, रामकुमार नेताम, झब्बू नेताम, नीतू नेताम, गंगाराम मंडावी सुखबली छबिलाल राजकुमार मंडावी, गवरा दाई महिला सेवा समिति से अनुसूईया नेताम, मालती कुंजाम, फिरन नेताम, ऊषा मंडावी, भारती मंडावी, सीमा छेदैईहा, उर्वशी नेताम, कुमारी बाई सातोबाई, जंत्री बाई कविता, ऊषा तथा हजारों की संख्या में लोग उपस्थित होकर ईसर गवरा से आशीर्वाद प्राप्त किए। कार्यक्रम में युवा प्रभाग से रोशनी कुंजाम, रेणुका कुंजाम ऐश्वर्या कुंजाम राघवेन्द्र सिंह कुंजाम, छाया मरकाम, रानी, ऐश्वर्या मंडावी भिलाई, मनीषा, ज्योति, एकता भाटापारा, रानी नेताम, डिगेश नेताम बेबो नेताम खुशबू मंडावी बलौदाबाजार। कार्यक्रम में शासन प्रशासन के नियमों का पालन करते हुए कार्य किया गया। मुख्य अतिथि गुरु माता दुर्गे दुर्गेश्वरी सिदार द्वारा तथा सभी विशिष्ट अतिथियों द्वारा अपने धर्म संस्कृति पर चलते हुए,समाज शिक्षा, आर्थिक विकास, नशापान से दूर रहने की बात कहते हुए कोरोना शांति हेतु विशेष पूजा अर्चना कर ईसर देव, गवरा दाई सिद्ध बाबा,डढ़ईय्या माता , मावली माता से विशेष पूजा अर्चना किया गया। सभी अतिथियों को सफल आयोजन के लिए हृदय से आभार देते हुए धन्यवाद दिया गया। उक्त जानकारी आरके कुंजाम प्रांतीय महासचिव गोंडी धर्म संस्कृति संरक्षण समिति छत्तीसगढ़ द्वारा दिया गया।



# खम्हरिया में पांच दिवसीय स्काउट-गाइड, रोवर-रेंजर प्रशिक्षण शिविर आयोजित

पायनियर संवाददाता ➤ सरसींवा
www.dailypioneer.com

शाउमावि खम्हरिया में पांच दिवसीय स्काउट गाइड तृतीय सोपान एवं रोवर रेंजर निपुण पुनः जांच शिविर का आयोजन रखा गया । समापन की पूर्व संध्या पर ग्रेट कैम्प फायर कार्यक्रम का आयोजन रखा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शाउमावि खम्हरिया के शाला प्रबंधन एवं विकास समिति अध्यक्ष विशेषर साहू थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व जनपद पंचायत बिलाईगढ़ अध्यक्ष टेकलाल साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में शाउमावि खम्हरिया के प्राचार्य एस एल पटेल, जनभागीदारी समिति सदस्य नारायण साहू, दरसराम टंडन, सहायक जिला कमिश्नर एवं विखं शिक्षाधिकारी आरके जोशी, जिला प्रशिक्षण आयुक्त शंकरलाल साहू, जिला संगठन आयुक्त बीडी राउत, मिडिल स्कूल जनभागीदारी समिति अध्यक्ष दुर्गेश दुबे, व्याख्याता एन लकड़ा, मनोज किशोर, सोमनाथ कैवर्त, उपसरपंच दुबे प्रसाद यादव आदि उपस्थित थे। अतिथियों का स्वागत कलर पार्टी द्वारा किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा शिविर ज्वाल प्रज्वलित कर किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम राजगीत के साथ प्रारंभ की गई। तत्पश्चात जिला प्रशिक्षण आयुक्त एस एल साहू द्वारा शिविर प्रतिवेदन का वाचन करते हुए बताया कि इस शिविर में 28 स्काउट्स 48 गाइड्स, 28 रोवर एवं 24 रेंजर कुल 128 एवं 20 शिक्षक मंडल के सदस्य सम्मिलित हुए। इस शिविर में तृतीय सोपान स्काउट गाइड एवं निपुण उत्तीर्ण रोवर रेंजर को राज्यपाल पुरस्कार के लिए तैयार किया गया एवं लाग बुक बनाने प्रशिक्षण दिया गया। कोरोना काल में लंबे समय तक स्काउटिंग गतिविधि ठप होने के कारण से इस तरह के प्रशिक्षण आयोजित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। पूर्व जपं अध्यक्ष टेकलाल साहू ने इस अवसर पर छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि स्काउटिंग एक सामाजिक संगठन है समाज सेवा ही इस संगठन की कर्तव्य और 1 छात्रों को एक अच्छा इंसान बनाने में सहायता करता है।



# मितानिन दिवस पर मितानिनों का किया गया सम्मान

पायनियर संवाददाता ➤ मैनपुर/काण्डेकेला
www.dailypioneer.com

मंगलवार को ग्राम काण्डेकेला में मितानिन दिवस के अवसर पर 'मितानिन सम्मान' कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें ग्राम पंचायत के सरपंच रामिन बाई मरकाम, उपसरपंच जमुना बाई सिन्हा, सचिव उपेन्द्र नेताम एवं धनेश्वर सिन्हा द्वारा काण्डेकेला में सेवारत मितानिनों का श्रीफल एवं साड़ी से सम्मानित किया गया। इस मौके पर तेजराज साहू, मोतीलाल जगत, राजीवो साहू आदि उपस्थित थे।

इस अवसर पर मितानिनों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि उन्हें पहली बार ग्राम पंचायत स्तर पर पहली बार का सम्मानित किया गया, जिससे हमें बहुत खुशी हुई, इसके लिए उन्होंने ग्राम पंचायत काण्डेकेला का आभार व्यक्त किया है।



# पंचायत सरोरा में विकास कार्यों का भूमिपूजन किया



पायनियर संवाददाता ➤ तिल्दा नेवरा
www.dailypioneer.com

नगर के समीपस्त ग्राम पंचायत सरोरा में विकास की गंगा बह रही है। गांव के मुखिया बिहारी राम वर्मा द्वारा गांव के विस्तार के लिए बुधवार को अलग-अलग कार्य का भूमि पूजन किया । इसी तारम्य से पुरानी बस्ती सरोरा में 128,84 लाख रुपये की लागत से पानी टंकी एंव पाइप लाइन बिछाई के लिए पुजा अर्चना कर भूमिपूजन किया गया जिसमें मुख्य रूप से जनपद सदस्य रेखराम देवांगन, युवा उपसरंपच राकेश सिंह विनोद,पंच रामप्यारी बधेल ,सुलोचना ,अमरिका, इंद्रा,कुंती,झंडी राम,शिव कुमार वर्मा,संतोष ,महेन्द्र साहू,रमेश पात्रे,पप्पु यदु,महेश साहु, पी, एच, ई, के सब इंजीनीयर इक्का साहब अपने स्टाफ एवं गांव के गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति में पं विजय शर्मा के द्वारा मंत्रोच्चारण कर विधिव्रत पूजा सम्पन्न कराया गया।

Bandhan Bank

**ऋणीओं के लिए मांग सूचना**

नीचे बताया गया खाता एन.पी.ए. में परिवर्तित किया गया है और बंधन बैंक द्वारा सिक्युरिटाइझेशन एन्ड रिकन्स्ट्रकशन ओफ फायनान्सियल एसेट्स एन्ड एन्फोर्समेन्ट ओफ सिक्योरिटी इन्टरेस्ट एक्ट (ध एक्ट), 2002 की धारा 13 (2) तहत नीचे बताए गए कर्जदारों को डिमान्ड नोटिस जारी की गई थी, जो वापिस आई है। इस लिए आप सभी को और सार्वजनिक जनता को इस प्रकाशन द्वारा नोटिस जारी की जा रही है।

| ऋणीयों के नाम, और ऋण खाता नं. | बंधक संपत्ति (सुरक्षित संपत्ति) का ब्यौरा | मांग सूचना की तिथि/ NPA की तिथि | मांग सूचना तिथि को बकाया राशि | सूचना चस्पा करने की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्री सुखजिंदर सिंघ श्रीमती जगवंत कौर समराह 851/2324 | सभी चल और अचल संपत्ति लगभग 387.36 वर्ग फिट है, जो सीएच–99 स्लाइस–2, वीर सावरकर नगर, हीरापुर, रायपुर–492099 स्थित है और जिसकी चतुर्सीमा निम्नलिखित हैः उत्तरः कोर हाउस–124, पूर्वः कोर हाउस–100, पश्चिमः कोर हाउस–98, दक्षिणः सड़क | 02.11.2021/ 10.06.2016 | Rs.11,01,981.46 | 12.11.2021 |

आप से इस सूचना के माध्यम से यह मांग की जाती है की इस सूचना के प्रकाशन से 60 दिनों के भीतर आपके नाम के सामने वर्णित बकाया लोन राशि ब्याज, खर्च, शुल्क सहित का भुगतान कर दें, अन्यथा SARFEASI एक्ट की धारा 13 (4) के तहत अगली कार्यवाही की जाएगी। सुरक्षित संपत्ति को रीडीम करने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में कर्जदार का ध्यान, अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित किया जाता है।

स्थानः रायपुर
तारीखः 25/11/2021

प्राधिकृत अधिकारी
बंधन बैंक लिमिटेड

रीजनल ऑफिस: नेताजी मार्ग, मीठाखली छः रास्ते के पास, एलिसब्रिज, अहमदाबाद-06. फोन: +91-79-26421671-75

# शराब पीकर वाहन चलाना पड़ा महंगा हुआ 45000 रूपये का अर्थदण्ड

- नेशनल हाईवे पर शराब पीकर वाहन चालको पर पुलिस की सख्ती
- मोटर व्हीकल एक्ट. के तहत की जा रही है कार्यवाही

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन व उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय डा. भुवनेश्वरी पैकरा के पर्यवेक्षण पर शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ कार्यवाही कर इस्तगाशा तैयार कर माननीय न्यायलय पेश किया गया जो न्यायालय द्वारा (01) टिप्पर वाहन क्रमांक सीजी 04 जे ए 6498 के चालक संतोष पिता जैतराम उम्र 45वर्ष निवासी दहिकोंगा थाना कोण्डागांव के खिलाफ न्यायालय द्वारा कार्यवाही कर 10000/- रूपये अर्थदण्ड, (02) क्रेटा वाहन क्रमांक सी.जी. 04 एम यु 2299 का चालक अर्जुन पिता सुदरूराम उम्र 32 वर्ष निवासी जोदरापदर थाना कोण्डागांव के खिलाफ न्यायालय द्वारा कार्यवाही कर 15000/- रूपये अर्थदण्ड, (03) मोटर सायकल क्रमांक सी.जी. 04 एन एफ 2854 का चालक नारायण सिह पिता रामेश्वर सिह उम्र 42 वर्ष निवासी पुरानी बस्ती महामायापारा रायपुर के खिलाफ न्यायालय द्वारा कार्यवाही कर 10000/- रूपये अर्थदण्ड, (04) आयसर मेटाडोर वाहन क्रमांक एम पी 06 जी ए 0970 का चालक गोपी कृष्ण शर्मा उम्र 24 वर्ष निवासी ज्वाहर कालानी डबरा थाना डबरा जिला ग्वालियर मध्यप्रदेश के खिलाफ न्यायालय द्वारा कार्यवाही कर 10000/- रूपये अर्थदण्ड न्यायालय के द्वारा दण्डित किया गया है। उक्त कार्यवाही में यातायात प्रभारी निरीक्षक रोहित कुमार बंजारे, उप.निरी. रविशंकर पाण्डेय, प्रधान आरक्षक श्यामलाल नेगी, आरक्षक, संतोष कोड़ोपी, आशुतोष तिवारी, यशवंत शार्दुल, हलालखोर दुग्गा, विकास पाण्डे, रोहित खेलवारे, रविकांत शाडिल्य, राजेन्द्र मरकाम का योगदान रहा आगे भी शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार कार्यवाही किया जायेगा।

## निर्देश के बावजूद देर रात तक डीजे चलाना डीजे संचालक को पड़ा महंगा प्रशासन ने की जप्ती की कार्यवाही



- एसडीएम ने डीजे, ध्वनि विस्तारक यंत्रों, बैंड बाजों को 10 बजे तक संचालित करने दिए थे निर्देश

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

एसडीएम राजस्व गौतम पाटिल व एसडीओपी निमितेश सिंह द्वारा डीजे संचालकों की बैठक आहूत की गई थी, जिसमें दिशा निर्देशों के साथ डीजे व अन्य वाद्य यंत्र संचालित करने के निर्देश दिए थे।

बावजूद बीती रात विवेकानंद वार्ड के एक शादी समारोह में रवि डीजे के संचालक द्वारा देर रात तक तेज आवाज में डीजे का संचालन किया जा रहा था। जिस पर जानकारी मिलते ही टीआई सिटी कोतवाली अर्चना धुरंधर व टीम द्वारा मौके पर पहुंच विवाह आयोजक परिवार को कोलाहल अधिनियम को लेकर समझाइश दी गई।

वहीं उक्त डीजे संचालक पर जब्ती की कार्यवाही की गई है। जानकारी देते एसडीएम गौतम पाटिल ने बताया कि बीते दिनों बैठक आयोजित कर डीजे संचालको को दिशा निर्देश देते ध्वनि विस्तारक यंत्रों डीजे बैंड बाजा आदि का प्रयोग करने कहा गया था,बावजूद निर्देशो की अवहेलना करते देर रात तक तेज आवाज में डीजे संचालन पर निर्धारित समय सीमा के उल्लंघन पर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

## एनएच 30 पर निर्माण कार्यों में देरी के लिए कलेक्टर ने ठेकेदार को धारा 133 के तहत दिया नोटिस

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर बेड़मा से कांकेर तक सड़क मार्ग निर्माण में देरी के चलते नागरिकों हो हो रही परेशानी को कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी पुष्पेन्द्र कुमार मीणा द्वारा संज्ञान में लेते हुए निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार दिनेश वालेचा के विरूद्ध दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा 133 के तहत् नोटिस देते हुए सड़क मार्ग का निर्माण पूर्ण करते हुए सभी बाधाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिये। न्यायालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोण्डागांव में जारी मामले पर कार्यवाही करते हुए कलेक्टर द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 पर चौड़ीकरण कार्य में मापदण्ड के अनुसार सुरक्षा न अपनाने, सुरक्षा संकेतकों को ना लगाने तथा राजमार्ग में बड़े बड़े गढ्ढे हो जाने के उपरांत भी राजमार्ग की मरम्मत कार्य समय पर नहीं कराने के कारण लोगों को हो रही समस्याओं को देखते हुए ठेकेदार दिनेश वलेचा के विरूद्ध कार्यवाही की गयी है।

इस हेतु कलेक्टर द्वारा ठेकेदार को 30 नवम्बर 2021 तक मापदण्ड अनुसार सुरक्षात्मक व्यवस्था एवं संकेतक लगाने के निर्देश दिये गये है साथ ही ठेकेदार को 30 नवम्बर को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत हो कर कारणों को प्रस्तुत करने का समय दिया गया है। इस निर्देश का पालन न किये जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## खून का रिश्ता बनाएं रक्तदान कर जीवन बचायें




पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

सत्य साई सेवा समिति चाम्पा, सिवनी, जांजगीर, सक्ति एवं रायगढ़ के संयुक्त तत्वाधान में 21 नवम्बर रविवार को सदर बाजार चाम्पा स्थित धरम ब्लड बैंक में विशाल रक्तदान एवं रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान बाबा जी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर पूजन अर्चन के साथ किया गया। जिसमें मातृशक्ति सहित कुल 40 लोगों ने रक्तदान किया, मनुष्य जीवन की सार्थकता परोपकारी होने से हैं, रक्तदान हमें दूसरों के जीवन की परवाह करना सिखाता हैं, मनुष्य जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि होगी कि हमारे द्वारा किये गए रक्तदान से किसी की जान बचाई जा सके, कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी समिति सदस्यों एवं पदाधिकारियों सहित धरम ब्लड बैंक परिवार का भी व्यापक सहयोग रहा।

## विधायक गुलाब कमरो ने सोनहत विकासखण्ड को दी 5 करोड़ 40 लाख की सौगात, किया भूमिपूजन

- सोनहत ब्लॉक के सोनारी बसवाही और पटेल पारा धनपुर आनंदपुर में आजादी के बाद पहली बार बनेगी पक्की सड़क

पायनियर संवाददाता < कोरिया
www.dailypioneer.com



विधायक गुलाब कमरो अपने दो दिवसीय प्रवास के दौरान सोनहत विकासखण्ड पहुचे जहां उनके भव्य स्वागत के दौरान कार्यकर्ताओ ने गर्म जोशी से उनका स्वागत किया,इसके बाद विधायक सुंदरपुर पहुचे जहां उन्होंने पटेल पारा में बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, उल्लेखनीय है कि पूर्व सरकार के 15 साल के कार्यकाल से पटेल पारा सड़क निर्माण कार्य की मांग अनवरत उठ रही थी लेकिन निर्माण नही होने से ग्रामीणों में नाखुसी थी ग्रामीणों ने सत्ता परिवर्तन के बाद विधायक गुलाब कमरो से सड़क निर्माण की मांग की जो अब जा कर पूरी हुई और 97 लाख 79 हजार की लागत से बनने वाली सड़क का भूमिपूजन भी हुआ। विधायक कमरो ने सड़क के भूमिपूजन के बाद ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और विस्तार पूर्वक शासन की योजनाओं को भी अवगत कराया, विधायक कमरो ने कहा की भपेश सरकार जो कहती है वो करती है, ग्रामीणों की मांग को पूर्व सरकार ने अनसुना किया लेकिन वर्तमान सरकार ने उसे पूरा किया। विधायक कमरो ने कटगोड़ी धान खरीदी केंद्र किसानों और आम जनता को समर्पित करते हुए कहा कि इससे किसानों को बहुत लाभ होगा उनके धन व समय दोनों की बचत होगी, इस दौरान उन्होंने न्याय योजना की जानकारी भी दिया इसी दौरान विधायक कमरो ने क्षेत्र को एक और बड़ी सौगात सोनारी बसवाहि केशगवा रोड की दी जो आजादी के बाद पहली बार बनाया जाएगा जो 2 करोड़ 96 लाख की लागत से बनाया जाएगा विधायक गुलाब कमरो ने मौके पर इसका भूमिपूजन किया।

### वनांचल में चौपाल लगा कर सुनी समस्या

विधायक गुलाब कमरो जिले व राज्य के अंतिम क्षोर पर बसे ग्राम आनंदपुर के लोगो की समस्याओं को सुना साथ ही उनका निराकरण भी किया विधायक कमरो ने कहा कि पिछले 15 सालों में इस क्षेत्र की सुध लेने वाला कोई नही था, बस टार्च छत्ता मच्छरदानी देकर लोगो को बरगलाया गया, और मच्छर दानी भी सही ढंग से लोगो तक नही पहुच सकी, लेकिन वर्तमान सरकार की सोच है कि कैसे लोगो के जीवन मे बदलाव आए सरकार ने मूलभूत सुविधाओं को पहुचाने का काम किया है, सड़क पुल पुलिया स्वास्थ्य शिक्षा पर कार्य तेज गति से किये जा रहे हैं, उन्होंने आनंदपुर को दी गई सौगात को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए आनंदपुर में स्वस्थ्य केन्द्र व रामगढ़ में धान खरीदी केंद्र बनाए जाने का जि करते हुए शासन की उपलब्धियो को एक एक कर जानकारी दी।

### रामगढ़ क्षेत्र को 40 लाख की सौगात

विधायक गुलाब कमरो अपने दौरे के दौरान रामगढ़ पहुचे जहां पर उन्होंने चौपाल लगा कर लोगो की समस्याएं सुनी और निराकरण कर उपस्थित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी प्रदान किया। विधायक गुलाब कमरो ग्राम पँचायत नतवाही के सलगवा खुर्द वनांचल क्षेत्र पहुच कर रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य लागत राशि 25 लाख चुनखोह नाला के पास एवं सीसी रोड निर्माण कार्य ग्राम नटवाही से धनपुर मार्ग पर का भूमि पूजन किया इसी दौरान विधायक गुलाब कमरो ने रिटेनिंग वॉल निर्माण कार्य गोपद नदी पुल नतवाही से धनपुर मार्ग पर 15 लाख की लागत से आरसीसी पुलिया निर्माण कार्य चुन्नू को नाला संगमा खुर्द से धनपुर मार्ग पर लागत 19 लाख 99 हजार पूर्व निर्मित आरसीसी पुलिया का छत्र एवं बिनवाल निर्माण कार्य लागत राशि 5 लाख धनपुर से सलगवा खुर्द मार्ग पर का भूमिपूजन किया

### वनांचल ग्राम आनंदपुर क्षेत्र को 1 करोड़ 4 लाख की सौगात

गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र सरगांव खुर्द से धनपुर मार्ग पर घाट कटिंग नाली निर्माण एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य लागत 25 लाख रुपए इसके अलावा गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में ही धनपुर मार्ग पर घाट कटिंग नाली निर्माण एवं सीसी सड़क निर्माण कार्य 200 मीटर 11लाख रुपए की लागत से होने वाले कार्य का भूमि पूजन, गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान क्षेत्र में ही आनंदपुर से नेट हवाई मार्ग पर घाट कटिंग नाली निर्माण एवं 760 मीटर सीसी सड़क निर्माण कार्य 44 लाख की लागत से का भूमि पूजन किया, ग्राम पंचायत आनंदपुर क्षेत्र स्थित गुरु घासीदास राष्ट्रीय उद्यान की सीमा में आनंदपुर से नटवा ही मार्ग पर घाट कटिंग सीसी सड़क निर्माण कार्य 300 मीटर एवं नाली निर्माण कार्य 17 लाख की लागत से का भूमिपूजन किया।

## बालिका के साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी को 20 वर्ष की सजा

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com

**फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश यशवंत सारथी का निर्णय**

फास्ट ट्रैक कोर्ट के विशेष न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी ने 13 वर्ष की मासूम बालिका के साथ दुष्कर्म के मामले में अभियुक्त के विरुद्ध आरोपित अपराध प्रमाणित पाए जाने पर आरोपी को 20 वर्ष की कठोर कारावास एवं अर्थदंड से दंडित करने का निर्णय पारित किया है,विशेष लोक अभियोजक पोक्सो राकेश महंत के अनुसार यह घटना जांजगीर-चांपा जिले के जय जयपुर थाना क्षेत्र की है। दिनांक 12 मार्च 2020 को रात्रि लगभग 11:00 बजे कक्षा सातवीं में पढ़ने वाली 13 वर्ष की मासूम बालिका टीवी देखने के पश्चात लघुशंका के लिए घर के आंगन मे निकली थी तभी अभियुक्त राजकुमार जांगड़े वहां आकर मासूम बालिका के मुंह को दबाकर उसके हाथ को खींचते हुए वही चबूतरा में ले जाकर जबरदस्ती उसके साथ बलात्कार किया तथा घटना को किसी अन्य को बताने पर जान से मारने की धमकी दिया दूसरे दिन मासूम बालिका ने घटना को अपनी चचेरी बहन को बताई तब उसकी चचेरी बहन ने मासूम बालिका की मां को घटना को फोन करके बताइ घटना के समय मासूम बालिका की माता पिता कमाने खाने गोरखपुर उत्तर प्रदेश गए हुए थे मासूम बालिका के माता ने उसकी दादी को बताइ उसके पश्चात उसकी दादी ने आकर मासूम बालिका को अपने साथ ले गई घटना को मासूम बालिका ने अपने दादी को विस्तार से बताएं तथा उसके पिता के आने पर उसे भी घटना के बारे में बताइ और घटना की रिपोर्ट मासूम बालिका द्वारा थाना जैजैपुर में दर्ज कराई गई पुलिस थाना जैजैपुर द्वारा अभियुक्त के खिलाफ धारा 376 एक 506 भाग 2 भारतीय दंड संहिता एवं लेकिन लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम की धारा 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर अभियुक्त को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया।

## महंगाई के खिलाफ बाराद्वार नगर में निकली जन जागरण पदयात्रा




सक्ती। देश में बढती महगांई को लेकर कांग्रेस कमेटी के द्वारा 14 से 29 नवंबर तक सभी गांव एवं शहरो में महंगाई के खिलाफ जन जागरण पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं,23 नवम्बर मंगलवार को बाराद्वार नगर में जिला प्रतिनिधी गुलजार सिंह ठाकुर की अगुवाई में कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा जन जागरण पदयात्रा निकाली गई, नगर के सभी वार्डो में पदयात्रा भ्रमण करने के बाद पदयात्रा रेस्ट हाउस के पास स्थित सामुदायिक भवन में पहूँचकर संपन्न हुई, इस दौरान सभी वार्डो में पदयात्रा के माध्यम से देश में केन्द्र की मोदी सरकार के कारण महंगाई के खिलाफ नारा लगाया गया एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे में बताया गर्या। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत के जिला प्रतिनिधी गुलजार सिंह ठाकुर, राधामोहन राय, दिनेश शर्मा, रूपनारायण साहू, रामअवतार अग्रवाल, अजय सिंह ठाकुर, वंदना दुबे, रूपा यादव, वृंदा बरेठ, अनिल यादव, दीपक राय, मनोज बंसल, ओमप्रकाश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल, अभिनंदन केडिया, कुमार सिंह राजपुत एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे। अंत में आभार प्रदर्शन सुनील जिंदल के द्वारा किया गया।

## शिक्षकों की पूर्ति के लिए कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**जैजैपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् नरियरा इकाई द्वारा ग्राम पंचायत बनाहिल में स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में शिक्षक नहीं होने की मांग को लेकर कलेक्टर जांजगीर को सौंपा ज्ञापन छात्र नेता भवानी सिंह के द्वारा बताया गया की गत पिछले 2 वर्षो से करोना काल के चलते किसी भी शैक्षणिक संस्थान में पढ़ाई नहीं हो रहा था और जब इस वर्ष संस्थाएं संचालित हुई हैं तब भी इस बनाहिल की स्कूल में केवल एक शिक्षक और 100 से अधिक छात्र है जिसे यहां ठीक से अध्ययन नहीं हो रहा है जिसके चलते वहां के छात्रों का भविष्य अंधकार में जा रहे हैं ग्रामीण अंचल से सभी छात्र आते हैं और पढ़ाई का स्तर पूरा शुन्य हो गया है और एक बार अगर ग्रामीण स्तर के बच्चे 10वीं फेल हो जाते हैं तो उनके माता-पिता उनको दोबारा हौसला देने के बजाय यह बोलते हैं कि गधे हो चलो काम करने चलते हैं कहीं न कहीं यह एक बहुत बड़ी गंभीर समस्या है जिस पर हम ने पूर्व में ब्लॉक शिक्षा अधिकारी और जिला शिक्षा अधिकारी को लेटर के माध्यम से अवगत कराया था लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्यवाही नहीं किया।

गया बच्चों की भविष्य की गंभीरता को देखते हुए हमने पुनः कलेक्टर जी को इस समस्या से अवगत कराया है और यह भी बात बोली है कि जल्द से जल्द अगर शिक्षकों की पूर्ति शाला में नहीं किया गया तो मजबूरनवर्ष छात्रों के हित को देखते हुए हम आंदोलन के लिए बाध्य होंगे जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी ज्ञापन प्रक्रिया में प्रीतम जाहिरे, विवेक रात्रे उपस्थित थे।

## विधायक संगीता की पहल पर शासन स्तर से बालोद जिले के मध्यान भोजन समूह की महिलाओं के खाते में लगभग 2 करोड़ रुपये की राशि हुई अंतरित



**बालोद।** मध्यान भोजन के भुगतान को लेकर चल रहे वाद विवाद के बाद महिला समूह द्वारा जब प्रशासन की समझाइस के बाद भी चक्काजाम की स्थिति निर्मित करने दल्ली चौक पहुंच गए।

जिसके बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा समझाने के बाद चक्काजाम की बातों को वापस लिया गया। लेकिन इस दौरान सबसे महत्वपूर्ण बात यह हुई कि मध्यान भोजन की 38 दिनों की राशि डाल दी गई है। जहां बालोद जिले के माध्यमिक शाला के लिए सुखा राशन के लिए गुंडरदेही ब्लॉक के लिए 23 लाख 97 हजार 576, बालोद ब्लॉक के लिए 13 लाख 33 हजार 403, गुरुर ब्लॉक के लिए12 लाख 69 हजार 966, डौंडी ब्लॉक के लिए 14 लाख 74 हजार 108 और डौंडीलोहारा के लिए 24 लाख 58 हजार 162 कुल 89 लाख 33 हजार 215 रुपये डाल दी गई है।

**नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग ने नगरीय प्रशासन मंत्री के हाथों किया सम्मान हासिल**

## स्वच्छता की रेटिंग में नगर पंचायत अड़भार को भी मिला सर्वश्रेष्ठ निकाय का सम्मान

पायनियर संवाददाता < सक्ती
www.dailypioneer.com




जांजगीर-चांपा जिले के नगर पंचायत अड़भार को छत्तीसगढ़ शासन नगरीय प्रशासन विकास विभाग द्वारा आयोजित समारोह के दौरान राजधानी रायपुर के होटल बेबीलॉन में स्वच्छता की दिशा में सर्वश्रेष्ठ निकाय के रूप में सम्मानित किया गया, तथा यह सम्मान नगर पंचायत अड़भार की अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग ने नगरीय प्रशासन मंत्री डॉ शिव कुमार डहरिया के हाथों प्राप्त किया, ज्ञात हो कि नगर पंचायत अड़भार स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही है, एवं विगत महीनों भी जांजगीर-चांपा जिले में स्वच्छता की रेटिंग में यह निकाय अग्रणी स्थान पर है,तथा नगरीय निकाय के सभी जनप्रतिनिधियों एवं स्वच्छता कर्मचारियों के सहयोग से शहर के प्रत्येक वार्डो में स्वच्छता के लिए एक विशेष अभियान चल रहा है, तथा नगर पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती चंद्रप्रभा गर्ग एवं विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने भी इस सम्मान को पूरे शहर वासियों को समर्पित करते हुए कहा है कि आज सभी के सहयोग से ही नगर पंचायत को यह सम्मान मिला है, तथा मुख्य नगरपालिका अधिकारी प्रताप सिंह राजपूत के कुशल नेतृत्व में भी स्वच्छता विभाग के कर्मचारी तथा सफाई दरोगा।

विकास देवांगन भी निरंतर स्वच्छता की दिशा में दिन-रात कार्य कर रहे हैं, एवं शहर में सुबह से लेकर देर रात्रि तक साफ सफाई का अभियान बृहद रूप से चलाया जा रहा है सफाई दरोगा विकास देवांगन ने भी नगर पंचायत को मिले इस सम्मान पर सभी का आभार व्यक्त किया है।

## कृष्णा बने कबीरधाम नामदेव समाज कल्याण समिति के जिला मीडिया प्रभारी

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी संत नामदेव की जयंती के उपलक्ष्य में मंगलवार को कबीरधाम नामदेव समाज द्वारा राधाकृष्ण मंदिर (बड़े मंदिर) प्रांगण में नामदेव जयन्ती एवं प्रसादी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें जिलाध्यक्ष अमिताभ नामदेव के नेतृत्व में संत नामदेव की 751वीं जयंती के अवसर पर भगवान विठ्ठल की श्रृंगार कर एवं छप्पन भोग अर्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई। जिले के नामदेव समाज सहित अन्य समाजों के संत नामदेव के प्रति आस्था रखने वाले बंधुओं ने भी उमंग एवं हर्षोल्लास के साथ भगवान नामदेव की आराधना की। इसी बीच कबीरधाम नामदेव समाज कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष ने सर्वसम्मति से कृष्णा कुमार नामदेव पिता श्री पुरनलाल नामदेव निवासी मठपारा कवर्धा की जिला मीडिया प्रभारी के पद पर मनोनयन की घोषणा की। जिलाध्यक्ष अमिताभ ने बताया कि समिति के कार्याकरिणी के पद की बैठक एवं घोषणा दिनाँक को पारिवारिक कारणों से कृष्णा कुमार नामदेव की अनुपस्थित रहने की स्थिति में आज के नामदेव जयंती कार्यक्रम दिनाँक को सभी की उपस्थिति में उन्हें सर्वसम्मति से जिला मीडिया प्रभारी मनोनीत नियुक्ति पत्र प्रदान किया।

संपादकीय

# शहरी गरीब

## बिगड़ती स्थितियां

**शहरी** गरीबों की बिगड़ती स्थितियां एक चुनौती है जिससे सरकार को निपटना चाहिए। भारत में शहरी गरीबों के लिए स्वास्थ्य प्रशासन अराजकता से भरा है जिससे वे असहाय हो जाते हैं। यह बात अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय द्वारा एक एनजीओ समूह से करोए अध्ययन से सामने आई है। ऐसे देश में जहां शहरी क्षेत्रों में रहने वाले एक तिहाई लोग अधिकांशतः बेरोजगार हैं और वे दिन में एक समय का ठीकठाक भोजन जुटाने में अक्षम हैं, वहीं उनके ऊपर बीमारियों का भी भारी बोझ है। रिपोर्ट से भारत की एक महत्वपूर्ण गोपनीय स्थिति की ओर ध्यान जाता है कि कल्याण कार्यक्रमों में उन आयामों पर ध्यान नहीं दिया जाता है जो लोगों को गरीब बनाते हैं। वे सभी केवल गरीबों की स्थितियों में सुधार पर केन्द्रित हैं, पर उसके मूल कारणों पर ध्यान नहीं देते हैं। यदि ऐसा न होता तो शहरी गरीबों की स्थिति इतनी खराब न हुई होती जितनी 2020-21 में कोविड-19 के दौरान हुई है। वैश्विक महामारी ने शहरी गरीबों को और गरीब बनाया है, बिना पोषण के वे ग्रामीण गरीबों की तुलना पहले के मुकाबले ज्यादा भूखे हैं। ग्रामीण गरीबों के पास परिवार या रिश्तेदार थे और महत्वपूर्ण रूप से उनको लाकडाउन काल में सार्वजनिक वितरण प्रणाली का सहारा था जिस कारण वे बिना भूखे रहे अपने दिन बिताने में सफल हुए। लेकिन तुलनात्मक रूप से शहरी गरीबों की स्थिति ज्यादा खराब थी। वे निसंदेह रोजगार की तलाश में शहरों में आए थे, पर लाकडाउन के कारण उनकी जिन्दगी परेशानियों में घिर गई, कार्यस्थल बंद होने के कारण उनका रोजगार छिन गया, उनको कोई मजदूरी नहीं मिली और उनके पास भोजन तक कोई पहुंच नहीं थी। मुफ्त भोजन या एनजीओ की ओर से बंटने वाली खैरात तथा सरकार ने उनकी सहायता जरूर की, लेकिन यह उनके पोषण और स्वास्थ्य की बिगड़ती स्थिति को नहीं रोक सकी। शहरी गरीबों को विरले ही सार्वजनिक राशन व्यवस्था तक पहुंच उपलब्ध थी और भोजन के लिए उनको कर्ज लेना पड़ा। ग्रामीण गरीबों की पहुंच सामाजिक सुरक्षा योजनाओं तक तुलनात्मक रूप से बेहतर पहुंच थी जो वैश्विक महामारी के दौरान काम कर रही थीं। शहरी गरीबों के संकटग्रस्त तबकों में एकल महिलाओं द्वारा चलाए जाने वाले परिवार अथवा दिव्यांग व ट्रांसजेंडर शामिल हैं। विडंबना है कि उनको ऐसे समय कठिनाइयों का सामना करना पड़ा जब भारत में खाद्यान्नों का रिकार्ड उत्पादन हुआ था।

अजीम प्रेमजी विश्वविद्यालय की रिपोर्ट हमें बताती है कि बेरोजगारी और भूख का उनके स्वास्थ्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। शहरी गरीबों की चिकित्सा देखभाल तक पहुंच इतनी खराब है कि 'शहरी क्षेत्रों के सबसे अमीर लोगों की तुलना में सबसे गरीब लोगों की जीवन प्रत्याशा पुरुषों के लिए 9.1 साल तथा महिलाओं के लिए 6.2 वर्ष कम है।' इससे भी बुरी बात है कि स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं की बहुलता तथा उनके बीच समन्वय की कमी के कारण गरीबों के स्वास्थ्य पर भयानक प्रभाव पड़ा है। तीस प्रतिशत शहरी गरीबों की सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं तक कोई पहुंच नहीं है और उनको इसके लिए निजी संसाधनों पर निर्भर रहना पड़ता है जिससे उन पर वित्तीय बोझ बढ़ता है। सरकार को प्रशासनिक क्षमता में कमी की समस्या को अवश्य संबोधित करना चाहिए जो स्वास्थ्य प्रशासन व्यवस्था को प्रभावित कर रही हैं। हालांकि सरकार ने सस्ते खाद्यान्नों व रोजगार गारंटी जैसे सामाजिक सुरक्षा उपायों द्वारा शहरी क्षेत्रों में गरीबों की सहायता के प्रयास किए हैं, पर शहरी गरीबों की संख्या आने वाले दिनों में और बढ़ने की आशंका है। ऐसे में सरकार को अपने प्रयासों में बेहतर समन्वय स्थापित करना चाहिए।

# सरकारी प्रतिभूतियों में खुदरा निवेश

### इस केंद्रीकृत व्यवस्था में ग्राहकों को एक ही संदर्भ बिंदु पर शिकायतें करने, दस्तावेज जमा करने, स्थिति का पता लगाने तथा फीडबैक देने का अवसर मिलेगा।



**उत्तम गुप्ता**
(लेखक नीति विश्लेषक एवं स्तम्भकार हैं)




**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने 12 नवंबर, 2021 को भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा दो खोजी ग्राहक-केन्द्रित पहलों की घोषणा की। ये हैं-खुदरा प्रत्यक्ष योजना-आरबी-आरडीएस तथा रिजर्व बैंक समन्वित आम्बुड्समैन योजना-आरबी-आईओएस। आरडीएस का उद्देश्य मुख्यतः खुदरा निवेशकों को बढ़ावा देना है जिनमें मध्य वर्ग, कर्मचारी, छोटे बिजनेसमैन तथा वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। उनको मेहनत से मिली अपनी बचत तथा अतिरिक्त आमदनी को सरकारी प्रतिभूतियों में 'सीधे' निवेश का अवसर मिलेगा जिससे पूंजी बाजारों में 'पहुंच आसान' होगी तथा निवेश के 'ज्यादा सुरक्षित' होने की गारंटी होगी। आरबी-आईओएस का लक्ष्य ग्राहकों के लिए शिकायत समाधान व्यवस्था बनाना है। ये योजनायें क्या हैं? ये अपने लक्षित उद्देश्यों को कैसे पूरा करेंगी? इनकी सफलता की क्या संभावनायें हैं? आरबी-आरडीएस व्यक्तिगत निवेशकों द्वारा केन्द्र सरकार की प्रतिभूतियों, जैसे ट्रेजरी बिल, डेटेड सिक्यूरिटीज़, सावरेन गोल्ड बांडों तथा राज्य सरकारों की प्रतिभूतियों में निवेश का 'वन स्टेप' समाधान पेश करती है। इस योजना के अंतर्गत खुदरा निवेशक आरबीआई में 'खुदरा प्रत्यक्ष गिल्ट खाता'-आरडीजी खोल सकता है। इसे इस उद्देश्य से शुरू किए 'आनलाइन पोर्टल' द्वारा खोला जा सकता है। ग्राहक के पास भारत में एक रुपया बचत बैंक, आयकर विभाग द्वारा जारी पैन, केवाईसी मानक पूरा करने वाला कोई आधिकारिक रूप से वैध दस्तावेज, वैध ईमेल तथा पंजीकृत मोबाइल नंबर होना चाहिए। 'आनलाइन पोर्टल' खुदरा निवेश को सरकारी प्रतिभूतियों के जारी होने पर पहुंच सुनिश्चित करेगा। इसके साथ ही वह आरबीआई के ट्रेडिंग प्लेटफार्म नेगोशियेटेड डीलिंग सिस्टम-आर्डर मैचिंग सेगमेंट या एनडीएस-ओएम के माध्यम से द्वितीयक बाजार में भी आंकलन के बाद निवेश कर सकता है। एनडीएस-ओएम एक स्क्रीन आधारित स्वतः एलेक्ट्रानिक आर्डर मैचिंग व्यवस्था है जिससे द्वितीयक बाजार में सरकारी प्रतिभूतियों में व्यापार किया जा सकता है। निवेशकों को आरडीजी एकाउंट से जुड़े अपने बैंक खाते में ब्याज व परिपक्वता लाभ प्राप्त होंगे। इसके लिए उनको पोर्टल पर आने व सुविधायें पाने के लिए कोई फीस नहीं देनी होगी। हमें इस पृष्ठभूमि में मूल्यांकन करना होगा। अब तक सरकारी प्रतिभूतियों या जी-सेक बाजार खुदरा निवेशकों के लिए लगभग बंद था, जबकि संस्थागत निवेशक, जैसे बैंक, बीमा कंपनियां, म्यूचुअल फंड, आदि का इस बाजार में प्रभुत्व था जो पांच करोड़ या इससे अधिक निवेश कर सकते थे। पहले नियामकों ने जी-सेक को एनएसई, गोबिड एप या खुदरा कर्ज बाजार-आरडीएम के माध्यम से लोकप्रिय बनाने का प्रयास किया, लेकिन तरलता की कमी से इनके इच्छित परिणाम नहीं मिले। इसके अनुसार प्राथमिक नीलामियों में गैर-प्रतियोगी बोलियों, खुदरा निवेशकों के लिए एग्रीगेटर या फैसिलिटेटर के रूप में सर्राफ को अनुमति तथा एनडीएस-ओएम को ओड-लाट सेगमेंट में प्रवेश की अनुमति जैसे कदम उठाए गए थे। इन परिवर्तनों से तत्काली व्यवस्थाओं में एक विशेष खिड़की तो खुली थी, पर इसका ज्यादा लाभ नहीं मिला था। इस कारण आरबीआई ने प्राथमिक व द्वितीयक खुदरा निवेशकों के लिए जी-सेक बाजार में प्रतिबद्ध आनलाइन प्लेटफार्म पर विचार किया। उनको आरबीआई में गिल्ट सिक्यूरिटीज़ खाते खोलने की सुविधा दी गई। भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने फरवरी, 2021 की मौद्रिक नीति समीक्षा में 'प्रत्यक्ष खुदरा' की घोषणा की थी। हाल में मोदी ने मूलतः इसी योजना की घोषणा की है। इससे लाखों छोटे निवेशकों को 'सीधे' निवेश की सुविधा मिली है, भले ही वे देश के चाहे जिस सुदूर क्षेत्र में रहते हों। इसके लिए न्यूनतम सीमा 10,000 तथा अधिकतम 2 करोड़ है। इसमें विभिन्न आयवर्ग के लोग शामिल हैं जिनको जी-सिक्यूरिटीज़ में व्यापार करने के लिए संस्थानों के माध्यम से नहीं आना पड़ेगा तथा फीस व कमीशन देने के झंझट से मुक्ति मिल जाएगी।

जहां अन्य माध्यमों से निवेश सुरक्षित नहीं होता है, वही इस योजना से उनको एक 'सुरक्षित' व 'सुनिश्चित' आयाम में निवेश का अवसर मिलेगा। संप्रभु गारंटी के कारण निवेशक को परिपक्वता पर 'पूरी' निवेश धनराशि तथा गारंटी किया ब्याज मिलना सुनिश्चित है। लेकिन इसमें निवेशक बहुत तेजी से नहीं आएंगे। कारण यह है कि जी-सेक से आय वर्तमान में 6.2 प्रतिशत है जो अनेक लघु बचत योजनाओं-एसएसबी से छोटे निवेशक को मिलने वाले लाभ से काफी कम है। उदाहरणार्थ, एक वरिष्ठ नागरिक को प्रधानमंत्री वय वंदन योजना में निवेश से 8.3 प्रतिशत या वरिष्ठ नागरिक बचत योजना में निवेश से 7.4 प्रतिशत आय होती है। यहां तक कि 60 वर्ष से कम आयु वालों के लिए पब्लिक प्रोवीडेंट फंड-पीपीएफ, राष्ट्रीय बचत प्रमाणपत्र-एनएससी आदि योजनायें हैं जहां 7.1 प्रतिशत व 6.8 प्रतिशत लाभ मिलता है जो जी-सेक से अधिक है। लघु बचत योजनाओं-एसएसएस से मिलने वाले अधिक लाभ का कारण सरकार द्वारा इन उपकरणों को दी जाने वाली सब्सिडी है, जबकि जी-सेक में ब्याज दरें बाजार द्वारा निर्धारित हैं। सब्सिडी का मुख्य उद्देश्य जोखिम वाले समूहों का व्यापक कल्याण है, और इसे वापस लेने की उम्मीद भी नहीं है। उदाहरणार्थ, इनमें वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं जिनके पास आय का कोई नियमित साधन नहीं है और वे पूरी तरह अपनी एकत्रित बचत के लाभ पर निर्भर हैं। ऐसे में आरबी-आरडीएस के प्रति आकर्षण क्यों पैदा होगा? एसएसएस या आयकर से राहत वाले अन्य उपकरणों में निवेश करने वाले सीमित बचत वाले लोगों के अलावा अन्य लोगों का भी एक बड़ा समूह है जिसे अक्सर हाई नेटवर्थ व्यक्ति-एचएनआई कहा जाता है। उनके पास औपचारिक श्रेणियों में पूरी तरह निवेश के बाद भी बड़ी मात्रा में पैसा बचा रहता है। हालांकि, एचएनआई सामान्य रूप से ज्यादा मुनाफे के लिए लालायित होते हैं और शेयर बाजार में निवेश करते हैं, पर उनकी बड़ी संख्या मुनाफा कम होने पर भी 'सुरक्षित' व 'सुनिश्चित' विकल्पों पर गौर करती है। आरबी-आरडीएस पर जी-सिक्यूरिटीज़ में निवेश सरल है तथा यह आसानी से इन निवेशकों की पहुंच सुनिश्चित करता है। यह सरकार के दृष्टिकोण से भी ठीक है जिसे एक्सप्रेसवे, राजमार्गों, रेलवे, बंदरगाहों, आदि ढांचागत परियोजनाओं में दीर्घकालीन निवेश के लिए पूंजी की आवश्यकता है। लेकिन उसे जी-सेक को कर लाभ विस्तारित करने के लालच से बचना होगा, नहीं तो यह म्यूचुअल फंड योजनाओं, आरबीआई फ्लोटिंग रेट बांडों, एसएसएस, आदि से कर लाभ हटाने का मामला बन जाएगा। यह पहल 'एक देश-एक आम्बुड्समैन' की भावना पर आधारित है जिसमें ग्राहकों को बस एक पोर्टल, एक ईमेल व एक पता चाहिए। इस पर वे बैंकों, गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों-एनबीएफसी व आरबीआई नियंत्रित अन्य संगठनों से सेवा में किसी कमी की शिकायत कर सकते हैं। इसके साथ ही बैंकिंग, एनबीएफसी व डिजिटल लेनदेन से जुड़ी तीन आम्बुड्समैन योजनाओं का अस्तित्व समाप्त हो जाएगा। इस केंद्रीकृत व्यवस्था में ग्राहकों को एक ही संदर्भ बिंदु पर शिकायतें करने, दस्तावेज जमा करने, स्थिति का पता लगाने तथा फीडबैक देने का अवसर मिलेगा। संस्थान तथा उसका कार्यालय या शाखा चाहे जो हो तथा खाता खोलने वाले ग्राहक का स्थान तथा शिकायत की प्रकृति, आदि चाहे जो हो, उसे केवल अपना लैपटाप खोल कर केवल सूचनायें देनी होंगी। इससे उसे वर्तमान व्यवस्थाओं के अंतर्गत होने वाले झंझटों से मुक्ति मिल जाएगी। केंद्रीकृत व समन्वित व्यवस्था में बड़ी संख्या में डेटा उपलब्ध होने के कारण अधिकारी वित्तीय अपराध रोकने तथा कृत्रिम बुद्धि-एआई व डेटा एनालिटिक्स का प्रयोग कर साइबर धोखाधड़ी रोकने में भी सफल होंगे। संक्षेप में कहा जाए तो भारतीय रिजर्व बैंक की दोनों पहलें प्रमुख सुधार हैं। पहले से लोगों की बचतों को वित्तीय विकास में लगाने का मार्ग प्रशस्त होगा तथा दूसरे से प्रभावी रूप से सेवा में सुधार व उनके धन की सुरक्षा व शिकायत निवारण की सुविधा मिलेगी।

# विभाजित जगत में कॉप-26 का योगदान

"ऐसा पहली बार हुआ है जब किसी सीओपी निर्णय में कोयले का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है"



**वी के बहुगुणा**
(लेखक संसाधन प्रबंध एवं पर्यावरण केंद्र के अध्यक्ष हैं)

ज लवायु परिवर्तन पर हाल ही में संपन्न कॉप-26 बैठक में, विकसित दुनिया हमेशा की तरह विकासशील दुनिया की जमीनी वास्तविकताओं की अनदेखी करते हुए कोयले के उपयोग और जीवाश्म ईंधन पर सब्सिडी को रोकने पर जोर दे रही थी, जो विकास कार्यों की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और गरीबी को कम करने की चुनौतियों का सामना कर रही थी। . हालांकि, भारत और अन्य विकासशील राष्ट्रों के लिए धन्यवाद, अंतिम समझौते ने शब्दों को कम कर दिया और केवल कोयले और जीवाश्म ईंधन के उपयोग को कम करने का वचन दिया।

पेरिस समझौते के अनुसार विकसित दुनिया को विकासशील देशों को अनुकूलन और शमन के अपने लक्ष्यों को पूरा करने के लिए वर्ष 2020 तक सालाना . 100 बिलियन प्रदान करना था। नई तकनीकों और नवोन्मेषी प्रयासों के लिए वित्त की आवश्यकता होती है और जब तक ऐसा नहीं किया जाता है तब तक लक्ष्यों को प्राप्त करना एक पाइप सपना होगा। ग्लासगो घोषणा विशेष रूप से नुकसान और नुकसान पर वादों पर कमजोर है, हालांकि विकसित देश अब 2023 तक 100 बिलियन डॉलर प्रदान करने के लिए सहमत हुए हैं।

वास्तव में, यदि शुद्ध-शून्य उत्सर्जन लक्ष्य 2050 से 2070 तक प्राप्त करना है तो कम से कम . 500 बिलियन सालाना की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, विकसित दुनिया के हठधर्मिता के कारण कार्बन व्यापार के लिए पर्याप्त जगह खोलने की गुंजाइश अभी भी एक मुद्दा है। विकसित दुनिया अतीत में उत्सर्जन के लिए अपनी ऐतिहासिक जिम्मेदारी को पहचानने और स्वीकार करने में विफल रही है और इसके विपरीत प्रत्येक सीओपी में वे विकासशील दुनिया पर अव्यावहारिक परिस्थितियों को चुनने के लिए दबाव डालते हैं। इस प्रकार, इन वार्ताओं में समानता और विभेदक उत्तरदायित्व का प्रश्न हमेशा किनारे कर दिया जाता है। भारत की ओर से प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन प्राप्त करने का प्रस्ताव करने पर कुछ सकारात्मक घोषणाएं की गईं। उन्होंने राष्ट्रीय वक्तव्य देते समय %पंचामृत% अवधारणा की घोषणा की। पीएम ने कहा कि पहला एजेंडा देश की गैर-जीवाश्म ईंधन आधारित ऊर्जा क्षमता को 2030 तक 500 गीगावॉट तक बढ़ाना था।




शमन पर, सीओपी 26 देशों से अगले साल तक 2030 के लिए अपनी जलवायु कार्य योजना तैयार करने के लिए कहता है। 2030 के लिए जलवायु कार्य योजना की महत्वाकांक्षाओं (जैसा कि यह कहता है!) को बढ़ाने के लिए मंत्रियों की बैठकें आयोजित करें। इसने देशों से ईंधन के स्रोत के रूप में कोयले के उपयोग को कम करने और जीवाश्म ईंधन पर अक्षम सब्सिडी को समाप्त करने के लिए कहा। इसने कोयले को चरणबद्ध तरीके से बंद करने और जीवाश्म ईंधन को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने का आह्वान किया। यह पहली बार है जब किसी सीओपी निर्णय में कोयले का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया गया है। इसने अंत में एक बड़ा हंगामा भी किया, जिसमें भारत और चीन के नेतृत्व वाले देशों के एक समूह ने कोयले के संबंध में 'फेज-आउट' शब्द को 'फेज-डाउन' के साथ बदलने के लिए एक संशोधन के लिए मजबूर किया। अनुकूलन पर, इसने विकसित देशों को 2019 के स्तर से 2025 तक अनुकूलन के लिए प्रदान किए जा रहे धन को कम से कम दोगुना करने के लिए कहा। पेरिस समझौता शमन लक्ष्यों के लिए अच्छा था लेकिन अनुकूलन लक्ष्यों पर चुप रहा। शमन प्रयासों के विपरीत जो वैश्विक लाभ लाते हैं, अनुकूलन से होने वाले लाभ स्थानीय या क्षेत्रीय हैं।

विकासशील देशों के आग्रह पर इस घोषणा में अनुकूलन पर वैश्विक लक्ष्य को परिभाषित करने के लिए दो साल के कार्यक्रम का प्रस्ताव किया गया है। नुकसान और नुकसान के लिए विकासशील देशों के आग्रह पर संवाद स्थापित करने पर सहमति बनी है। क्योटो प्रोटोकॉल की समाप्ति के बाद कार्बन बाजार गायब हो गया। ग्लासगो पैक्ट ने विकासशील देशों को कुछ राहत देने की पेशकश की है। इसने इन कार्बन क्रेडिट को 2025 तक देशों के पहले राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों को पूरा करने के लिए उपयोग करने की अनुमति दी है। जलवायु परिवर्तन के लक्ष्यों को तभी पूरा किया जा सकता है जब विकसित दुनिया वास्तविकता को स्वीकार करे और टाल-मटोल करना बंद कर दे। प्रधान मंत्री और पर्यावरण मंत्री को 2070 तक शुद्ध-शून्य उत्सर्जन के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए अभिनव कार्रवाई करने की आवश्यकता है। देश स्तर पर हमें पारिस्थितिक स्थिरता के साथ विकास प्रक्रिया को एकीकृत और अभिसरण करने की आवश्यकता है।

## फरमाया



**एक** नकली केजरीवाल घूम रहा है। मैं पंजाब में जो भी वादा करता हूं, वह दो दिन बाद वही करता है।

**- अरविंद केजरीवाल**
दिल्ली के मुख्यमंत्री



**1 दिसंबर** 2021 से, पूरी तरह से टीकाकृत, पात्र वीज़ा-धारक यात्रा छूट के लिए आवेदन करने की आवश्यकता के बिना ऑस्ट्रेलिया आ सकते हैं।

**- स्कॉट मॉरीसन**
आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री



**मणिपुर** में सत्ता में आने से पहले हमने बंद, हड़ताल और नाकेबंदी खत्म करने का वादा किया था। हमने तीनों को खत्म कर दिया है।

**- अमित शाह**
केंद्रीय गृहमंत्री

## आप की बात



इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल से
pioneer.editorial@gmail.com
पर भी भेज सकते है।

www.dailypioneer.com

## यह तो ब्लैकमेल है भाई!

**आप** चाहते थे कि किसानों के तीन कृषि बिल वापिस हो इसी की लड़ाई के चलते ही यह आंदोलन साल भर तक चलता रहा। कहा जाता था कि इधर बिल वापस ,उधर बॉर्डर खाली। अब प्रधानमंत्री ने अपना दिल बड़ा करके हाथ जोड़कर बिल वापस ले लिया है। अब जिनकी बातें बड़ी-बड़ी थी वह स्वयं बदल गए हैं। राकेश टिकैत लगता है साल भर में राजनीतिज्ञ बन गए हैं एवं उनकी भाषा शैली हि बदल गई है एवं वे नई-नई मांगे मनवाने में लगे हैं। स्वयं प्रधानमंत्री ने कहा है कि एक बार फिर बैठ कर बाकी समस्याओं का हल निकाल लेंगे एवं अभी वैसे भी ठंड बढ़ रही है अतः अपने अपने घर जाएं और खेती का कार्य करें तो वे क्या गलत कह रहे हैं। लगता है राकेश टिकैत को कठपुतली बनाकर विपक्ष अपना खेल खेल रहा है। पिछले से लेकर इस कार्यकाल तक उसका एक तरह से वर्चस्व ही समाप्त हो गया है। अतः किसानों के देश में सबसे मजबूत कंधे होते हैं सो वह उसी का इस्तेमाल कर अपनी पैठ बनाना चाहता है। हमारा अनुरोध है कि देश भर के किसान आगे बढ़कर बॉर्डर खाली करने के लिए अपनी ओर से किसान नेताओं पर दबाव डाले कि पिछले बार की तरह किसानों को इस बार फिर ठंड में परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

**- मनमोहन राजावत,** शाजापुर

## भारत कोई धार्मिक राज्य नहीं!

**ऑल** इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड की कानपुर में हुई 27वीं बैठक में जो प्रस्ताव पारित किए गए, उनमें ईशनिंदा कानून बनाने की मांग भी शामिल है। बोर्ड का कहना है कि देश में पैगंबर मोहम्मद साहब और अन्य पवित्र धार्मिक प्रतीकों का अपमान करने वाली घटनाओं में बढ़ोतरी को देखते हुए ऐसा कानून लाना जरूरी है। आपने एकदम सटीक लिखा है कि हम एक धर्मनिरपेक्ष समाज हैं। बेशक संविधान तमाम नागरिकों को अपने-अपने धार्मिक विश्वासों के अनुसार आचरण करने की स्वतंत्रता भी देता है और नागरिकों के धार्मिक विश्वास का सम्मान भी सुनिश्चित किया जाना चाहिए। लेकिन इसके लिए तमाम कायदे-कानून पहले से मौजूद हैं। कायदे से इस वक्त एक देश एक कानून भारत में लागू करने की आवश्यकता है! क्योंकि यदि समग्र भारतीय संविधान पर प्रत्येक धर्म अपने-अपने कानून लादने की कोशिश करेगा तो संविधान का मूल स्वरूप ही नष्ट हो जाएगा और भारत कोई मुस्लिम राष्ट्र नहीं है जहां ऐसे कानून लागू किए जाएं। और कल से तो वह और अधिक शरिया कानून लागू करने की भी मांग कर सकते हैं! जो कि किसी भी दृष्टिकोण से उचित नहीं है और यह मांग मुट्ठी भर लोगों द्वारा ही उठाई जाती है।

**- सुभाष बुड़ावनवाला,** रतलाम

## नागरिकों की जिम्मेदारी

**हमारे** देश के प्रत्येक नागरिक स्वयं की जिम्मेदारी समझते हुए नदियों, वनों, व्यवस्था के हित में अपना समर्पित व अनुशासित योगदान दें तो निश्चित ही उनके योगदान से केवल नदियों की सफाई होगी, बल्कि हमारे वन भी सुरक्षित रहेंगे। नागरिकों के सुव्यवस्थित व संयोजित रूप से व्यवहार करने से ना केवल कानून व्यवस्था दुरुस्त बनी रहेगी बल्कि यातायात के नियमों का उचित ढंग से पालन करते हुए काम करें तो निश्चित ही सब कुछ पटरी पर आ जाएगा । कोई भी देश बनता है तो देश के नागरिकों से। नदियां गंदी होती है या वनों का विनाश होता है तो उसके लिए नागरिक भी कम दोषी नहीं होते हैं । हम भले ही चीन, जापान, इंग्लैंड, कोरिया, अमेरिका, जर्मनी, ऑस्ट्रेलिया की बातें करें लेकिन वहां के नागरिक अपने कर्तव्यों / अनुशासन को ज्यादा तरजीह देते हैं। सरकार, तंत्र, पर्यावरण विदों के साथ-साथ देश के प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह संकल्प ले ना नदियों को गंदा करें, ना पेड़ पौधों को काटे तभी ये और हम सब सुरक्षित रहेंगे।

**- हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

# पार्षद सूरज बंछोर की सनसनीखेज हत्या का खुलासा करीबन 2 वर्ष पूर्व पुरानी रंजीश बनी हत्या की वजह

■ **आरोपियों से 02 नग देशी कट्टा एवं 04 जिन्दा कारतूस एवं मोटर सायकल बरामद**

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई-03
www.dailypioneer.com



पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक दिनांक 15.11.2021 की रात हथखोज बंधवा तालाब भिलाई 03 के पास किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा हथखोज क्षेत्र के पार्षद सूरज बंछोर की हत्या कर दी थी, एकादशी के दिन करीबन रात 10 बजे घटना की सूचना वरिष्ठ अधिकारियों को मिली, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बद्री नारायण मीणा स्वयं घटना स्थल पर अति.पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव, नगर पुलिस अधीक्षक (पुरानी भिलाई) विश्वास चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक (क्राईम ) नसर सिद्धीकी, थाना प्रभारी पुरानी भिलाई विनय सिंह बघेल सहित सभी आला अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे, पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग ओ पी पाल घटना स्थल पहुंचे, घटना स्थल से पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज दुर्ग ओ पी पाल एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बी एन मीणा के द्वारा आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए घटना कारित करने वाले अपराधियों की पतासाजी हेतु घटना स्थल पर अति. पुलिस अधीक्षक (शहर) संजय ध्रुव के नेतृत्व में घटना स्थल पर कैम्प कर स्थानीय लोगो से पूछताछ कर एवं घटना के कारणों का जल्द से जल्द पता कर आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया। चूंकि स्थानिय पार्षद की हत्या को सभी वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा गंभिरता से लेते हुए अलग-अलग कार्य विभाजन कर अलग-अलग टीमें गठित की गई. नगर पुलिस अधीक्षक ( पुरानी भिलाई) विश्वास चंद्राकर, उप पुलिस अधीक्षक (क्राईम) नसर सिद्धीकी के निर्देशन में गठित टीम द्वारा घटना स्थल निरीक्षण, सीसीटीव्ही फूटेज, घटना स्थल के आस-पास स्थानीय निवासियों से पूछताछ एवं तकनिकी विश्लेषण कर सायबर टीम को आरोपियों की धर पकड़ हेतु निर्देशित कार्य आरंभ किया।



गठित टीम निरीक्षक विशाल सोन एवं निरीक्षक जितेन्द्र वर्मा की टीम द्वारा घटना स्थल से लेकर आरोपियों के हर संभावित स्थानों के सीसीटीव्ही फूटेज खंगाले गये एवं उनका बारिकी से विश्लेषण किया गया, निरीक्षक बृजेश कुशवाहा एवं निरीक्षक दुर्गेश शर्मा की टीम द्वारा घटना स्थल के आसपास के निवासी एवं मृतक के परिवार जनो एवं दोस्तो व घटना स्थल पर मृतक सूरज के साथ देखे गये उनके करीबी दोस्तो का कथन लिया गया, निरीक्षक गौरव तिवारी एवं सायबर टीम द्वारा तकनीकी विश्लेषण किया गया, निरीक्षक विनय सिंह बघेल एवं टीम द्वारा घटना स्थल, थाना क्षेत्र एवं स्थानीय मुखबीरो को सक्रिय कर घटना से संबंधित छोटी से छोटी सूचना को संकलित कर अपराधियों की पतासाजी की जाने लगी।

विवेचना के दौरान स्थानीय मुखवीरों से मृतक सूरज बंछोर के साथ विगत कुछ सालो से अलग-अलग लोगो से विवाद होने की जानकारी गठित टीम को प्राप्त हुई, गठित टीम द्वारा ऐसे सभी लोग जिनसे मृतक का विवाद हुआ था उनके संबंध में जानकारी प्राप्त की गई जिसमें एक महत्वपूर्ण सूचना प्राप्त हुई । विगत 02 वर्ष पूर्व संदेही दिनेश पाल उर्फ दीनू के साथ मृतक का विवाद एवं मारपीट है तथा घटना के बाद से दीनू पाल अपने निवास स्थान में उपस्थित नहीं है। जिस संबंध में दीनू पाल एवं उसके करीबी दोस्तों की पतासाजी की गई जो कि घटना के बाद से फरार थे तद्उपरांत तकनीकी विश्लेषण के उपरांत संदेहियों के जांजगीर चांपा में छिपे होने की सूचना प्राप्त हुई, तत्काल सउनि राजेश पाण्डेय के नेतृत्व में आर. संदीप सिंह, सत्येंद्र मंढरिया, रिंकू सोनी, शहबाज खान को जांजगीर चांपा के लिए रवाना किया गया जहां से स्थानीय थाना शक्ती थाना प्रभारी रूपक शर्मा से संपर्क कर संयुक्त टीम द्वारा 03 संदेहियों को गिरफ्तार किया गया एवं 01 अन्य संदेही को हथखोज क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

गठित टीम के पूछताछ के दौरान पूछताछ के दौरान जानकारी प्राप्त हुई कि मृतक सूरज का दीनू पाल से कई कारणो से विवाद था। डेढ़ वर्ष पूर्व मनोज चौधरी एवं आशिक विश्वकर्मा ने विवाद के कारण दीनू पाल को मारपीट कर घायल कर दिया था। इस घटना के बाद से दीनू पाल से मनोज एवं आशिक को सबक सिखाना चाहता था। सूरज, मनोज व आशिक को सर्पोट करता था। दीनू पाल कुछ माह पूर्व अवैध कटटा रखने के आरोपी में गिरफ्तार हो चुका था। आरोपी के अनुसार कटटा सूरज बंछोर का ही था जिसे मृतक ने दीनू पाल को रखने के लिए दिया था।

### आरोपी

1. दीनू उर्फ दिनेश पाल पिता स्व. गजेन्द्र पाल उम्र 41 वर्ष साकिन खुर्सीपार बालाजी नगर
2. उत्तम सोना पिता पुरूषोत्तम सोना उम्र 35 वर्ष साकिन खुर्सीपार उड़िया बालाजी नगर बस्ती मुबारक किराना स्टोर के पीछे
3. दीपक उर्फ भूरू साहू पिता स्व. वनमाली साहू उम्र 32 वर्ष साकिन पुरानी बस्ती छावनी सरकारी कुंआ के पास
4. लोकेश साहू पिता विश्राम साहू उम्र 20 वर्ष पता गांधी चौक हथखोज भिलाई 03
5. मोहन

### जब्त सामान

1. 02 नग देशी कट्टा एवं 04 जिन्दा कारतूस
2. हत्या में प्रयुक्त धारधार कटार एवं गुप्ती
3. अपराध में प्रयुक्त 02 मोटर सायकल

## चरोदा से महंगाई के विरोध में जन जागरण पदयात्रा निकाला गया



पायनियर संवाददाता ◄ चरोदा
www.dailypioneer.com

जिला कांग्रेस कमेटी दूर ग्रामीण एवं ब्लॉक कांग्रेस कमेटी भिलाई चरोदा के संयुक्त तत्वाधान में चरोदा काली मंदिर से महंगाई के विरोध में जन जागरण पदयात्रा निकाला गया। यह पदयात्रा काली मंदिर चरोदा से प्रारंभ हुई जो कि पंचशील नगर, चरोदा बस्ती, चरोदा भाठा, हनुमान मंदिर, बस स्टैंड, रेलवे कॉलोनी, जोन 1 चिल्ड्रन पार्क, इंदिरा नगर, प्रगति नगर, समता कॉलोनी, ज्योति स्कूल से जैन मंदिर के पास समापन हुआ। इस पदयात्रा में खनिज विकास निगम के अध्यक्ष गिरीश देवांगन शामिल हुए। पदयात्रा का नेतृत्व दुर्ग ग्रामीण जिलाध्यक्ष निर्मल कोसरे ने किया। गिरीश देवांगन ने कहा कि जब से देश में मोदी की सरकार बनी है तब से महंगाई चरम पर है। पेट्रोल एवं डीजल की कीमत आसमान छू रही है, गैस सिलेंडर के बेतहाशा बढ़ोतरी से गृहणियों को रसोई चलाना दुभर हो गया है।

जिलाध्यक्ष निर्मल कोसरे ने कहा कि मोदी सरकार को देश की जनता से कोई लेना-देना नहीं मोदी सरकार भारत की जनता की सरकार नहीं बनकर, चंद लोगों की सरकार के रूप में काम कर रही है, देश में बढ़ती हुई महंगाई से लोगों का जीना दूभर हो गया है, इसके विरोध में जन जागरण पदयात्रा निकाला गया। ताकि लोगों के बीच मोदी के जनविरोधी नीतियों को बताया जा सके। इस पदयात्रा में ब्लॉक अध्यक्ष मनोज मढरिया, पप्पू चंद्राकर, डॉ बालमुकुंद वर्मा, मोहन साहू, बीएन राजू, सुजीत बघेल, अशफाक अहमद, युवराज कश्यप, मोहम्मद आमिर, इंद्रजीत यादव, सेवक वर्मा, कुमुंद मढरिया, विटामिन वर्मा, कलिंदरी नायक, तारकेश्वरी साहू, पूजा सिंह, संतोषी निषाद, दीपा चंद्राकर, किरण नायडू, कुंती लहरें, दुलारी वर्मा, वर्मा, सीमा शर्मा, एम सुनीता, उपासना उपाध्याय, सीमा ठाकुर, कुमारी दीक्षा पांडे, बलराम साहू, विनोद निषाद, बालक साहू, संतोष तिवारी, आशीष वर्मा, धर्मेंद्र कोसरे, लुकमान अहमद, अनिल सिन्हा, जीत सिंह, आशीष बंजारी, आनंद, विनोद प्रसाद, वेंकटरमना, डे साहब वर्मा, तौहीद खान, उपेंद्र पाल, भागीरथ निर्मलकर, गुड्डू यादव, राकेश साहू, छन्नू बंजारे, टीपेश साहू, भागवत, कामता साहू, भूपेंद्र साहू आदि उपस्थित रहे।

## 6 माह से अधिक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित सहायक ग्रेड-03 आचिका बसोना को कार्य में उपस्थित होने के निर्देश

■ **एडीएम विनायक शर्मा ने जारी किया कारण बताओ नोटिस**

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

संयुक्त कलेक्टर विनायक शर्मा ने अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित कु. आचिका बसोना, सहायक ग्रेड-03 तहसील कार्यालय डौंडीलोहारा को कारण बताओ नोटिस जारी कर सूचना प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर अपने कार्य पर उपस्थित होने के निर्देश दिए हैं। जारी नोटिस में कहा गया है कि बिना किसी सूचना व अनुमति के अनवरत छह माह से अधिक अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित रहने के कारण आपको कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत करने व अपने कार्य पर तत्काल उपस्थित होने के लिए निर्देशित किया गया था, लेकिन आज पर्यन्त अपने कार्य पर उपस्थित नहीं हुए और ना ही समक्ष में उपस्थित होकर जवाब प्रस्तुत किए हैं। आपके द्वारा शासकीय आदेशों, निर्देशों का अवहेलना किया गया। यह कृत्य पदीय दायित्व एवं कर्तव्यों के प्रति घोर लापरवाही उदासिनता एवं स्वेच्छाचारिता तथा कदाचरण को प्रदर्शित करता है, जो छग सिविल सेवा (आचरण) नियम 1965 के नियम 3 व 7 के स्पष्ट उल्लंघन हैं। अतः सूचना प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर अपने कार्य पर उपस्थित होवें अन्यथा छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण तथा अपील) नियम 1966 के नियम 10 के तहत् शासकीय सेवा से हटाया, पदच्युत किया जाएगा। जिसके लिए आप स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने किया स्वच्छता का हैट्रिक

■ **महोत्सव कार्यक्रम में महापौर, आयुक्त और सभापति को स्वच्छ्ता चित्र और 3 स्टार अवार्ड से किया सम्मानित**

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा रायपुर के बेबिलान होटल इंटरनेशनल में आयोजित कार्यक्रम स्वच्छ्ता का हैट्रिक महोत्सव में नगर निगम दुर्ग को पूरे देश में छठवां स्थान दर्ज करने पर सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज को पहली बार प्रतियोगिता में शामिल किया गया है। जिसका परिणाम सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में नगर निगम को छठवां स्थान प्राप्त हुआ है।मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने नगरीय प्रशासन मंत्री शिवकुमार डहरिया, के मौजूदगी में दुर्ग निगम को स्वच्छता के चित्र और 3 स्टार अवार्ड देकर महापौर धीरज बाकलीवाल, आयुक्त हरेश मंडावी का सम्मान किया गया।

इस मौके पर सभापति राजेश यादव, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी हमीद खोखर, भोला महोविया, स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान और पीआईयू शेखर वर्मा मौजूद थे। साथ ही दुर्ग निगम के सफाई मित्र स्वच्छ्ता दीदी दीपा जोशी और करण साहू के कार्यो की प्रशंसा करते हुए उन्हें भी सम्मानित किया गया। सफाई मित्र सुरक्षा चैलेंज में नगर निगम दुर्ग द्वारा मुख्य सेप्टिक टैंक की सफाई, मल का उचित निपटान को प्रमुखता दी गई। जिसके लिए सफाई कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण प्रदान किया गया। जिसके अंतर्गत टॉयलेट की सफाई के लिए वेक्यूम एम्पीटियर की व्यवस्था है। कर्मचारियों के लिए सेफ्टी जैकेट, सेफ्टी ग्लब्स, हेलमेट, प्रदान किया गया है। इस मौके पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अर्बन थीम लॉन्च किया। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि बहुत खुशी की बात है कि स्वच्छता के मामले में नम्बर वन बने हुए है।दुर्ग नगर निगम इस सफलता में पूरे देश मे 83 से 17 वां रैंक लाई है और स्वच्छ सर्वेक्षण में पहली बार गार्बेज फ्री सिटी के लिए भी 3 स्टार रेंटिंग पुरस्कार किया गया इसके लिए निगम महापौर, आयुक्त समेत जनप्रतिनिधियों, अधिकारी, कर्मचारियों के अलावा सफाई मित्र स्वच्छ्ता दीदियों का बड़ा योगदान है।

## दोषियों पर कार्यवाही एवं मृतक को शहीद का दर्जा दिलवाने की मांग

पायनियर संवाददाता ◄ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ वन कर्मचारी संघ बालोद के पूर्व महामंत्री अजय आष्टीकर ने महाराष्ट्र के चन्द्रपुर जिले के ताडोबा अन्धारी बाघ अभ्यारण्य में एक बाघिन द्वारा महिला वन रक्षक स्वाती दूमाने जो टीएटीआर के मुख्य क्षेत्र में कोलारा वन रेंज मे पदस्थ थी, को मारने की घटना को दुखद बताते हुए अखिल भारतीय वन कर्मचारी संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश मिश्रा से इस घटना को संज्ञान में लेते हुए दोषियो के ऊपर कार्यवाही किये जाने एवं मृतक को शहीद का दर्जा दिलाने की मांग की हैं।

क्योंकि बाघ अभ्यारण्य होने के बावजूद मात्र 3 व्यकितयो को बिना सुरक्षा साधनो के बाघ आंकलन में जाने देने की अनुमति देना घोर लापरवाही दर्शाता है।

साथ ही प्रदेश अध्यक्ष मूलचंद शर्मा से भी निवेदन किया हैं कि सरगुजा की घटना जिसमे वनविभाग के चौकीदार शोभनाथ गोंड एवं उनके पुत्र की जो निर्मम हत्या हुई है उसके लिए विभागीय पहल कर वन चौकीदार को शहीद का दर्जा दिलाएं। पूर्व महामंत्री आष्टीकर ने कहा है कि इस संबंध में जिला अध्यक्ष से विस्तार से चर्चा हुई है। जिला अध्यक्ष कृष्णापुरी गोस्वामी ने तुरंत पत्राचार दोनो मुद्दो पर सार्थक प्रयास करने का भरोसा दिलाया है। एवं कहा है कि इस संबंध में राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश अध्यक्ष से मिला जायेगा।

## सभापति राजेश यादव ने केक काटकर मनाया जन्मदिवस और खिलाया गरीबों को भोजन

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com







सभापति राजेश यादव के जन्मदिवस पर विधायक अरुण वोरा, महापौर धीरज बाकलीवाल, कॉग्रेस वरिष्ठ नेता प्रदीप चौबे, लक्षण चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रतिमा चंद्राकर, क्षितिज चंद्राकर, संजय कोहले, ऋषभ जैन, हमीद खोखर, मनदीप सिंह भाटिया, सत्यवती वर्मा, समेत पार्षदगण और एल्डरमेन के अलावा ब्लाक कांग्रेस के अध्यक्षो और कार्यकर्ताओं ने सुबह से उनके निवास मे पहुँचकर फूल मालाएं व केक काटकर जन्मदिन कि बधाई और शुभकामनाएं देकर उनके उज्वल भविष्य की कामनाएं की।

नगर निगम सभापति राजेश यादव ने कहा स्टेशन पर गरीब असहाय लोगो की सेवा सबसे बड़ी मानव सेवा है इस सेवा कार्य में सदैव सहयोग किया जाता है।मानवता के इस सेवा कार्य में अपने जन्मदिवस पर मैने भी जरुरतमंदों के बीच उपस्थित होकर उनके साथ केक काटा और उन्हें भोजन भी कराया।

सभापति राजेश यादव के जन्मदिवस के अवसर पर सोमवार 22 नवंबर को नगर निगम सभापति कक्ष, गंजपारा, शिक्षक नगर स्टेडियम और अन्य जगहों पर सभापति राजेश यादव जी का जन्मदिवस बड़े धूमधाम से मनाया गया। गंजपारा में अजय शर्मा के निवास में पूर्व महापौर आर.एन वर्मा, वरिष्ठ पार्षद मदन जैन,महामंत्री राजेन्द्र साहू, श्रद्धा सोनी, विजेंद्र भारद्वाज, पार्षद उषा ठाकुर, सतीश देवांगन, काशीराम रात्रे, एल्डरमेन अजय गुप्ता,जगमोहन ढीमर, कृष्ण देवांगन, पूर्व पार्षद कुलेश्वर साहू,राज कुमार साहू, गौड़ ब्राम्हण समाज के अध्यक्ष सुरेश शर्मा, अशोक राठी, महेश टावरी, इलियास चौहान, कन्या ढीमर, मीना पाल, निकिता समेत बड़ी संख्या में मौजूद इस बीच अपनी मंशा के अनुरुप राजेश यादव ने अपना जन्मदिवस कांग्रेस ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी दुर्ग रेल्वे स्टेशन में शहर के गरीब मजदूर, असहाय, महिलाए, बच्चों, विकलांग जनों के बीच मनाया । केक काटकर उन्हें मिठाई भी बांटी । राजेश यादव सभापति अपनी धर्मपत्नि व पूरे परिवार के साथ शहर के उन गरीब मजदूर, असहाय, महिलाए, बच्चों, विकलांग जनों के बीच समय बीताया और उनसे आर्शीवाद प्राप्त किये।



**भिलाई।** संविधान दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय जय भीम मेला समारोह दिनांक 26 नवंबर 2021 को बुद्ध भूमि परिसर कोसा नगर भिलाई मे मनाने की रूपरेखा लिए एक बैठक।

## सत्ता के नशे में मदहोश है सीएम भूपेश, पद की गरिमा का रखें ध्यान : विकास दीवान



**बेमेतरा।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष को लेकर दिए बयान से भाजपा आक्रोशित हो गई है। भाजपा ने इसे आदिवासियों का अपमान बताते हुए मुख्यमंत्री के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वहीं भाजयुमो नवागढ़ मण्डल ने मुख्यमंत्री के बयान के खिलाफ नवागढ़ बस स्टैंड में प्रदर्शन किया और सांकेतिक रूप से पुतला दहन भी किया। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान, मण्डल अध्यक्ष चन्द्रपाल साहू, एससी मोर्चा जिलाध्यक्ष देवादास चतुर्वेदी, महिला मोर्चा जिला महामंत्री मधु रॉय, मण्डल महामंत्री मिन्टू बिसेन व सुरेश साहू, पूर्व पन अध्यक्ष गिरेन्द्र महिलांग, भाजयूमो अध्यक्ष सुरेश निषाद एवं महामंत्री टिकम गोस्वामी व दुर्जन साहू सहित नेतागण उपस्थित रहे। जिला महामंत्री दीवान ने मुख्यमंत्री के बयान की निंदा करते हुए कहा, मुख्यमंत्री का यह बयान दुर्भाग्यजनक है। उनकों अपनी पद की गरिमा का ध्यान रखना चाहिए। दीवान ने कहा कि सत्ता के नशे में मदहोश मुख्यमंत्री भूल गए हैं कि प्रदेश में जिस पार्टी के मुखिया के खिलाफ वे इस प्रकार के शब्दों का इस्तेमाल कर रहे हैं वह आज विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। लोकतंत्र में इस प्रकार के शब्दों का कोई स्थान नहीं है। दरअसल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार में अब गोबर खरीदी घोटाले की शुरुआत हो गई है। राजधानी में जब मीडिया ने मुख्यमंत्री ने इस पर सवाल किया तो उन्होंने तंज कसते हैं कि उनके दिमाग में गोबर भरा है। हम उससे भी बिजली बनवा लेंगे। मुख्यमंत्री के इस बयान के बाद भाजपा की तीखी प्रतिक्रिया सामने आई है। जिसके चलते पूरे प्रदेश में भाजयूमो ने मुख्यमंत्री बघेल का पुतला फूंका।

**पुलिस के साथ हुई झूमाझटकीः** सीएम भूपेश के बयान के खिलाफ भाजयुमो के कार्यकर्ताओं ने नवाग? बस स्टैंड पर विरोध-प्रदर्शन करते हुए जमकर नारेबाजी की। भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष सुरेश निषाद के नेतृत्व में हुए प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने पुलिस को चकमा देते हुए सांकेतिक रूप से पुतला दहन किया।

आभार रैली से पहले गोठान का लोकार्पण

## जोरातराई से रूआबांधा तक ढाई घंटे बाइक चलाते रहे गृहमंत्री

पायनियर संवाददाता ◄ रिसाली
www.dailypioneer.com



नवगठित रिसाली नगर पालिक निगम में हुए विकास और रचनात्मक कार्य के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार जताने निगम क्षेत्र के कार्यकर्ताओं और नागरिक उमड़ पड़े। जोरातराई से शुरू हुई बाइक रैली में 800 से ज्यादा दुपहिया वाहनों का काफि ला था। दुर्ग ग्रामीण विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू स्वयं ढाई घंटे में 15 किलोमीटर का सफ र तय किया। 80 करोड़ से अधिक के विकास कार्य होने पर रिसाली नगर पालिक निगम क्षेत्र में गृहमंत्री के नेतृत्व में आभार रैली निकाला गया। रैली सुबह 11 बजे जोरातराई से शुरू हुई। दुर्ग ग्रामीण विधायक स्वयं बाइक चलाते हुए डुंडेरा, उतई तिराहा होते नेवई, मरोदा, रिसाली, मैत्रीनगर, कृष्णा टॉकिज होते मरोदा सेक्टर और फि र प्रगति नगर रूआबांधा दशहरा मैदान पहुंचे। भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव भी मंत्री के साथ बाइक चलाते नजर आए। रैली के बाद गृहमंत्री ने सभा को संबोधित किया। सभा में सैकड़ों कार्यकर्ताओं के अलावा प्रदेश महामंत्री जितेन्द्र साहू, अरूण सिसोदिया, जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकुंद भाऊ, जिला पंचायत अध्यक्ष शालिनी यादव, निवृत्तमान पार्षद, रिसाली निगम के पूर्व एल्डरमेन समेत युवक कांग्रेस एनएसयूआई व महिला कांग्रेस के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### जगह-जगह किया गया स्वागत

रैली के स्वागत और मुख्यमंत्री का आभार जताने नागरिक स्वतः एकत्र हुए थे। रैली जैसे-जैसे आगे बढ़ती गई काफि ला बढ़ते गया। रिसाली पहुंचते रैली आधा किलोमीटर से भी अधिक लंबा था। लोग उमड़ पड़े थे।

## क्विक न्यूज

### झालर लगाते समय करंट की चपेट में आया युवक



**रायगढ़।** झालर लगाते समय करंट प्रवाहित तार की चपेट में आकर झुलस जाने वाले युवक को राईनो पुलिस ने अस्पताल में दाखिल कराया है। जहां से उचित उपचार हेतु जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की दोपहर करीब 01:30 बजे सरिया राइनों को सरिया बिजली आफिस के पीछे एक युवक के बिजली करंट की चपेट में आने से सरिया राइनो को मेडिकल इमरजेंसी का इवेंट मिला। तत्काल राइनो के ईआरवी वाहन में सरिया थाना का आरक्षक सुरेन्द्र भगत, वाहन चालक सकृतन डनसेना के साथ मौके पर पहुंचा। आहत गोपेश लोहार पिता उधप लोहार लोहार उम्र 21 वर्ष निवासी भिखमपुरा के पीठ का भाग जल गया था, तुरंत आरक्षक द्वारा आहत को ईआरव्ही वाहन से सीएचसी बरमकेला ले जाकर भर्ती कराया गया।

# स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने मुख्यमंत्री युवा केन्द्र का किया निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने मंगलवार को लैलूंगा प्रवास के दौरान यहां जिला प्रशासन द्वारा संचालित मुख्यमंत्री युवा केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां पढ़ाई के लिए आने वाले छात्रों से उनकी पढ़ाई के बारे में चर्चा की। उन्होंने छात्रों को युवा केन्द्र का लाभ लेते हुए लगन व मेहनत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने की बात कही और सभी को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। विधायक लैलूंगा चक्रधर सिंह सिदार व पूर्व सांसद पी.आर.खूंटे भी इस दौरान साथ रहे। निरीक्षण के दौरान स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.टेकाम ने मुख्यमंत्री युवा केन्द्र में छात्रों को उपलब्ध करायी जा रही सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। जिला शिक्षाधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री युवा केन्द्र को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के मार्गदर्शन और उन्हें तैयारी के अनुकूल माहौल उपलब्ध कराने के लिए संचालित किया जा रहा है। यहां विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में उपयोगी किताबों से सुसज्जित पुस्तकालय छात्रों को उपलब्ध कराया गया है। इसके साथ ही यहां छात्रों को इंटरनेट युक्त कंप्यूटर लैब, फोटोकॉपी मशीन भी मुहैय्या करवायी गयी है। जिससे यदि छात्र किसी टॉपिक की ऑनलाइन पढ़ाई करना चाहे या परीक्षा का ऑनलाइन फॉर्म भरना चाहे तो वह इसी केन्द्र से निरूशुल्क कर सके। इसके अतिरिक्त विभिन्न मासिक प्रतियोगी मैग्जीन भी यहाँ नियमित रूप से रखी जाती हैं। शिक्षकों द्वारा छात्रों को मार्गदर्शन दिया जाता है। विकासखण्ड मुख्यालय के साथ आसपास के गांवों के छात्र भी इसका लाभ ले रहे है। मंत्री डॉ.टेकाम ने जिला प्रशासन की इस पहल की सराहना की और अधिक से अधिक छात्रों को इन केन्द्रों से जोडने के लिए कहा।

### स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने घटगांव में नवीन धान उपार्जन केन्द्र का किया शुभारंभ

स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम ने लैलूंगा विकासखंड के घटगांव में नवीन धान उपार्जन केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने ग्रामवासियों को नवीन उपार्जन केन्द्र की बधाई देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में सभी वर्गों के हित में निरंतर कार्य कर रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना से धान के साथ अन्य फसलों के लिए आदान सहायता दी जा रही है। जिससे किसानों को फसलों के बेहतर दाम मिल रहा है। छत्तीसगढ़ सरकार ने मोटे अनाजों के लिए भी समर्थन मूल्य की घोषणा की है। जिससे इन फसलों के उत्पादकों को उनकी उपज की अच्छी कीमत मिले साथ ही मोटे अनाजों के रकबे में भी विस्तार हो। उन्होंने कहा कि वनोपज संग्राहकों को वनोपज के बेहतर दाम मिले इसके लिए वनोपजों के लिए घोषित समर्थन मूल्य का दायरा बढ़ाया गया। तेन्दूपत्ता मानक बोरा की कीमत ढाई हजार से बढ़ाकर 4 हजार कर दिया गया है।



### शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के घर पहुंचकर स्कूल शिक्षामंत्री डॉ.टेकाम ने दी श्रद्धांजलि

स्कूल शिक्षामंत्री डॉ.प्रेमसाय सिंह टेकाम मंगलवार को शहीद कर्नल विप्लव त्रिपाठी के घर पहुंच कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके पिता सुभाष त्रिपाठी और छोटे भाई लेफ्टिनेंट कर्नल अनय त्रिपाठी व परिजनों से मिलकर सांत्वना दी।



## एसडीएम व एसडीओपी ने थाना प्रभारियों, तहसीलदार के साथ कानून व्यवस्था पर की समीक्षा



पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

जनपद पंचायत भवन धरमजयगढ़ में आज एसडीएम धरमजयगढ़ सम्बित मिश्रा द्वारा समयसीमा बैठक में कानून व्यवस्था सहित विभिन्न मुद्दों पर पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों से चर्चा किये। बैठक में एसडीओपी धरमजयगढ़ दीपक मिश्रा, तहसीलदार धरमजयगढ़ उमेश बाज एवं थाना प्रभारी धरमजयगढ़, कापू व चौकी प्रभारी रैरूमाखुर्द उपस्थित थे। इस दौरान अगामी धान खरीदी को लेकर खरीदी केन्द्रों पर व्यवस्था, अवैध धान की आवक रोकने धान कोचियो को कार्यवाही को लेकर रणनीति बनाई गई है ।

बैठक में राजनैतिक या सामाजिक दलों द्वारा बगैर अनुमति प्राप्त कर रैलियां, जुलूस निकालने पर कार्यवाही को लेकर चर्चा किया गया ।ैक्र्च् धरमजगढ़ श्री दीपक मिश्रा बताये कि कोई भी दल, संगठन प्रमुख थाने में सूचना देकर उसे ही अनुमति मानकर कार्यक्रम आयोजित करते हैं जिससे ऐसे कार्यक्रमों में यातायात बाधित होने के साथ ही कार्यक्रम की सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम नहीं होते हैं । बैठक में तय किया गया कि किसी भी प्रकार के आयोजन, रैलियों की अनुमति संबंधी पावती थाना, चौंकियों से नहीं दी जावेगी । आयोजक प्रमुख को एसडीएम अथवा तहसीलदार के कार्यालय से अनुमति प्राप्त कर थाने में सूचना देना होगा, थाने से संबंधित कार्यालय को अभिमत दिया जावेगा । ैक्ड धरमजयगढ़ द्वारा शादी कार्यक्रम में कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने तथा डीजे साउंड वालों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देने कहा गया है । बैठक में आपसी समांजस्य बनाकर जनता के सुविधाओं व सुरक्षा पर कार्य करने को लेकर चर्चा किया गया।

## श्याम संकीर्तन में झूम उठे श्याम प्रेमी, विष्णु पेट्रोल पंप परिसर में हुआ आयोजन

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

शक्ति शहर के बाराद्वार रोड में स्थित विष्णु पेट्रोल पंप परिसर में 23 नवंबर को श्री श्याम संकीर्तन महोत्सव का आयोजन किया गया, इस अवसर पर जहां शहर सहित आसपास के क्षेत्र एवं जिले के अन्य स्थानों से भी काफी संख्या में श्याम प्रेमियों ने पहुंचकर बाबा श्याम के दरबार में मत्था टेका, तथा बाबा श्याम की ज्योत ली, तो वही कोलकाता से पधारे भजन गायक सौरभ शर्मा, गाजियाबाद के प्रशांत सूर्यवंशी एवं इंदौर की अर्पिता पंडित गीते ने अपने मधुर भजनों से बाबा श्याम को रिझाने में कोई कमी नहीं रखी, तथा रात्रि 8.00 बजे से प्रारंभ हुआ श्याम संकीर्तन कार्यक्रम देर रात्रि तक चलता रहा,तथा इस आयोजन में आयोजक परिवार के सभी सदस्य ,महिलाएं, पुरुष एवं युवा भी आगंतुक श्याम प्रेमियों का स्वागत करने में जुटे रहे तो वही इस अवसर पर बाबा श्याम के संकीर्तन को लेकर भंडारा/ प्रसाद का भी आयोजन किया गया जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया, साथ ही आगंतुक श्याम प्रेमियों का भी आयोजक परिवार की ओर से बाबा श्याम का दुपट्टा पहनाकर उनका सम्मान किया गया, वहीं कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक सौरभ शर्मा ने खाटू श्याम जी के भजनों से जहां श्याम प्रेमियों को कड़कड़ाती ठंड के बावजूद बांधे रखा तो वही गाजियाबाद के प्रशांत सूर्यवंशी ने बाबा श्याम की महिमा का वर्णन करते हुए महाभारत युद्ध में बरबरी से लेकर बाबा श्याम की अनोखी महिमा का वर्णन अपने भजनों के माध्यम से करते हुए श्याम प्रेमियों को भावविभोर कर दिया,वही आयोजक परिवार की ओर से भी श्याम संकीर्तन को लेकर भव्य पंडाल एवं आकर्षक साज-सज्जा की गई थी, तो वही आयोजक परिवार के सदस्य रचित अग्रवाल के जन्मदिन के मौके पर भी लोगों ने उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की।



## नपं अध्यक्ष ने स्वच्छता अवार्ड को जनता को किया समर्पित

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



स्वच्छता सर्वेक्षण 2021 में नगर पंचायत शिवरीनारायण को 25000 से कम आबादी के अंतर्गत तीन सितारा शहरों में 35 वां स्थान मिला है।इसके लिए 20 नवम्बर को नई दिल्ली विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छता अमृत महोत्सव में राष्ट्रपति व्दारा नगर पंचायत अध्यक्ष अंजनी मनोज तिवारी को प्रशस्ती पत्र एवं स्मृति चिन्ह भेट कर स्वच्छता अवार्ड से सम्मानित किया है । नगर पंचायत अध्यक्ष ने इस अवार्ड को शिवरीनारायण की जनता को समर्पित किया है।अध्यक्ष का कहना है कि जनता के सहयोग के बिना नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाये रखना नगर पंचायत के लिए संभव नहीं है । शिवरीनारायण की जनता और जनप्रतिनिधि स्वच्छता और पर्यावरण के प्रति काफी जागरूक है। उनके व्दारा नगर में समय-समय पर वृक्षारोपण और स्वच्छता अभियान में दिये गये श्रमदान का ही परिणाम है।कि शिवरीनारायम नगर को सफाई के क्षेत्र में 25000 से कम आबादी वाले पांच सितारा शहरों में 35 वां स्थान मिला है। नगर पंचायत अध्यक्ष तिवारी ने आगे कहा कि नगर पंचायत ने तो केवल व्यवस्था दिया है। नगर को स्वच्छ एवं सुन्दर बनाने का कार्य जनता ने किया है। इसलिए यह अवार्ड भी शिवरीनारायण की जनता को समर्पित है । अध्यक्ष ने नगर पंचायत के सफाई कर्मी और स्वच्छता दीदियों के नगर में प्रतिदिन किये जा रहे साफ- सफाई कार्यों की सहराना करते हुए उनके प्रति भी आभार व्यक्त किया और भविष्य में टेम्पलसिटी शिवरीनारायण प्रदेश का सबसे स्वच्छ एवं सुन्दर धार्मिक नगर बन सके इसके लिए उन्होंने शिवरीनारायण की जनता से नगर पंचायत व्दारा निर्धारित स्थलों पर कचरा डालने, स्वच्छता दीदियों को डोर- टू-डोर सूखा एवं गीला कचड़ा इकठ्ठा करने में मदद करने तथा स्वच्छता हेतु नगर पंचायत व्दारा दिए व्यवस्थाओं का सदुपयोग करने अपील की है।

## अंतर विश्व विद्यालयीन हॉकी स्पर्धा में खेल का हुनर दिखाएंगे खिलाड़ी

**रायगढ़।** नव स्थापित शहीद नंद कुमार पटेल विश्व विद्यालय की हॉकी टीम अंतर विश्व विद्यालयीन हॉकी पुरूष प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बुधवार को अटल बिहारी वाजपेयी विश्व विद्यालय बिलासपुर के तत्वधान में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी।प्रतियोगिता की सहभागिता के लिए दल व्यवस्थापक के रूप में डॉ सौरभ प्रधान तथा प्रशिक्षक के रूप राकेश गढ़ेवाला को नियुक्त किया गया है। विश्व विद्यालय के कुलपति डॉ ललित कुमार पटेरिया तथा कुल सचिव केके चंद्रकार ने टीम को आर्शीवाद दिया और सफल होने की कामना की। हॉकी खिलाड़ियों में विनय यादव, गोविंद यादव, राज कटकवार, पप्पू सारथी, उमा शंकर, रितिक कहरा, बादल गढेवाल, सूरज गढेवाल, लंबोदर चन्द्रेश, अल्फोन्स किन्डो, जेवियर लकड़ा, प्रिंस बड़ा, प्रवीण गढ़ेवाल, अक्षय धिवर, मुकेश केरकेट्टा, अमित खाखा शामिल हैं।



## पीसीसी अध्यक्ष मरकाम ने टेम्पल सिटी शिवरीनारायण में निकाली प्रभात फेरी



पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com

रियल गांधी के नाम से चर्चित हो रहे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने आज तड़के सुबह शिवरीनारायण में बापू के प्रिय भजन रघुपति राघव राजाराम पतित पावन सीताराम के साथ पूरे नगर में भजन मंडली को लेकर प्रभात फेरी निकाली जो मेला ग्राउंड चौपाटी में जाकर संपन्न हुई उन्होंने स्वयं अपने हाथों में झाडू लेकर 1 घंटे तक साफ सफाई कर श्रमदान किया इस दौरान उनके साथ नगर कांग्रेस अध्यक्ष जिला कांग्रेस अध्यक्ष ब्लॉक के पदाधिकारी और नगर पंचायत की टीम मौजूद रहे मरकाम ने कहा कि महात्मा गांधी जी का यह संदेश की कोई भी काम छोटा या बड़ा नहीं होता हमें जनता के हित में अपना जीवन समर्पित करना चाहिए वे बच्चों को मैदान में खेलते हुए अपने आप को रोक नहीं पाए और कुछ समय तक मैदान में उनके साथ क्रिकेट खेल कर क्रिकेट का आनंद लिया तत्पश्चात सब्जी महंगाई के विरोध में मिठाई के पैकेट में सब्जी डालकर वितरण किया गया यहां भी गुरदास मोदी सरकार पर जोरदार हमला करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार को माल ढुलाई भाड़े में कमी करना चाहिए ताकि जनता को महंगाई से राहत मिल सके इस अवसर पर उनके साथ कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ नेता एवं कार्यकर्ता भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## कलेक्टर जनदर्शन में आगंतुकों की सुविधा के लिए आटोमेटिक मशीन प्रारंभ, पर्ची भेजने की आवश्यकता नही

पायनियर संवाददाता ➤ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



जांजगीर-चांपा कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला ने कलेक्टर कार्यालय में जनदर्शन एपाईवमेन्ट मशीन का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने कहा कि यह मशीन कलेक्टर से मिलने और अपनी समस्या बताने आमजनों के लिए सुविधा जनक होगा। मशीन को कोई भी व्यक्ति सरलता से संचालित कर सकता है। आगंतुकों की संख्या अधिक होने पर इस मशीन से क्रम निर्धारित हो जायेगा और मिलने वाले लोगों को जानकारी भी मशीन में सुरक्षित दर्ज रहेगी, यह सुविधा कलेक्टर न्यायालय, एडीएम कोर्ट और सक्ती के एसडीएम कोर्ट में भी प्रारंभ कर दी गई है। कोर्ट में पक्षकारों की पुकार भी इस मशीन द्वारा होगी। इसके अलावा कोर्ट के बाहर डिस्प्ले स्क्रीन लगाया जा रहा है। जिसमें न्यायलयों में प्रकरणों की सुनवाई का क्रम भी प्रदर्शित होगा। पक्षकारों को प्रकरणों की सुनवाई के संबंध में पूछताछ करने की आवश्यकता नही होगी,कलेक्टर जनदर्शन में आगंतुकों को पर्ची भेजने की आवश्यकता नही होगी। सरलता से संचालित होने वाली इस मशीन में आगंतुक अपना नाम, गांव का नाम और मिलने का कारण सलेक्ट करना होगा। यह जानकारी कलेक्टर के टेबल में लगे मशीन पर दिखने लगेगी। कलेक्टर द्वारा अनुमति का बटन दबाते ही कक्ष के बाहर लगे स्पीकर में आगंतुक के नाम का पुकार होगा और आगंतुक कक्ष में जाकर कलेक्टर से अपनी बात कह सकेंगे।

## सामाजिक सौहार्द्र मजबूत है, भाजपा और मोहन भागवत इसे बिगाड़ने का प्रयास कर रहे हैं : मरकाम

पायनियर संवाददाता ➤ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



पदयात्रा के दसवें दिन प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने आज जांजगीर जिले के अकलतरा ब्लाक, पामगढ़ ब्लाक एवं शिवरीनारायण नगर पालिका क्षेत्र में पदयात्रा की। अकलतरा के तिलई गांव में उन्होंने रात्रि विश्राम कांग्रेस कार्यकर्ता राजेन्द्र कौशिक के निवास में किया और सुबह 6.00 बजे तिलई गांव में प्रभात फेरी की, प्रभात फेरी में कांग्रेसी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल रहे, उसके पश्चात् सुबह 11.00 बजे ग्राम खटोला पहुंचकर गोठान का निरीक्षण, किसानों, महिलाओं एवं स्व सहायता के लोगों से चर्चा की। खटोला से रवाना होकर अकलतरा शहर में पोंड़ीभाटा, रेलवे ओव्हर ब्रिज होते हुए 3 किलोमीटर की जनजागरण पदयात्रा में शामिल हुये और अंत में सभा को संबोधित किया, सभा के पश्चात् पामगढ़ में 2 किलोमीटर की पदयात्रा की, फिर शिवरीनारायण पहुंचकर सभा को संबोधित किया। अकलतरा, पामगढ़ एवं शिवरीनारायण की सभा को संबोधित करते हुए मोहन मरकाम ने कहा कि 14 नवम्बर से 24 नवम्बर तक हम सभी लोग हमने नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी, राष्ट्रीय सचिव पुनिया जी के निर्देश पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नेतृत्व में जिला कांग्रेस एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी के संयोजन में पदयात्रा करते हुए जांजगीर जिले पहुंचे हैं, अकलतरा से पदयात्रा प्रारम्भ कर रहे हैं, अकलतरा स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की नगरी है, जिसका आजादी के आंदोलन में भी इतिहास है, वहीं समापन भगवान शिवरीनारायण के स्थल पर हो रहा है, जहां से हम सभी प्रेरणा लेकर महंगाई के खिलाफ लड़ाई लड़ेंगे। महंगाई की चर्चा करते हुए उन्होंने डीजल पेट्रोल की कीमतों में वृद्धि के कारण किसानों के ऊपर पड़ रहे आर्थिक बोझ पर चर्चा की, प्रति एकड़ बोवाई, कटाई और मिसाई का खर्च लगभग दुगुना हो गया है, सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने छत्तीसगढ़ में भाजपा एवं आरएसएस के द्वारा सामाजिक और धार्मिक सौहार्द्र को बिगाड़ने के प्रयास की चर्चा करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ भूपेश बघेल सरकार के नेतृत्व में सामाजिक सौहार्द्र और धार्मिक सौहार्द्र स्थापित करने का काम कर रहा है।

## ताला तोड़ 15 नग मोबाइल की चोरी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

अज्ञात चोरों के द्वारा मोबाईल दुकान का ताला तोड़कर 15 नग मोबाईल चोरी चले जाने के मामले में पीड़ित की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला दर्ज कर प्रकरण को विवेचना में ले लिया है। घटना पूंजीपथरा थाना क्षेत्र की है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 22 नवंबर को अंकित अग्रवाल पिता बिजेन्द्र अग्रवाल उम्र 30 वर्ष निवासी सरला विला के पीछे संजयनगर रायगढ़ द्वारा थाना पूंजीपथरा में उसके गेरवानी स्थित अंकित सेलकाम मोबाईल दुकान में चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराया है। रिपोर्टकर्ता बताया कि उसके पिताजी बिजेन्द्र अग्रवाल दुकान आये थे और रात्रि करीब 08 बजे दुकान बंद कर घर आ गया था। दूसरे दिन 22 नवंबर को करीब 09 बजे दुकान खोलने गेरवानी गया तो देखा कि मोबाईल दुकान का सटर का साईड लाक और सटर में लगा 02 ताला वहीं टुटा पडा था। दुकान अंदर आकर देखा तो 15 नग मोबाईल ओप्पो कम्पनी का नहीं था, कोई अज्ञात चोर चोरी कर ले गया था।

### वायु व रेल मार्ग से आने वाले यात्रियों की दोनों डोज वैक्सीनेशन होने पर नहीं लगेगा उन्हें आरटीपीसीआर जांच

कलेक्टर भीम सिंह द्वारा कोरोना वायरस के सं मण के रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु अन्य राज्यों से रायगढ़ में वायु मार्ग एवं रेल मार्ग से आने वाले सभी यात्रियों को 96 घंटे पूर्व तक आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट अनिवार्य कराने हेतु आदेश जारी किया गया था। उक्त आदेश में संशोधन किया गया है। जारी संशोधित आदेश के तहत ऐसे व्यक्ति जिनके पास कोविड-19 टीकाकरण के दो डोज पूर्ण होने का प्रमाण-पत्र हो, उन्हें आरटीपीसीआर जांच की अनिवार्यता से मुक्त रखा जाए। पूर्व में जारी शेष यात्रियों हेतु 96 घंटे पूर्व तक की निगेटिव आरटीपीसीआर जांच रिपोर्ट की अनिवार्यता समाप्त की जाती है।

## महिलाओं व बच्चों को दी गई अपराधों से बचाव की जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com




महिला एवं बाल अपराधों पर अंकुश लगाने थाना प्रभारियों को पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा उनके थाने के प्रत्येक बीट में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस अधीक्षक के निर्देशों का पालन करते हुए थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक चमन सिन्हा के नेतृत्व में प्रतिदिन थानाक्षेत्र के ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में आशा द होप पतरापाली, रायगढ़ तथा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, धनागर रायगढ़ में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार, महिला हेल्प डेस्क स्टाफ एवं बीट आरक्षकों द्वारा स्कूली बच्चों व महिलाओं को महिला एवं बालकों पर घटित अपराधों की जानकारी दिये, स्कूली बच्चों को गुड टच-बैड टच, आपातकालीन नम्बर डायल-112, बाल हेल्प लाईन नम्बर-1098, साइबर अपराध आदि को विस्तार से बताया गया। साथ ही बताया गया कि यदि उनके साथ कोई भी व्यक्ति अपमानजनक व्यवहार, छेड़छाड़ करता है तो इस तरह की घटनाओं की सूचना तत्काल अपने परिजनों और पुलिस को दें। बच्चों को फेसबुक, वाहटसएप्प जैसी साइटों पर क्या पोस्ट करें क्या नहीं इसकी जानकारी दी गई और यातायात के नियमों का पालन करना बताया गया। कार्यक्रमों में प्रधान आरक्षक प्रेम सिदार के साथ आरक्षक महेश पंडा, संदीप कौशिक, राजेश खांडे, विकास प्रधान, महिला आरक्षक सुनीता लकड़ा की सहभागिता रही है।

## महंगाई के खिलाफ बाराद्वार नगर में निकली जन जागरण पदयात्रा




पायनियर संवाददाता ➤ बाराद्वार
www.dailypioneer.com

देश में बढ़ती महगाई को लेकर कांग्रेस कमेटी के द्वारा 14 से 29 नवंबर तक सभी गांव एवं शहरो में महंगाई के खिलाफ जन जागरण पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा हैं, मंगलवार को बाराद्वार नगर में जिला प्रतिनिधी गुलजार सिंह ठाकुर की अगुवाई में कांग्रेस के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं के द्वारा जन जागरण पदयात्रा निकाली गई, नगर के सभी वार्डो में पदयात्रा भ्रमण करने के बाद पदयात्रा रेस्ट हाउस के पास स्थित सामुदायिक भवन में पहूँचकर संपन्न हुई, इस दौरान सभी वार्डो में पदयात्रा के माध्यम से देश में केन्द्र की मोदी सरकार के कारण महंगाई के खिलाफ नारा लगाया गया एवं प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओ के बारे में बताया गर्या। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत के जिला प्रतिनिधी गुलजार सिंह ठाकुर, राधामोहन राय, दिनेश शर्मा, रूपनारायण साहू, रामअवतार अग्रवाल, अजय सिंह ठाकुर, वंदना दुबे, रूपा यादव, वृंदा बरेठ, अनिल यादव, अभिनंदन केडिया, कुमार सिंह राजपुत एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**मितानिन बहनों को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की संज्ञा दिया गया**

# नपा अध्यक्ष शीबू नायर ने मितानिनों का किया सम्मान

पायनियर संवाददाता < दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



लोक स्वास्थ्य की रक्षा हेतु घर-घर तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने वाली मितानिन बहनों को मितानिन दिवस के अवसर पर नगर पालिका सभागार में नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर के मुख्य आतिथ्य में मितानिन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी के धार के गायन से किया गया, जिसके पश्चात नगर की सभी मितानिन बहनों को, उपस्थित अतिथियों के द्वारा उनके निस्वार्थ सेवा और सहयोग के लिए शाल व श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष शीबू नायर ने मितानिन बहनों को संबोधित करते हुए मितानिन दिवस के अवसर पर बधाई एवं शुभकामनाएं दिया और कहा कि मितानिन बहनों को स्वास्थ्य विभाग की रीढ़ की संज्ञा दिया गया है। हर परिस्थिति में मितानिन बहनें नागरिकों के घरों तक पहुंचकर उन्हें स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराती हैं। कोविड संक्रमण के दौर और टीकाकरण अभियान के सफलता में इनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है। निस्वार्थ भाव से जन सेवा में समर्पित मितानिन बहनों द्वारा नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और कोविड टीकाकरण के प्रेरित करने का कार्य अनुकरणीय है। नपा अध्यक्ष शीबू नायर ने आगे कहा कि नगर पालिका के सभी जनप्रतिनिधि मितानिन बहिनों के सहयोग और वार्डों में किसी भी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए संकल्पित है। कार्यक्रम में विशेष अतिथि के रूप में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष अशोक बाम्बेश्वर ,नगर पालिका उपाध्यक्ष संतोष देवांगन ,जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष संगीता नायर ,मंत्री मीडिया प्रभारी विवेक मसीह ,ब्लॉक कांग्रेस के महामंत्री नवीन कथुरिया ,पीआईसी सदस्य एवं पार्षद रुखसाना बेगम ,रोशन पटेल ,विजय लक्ष्मी ,श्रुति यादव ,चंद्रप्रकाश सिन्हा ,पार्षदगण टी. ज्योति ,शीला भारद्वाज ,सोहद्रा ठाकुर ,प्रमिला पारकर ,ममता नेताम ,स्वप्निल तिवारी ,चंद्रप्रकाश बोरकर ,एल्डरमैन ममता पांडेय ,प्रमोद तिवारी उपस्थित थे।

## खेलों इंडिया में दल्ली राजहरा जिला बालोद के 3 खिलाड़ियों का चयन



**दल्लीराजहरा।** बालोद जिला कलरिपय्ट्टू एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष अनिल खोबरागड़े ने बताया कि केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी खेल योजना खेलो इंडिया में छत्तीसगढ़ प्रदेश के 10 कलरिपय्ट्टू खिलाड़ियों का चयन किया गया है जिसमें से दल्ली राजहरा के तीन खिलाड़ियों का चयन कलरिपय्ट्टू खेल में किया गया है। दल्ली राजहरा की कलरिपय्ट्टू खिलाड़ी कु. उषा चौधरी ,प्रियांशु एवं सादिके दुबे आगामी फरवरी माह 2022 में हरियाणा के पंचकुला में आयोजित खेलो इंडिया की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। बालोद जिला कलरिपय्ट्टू एसोसिएशन ने बालोद जिले के कलेक्टर जन्मेजय महोबे से मुलाकात कर खिलाड़ियों की उपलब्धियों के बारे में बताते हुए स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर कलेक्टर बालोद ने खिलाड़ियों की उपलब्धियों पर खुशी जाहिर कर बधाई दी एवं जिला प्रशासन की ओर से खिलाड़ियों को हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। प्रतिनिधिमंडल में प्रमुख रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश कलरिपय्ट्टू एसोसिएशन के अध्यक्ष लखन कुमार साहू ,महासचिव कमलेश देवांगन, बालोद जिला अध्यक्ष अनिल खोबरागडे ,छत्तीसगढ़ प्रदेश की महिला कोच कु. हरबंस कौर सहित राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु चयनीत तीनों खिलाड़ी कु .उषा चौधरी ,प्रियांशु ,सादिके दुबे उपस्थित थे।

## चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंड्रस्टीज बालोद ने पीएम मोदी के नाम कलेक्टर को सौपा ज्ञापन



**बालोद।** चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज़ बालोद के सदस्यों ने कलेक्टर जनमेजय महोबे को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम ज्ञापन सौपते हुए अमेज़ॉन कंपनी द्वारा कमीशन के लालच में भारतीय ई कॉमर्स प्लेटफार्म का दुरूपयोग कर प्रतिबंधित ड्रग्स बेचे जाने एवं टेक्सटाइल व फुटवियर पर जीएसटी दर 5 से बढ़ाकर 12 किये जाने का पुरजोर विरोध किया गया। चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजू पटेल ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नाम पर कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है, उन्होंने बताया कि कप?ा में भी 5 प्रतिशत से 12 प्रतिशत जीएसटी नोटिफिकेशन जारी हो चुका है। जो की जनवरी तक 12 प्रतिशत जीएसटी लगना शुरू हो जाएगा। ऐसे में इसका सीधा असर ग्राहकों को होगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान मुख्य रूप से बालोद चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष राजू पटेल, मोहन नाहटा, भवानी अग्रवाल, स्वरूप राठी, हंसमुख टुवानी, धीरज पटेल, समीर गुप्ता, संतोष शर्मा, प्रफुल पटेल, डालेश्वर साहू, शम्भू पटेल, संजय जैन उपस्थित रहे।

# केंद्र की योजनाओं को बूथ स्तर तक ले जाएं व शक्ति केन्द्रों को मजबूत बनाएं : सवन्नी

## बेमेतरा भाजपा जिला कार्यसमिति की बैठक

पायनियर संवाददाता < बेमेतरा
www.dailypioneer.com



सोमवार को भारतीय जनता पार्टी कार्यालय बेमेतरा में जिला कार्यसमिति की बैठक सम्पन्न हुई। जिसमें प्रमुख रूप से प्रभारी एवं भाजपा प्रदेश महामंत्री भूपेंद्र सवन्नी शामिल हुए। उन्होंने संगठन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी देने के साथ साथ जिले में अबतक हुए संगठनात्मक गितिविधियो का भी समीक्षा किया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी, पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा, जिला प्रभारी डॉ. अजय राव,प्रदेश मंत्री संध्या परगनिहा, पूर्व मंत्री डीडी बघेल, पूर्व संसदीय सचिव लाभचंद बाफना, पूर्व विधायक अवधेश चन्देल, प्रह्लाद रजक, जिला महामंत्री विकास धर दीवान व नरेंद्र वर्मा एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष अजय तिवारी सहित वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे। सवन्नी ने उपस्थित कार्यकर्ताओं से कहा कि वे केंद्र शासन की योजनाओं को बूथ स्तर तक ले जाएं और शक्ति केन्द्रों को मजबूत बनाएं। उन्होंने संगठनात्मक दृष्टि से चर्चा करते हुए सभी मण्डल अध्यक्षों से वृत्त लिया और आगामी कार्ययोजनाओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए एवं संगठन के कार्यों को मण्डल, बूथों व शक्तिकेन्द्रों तक ले जाने एवं कार्यसमिति में तय एजेंडे के आधार पर जिला मंडल व बूथ स्तर तक कार्यों को आगे बढ़ाने को कहा। साथ ही आगामी 26,27 व 28 नवम्बर को जिले के सभी मण्डलों की कार्यसमिति बैठक की आवश्यक तैयारी के साथ जुटने को कहा। साथ ही सरल पोर्टल को भी जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाध्यक्ष जोशी ने जिला संगठन एवं उनके कार्यकाल में हुए संगठनात्मक गतिविधियों के बारे में विस्तार पूर्वक जनाकारी दी। उन्होंने आगे कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 'खानदान' की चाटुकारिता कर स्वामीभक्ति में खुद को अव्वल बताने के लिए, अपनी कुर्सी बचाने और अन्य राज्यों में कांग्रेस के राजनीतिक स्वार्थ साधने और वोटों की फसल काटने के लिए प्रदेश के खजाने का पैसा लुटा रहे हैं। शासन-प्रशासन के संरक्षण में नशे के सौदागर खुलेआम कानून के राज की धज्जियाँ उड़ा रहे हैं। जिला प्रभारी डॉ राव ने बैठक के पूर्व अपेक्षित श्रेणी की उपस्थिति की समीक्षा की और कहा कि जो संगठन के बैठक को महत्व नहीं देगा उनको स्पष्ट रूप से दायित्व मुक्त अन्य कार्यो में लगाया जाए, यहाँ उसी का स्थान है जो पूरी निष्ठा से पार्टी के लिए निस्वार्थ काम करें। बैठक का संचालन महामंत्री विकास दीवान एवं आभार प्रदर्शन महामंत्री नरेन्द्र वर्मा ने किया।

# धूमधाम से मनाई गई नामदेव जयंती, 56 भोग के साथ मोबाइल एप्प का विमोचन

पायनियर संवाददाता < कवर्धा
www.dailypioneer.com



कबीरधाम जिले में कबीरधाम नामदेव समाज (पंजीकृत) द्वारा संत नामदेव जी की 751 वी जयंती बडी ही धूमधाम से 23 नवम्बर 2021 दिन मंगलवार को सुबह 10 बजे कवर्धा के नामदेव मोहल्ला के विजय नामदेव अजय नामदेव के निवास स्थान से सभी सामाजिक बन्धुवों के उपस्थिति में बेंड बजे गाजे के साथ राधकृष्ण मन्दिर हेतु रवाना हुई, वहां पर कोरोना गाइडलाइन के तहत सभी नियमो का पालन करते हुए, मंदिर पहुचकर वहाँ बिट्ठल व श्री शिरोमणि संत नामदेव जी के तेल चित्र की पूजन के साथ वहाँ स्थित श्री गणेश जी व श्री हनुमानजी के पूजन के बाद भगवान श्री राधा कृष्ण जी के सामने 56 भोग एव वस्त्र के साथ वहां के पुजारी ने मन्त्रोच्चारण के साथ सभी सामाजिक सदस्यो के द्वारा पूजन करने के पश्चात 1 घण्टे का कीर्तन भजन का कार्यक्रम हुआ, उसके बाद रविशंकर नामदेव ने सभी को प्रसाद एवं श्री हनुमान चालीसा का वितरण किया गया वही पर मीडिया प्रभारी की नियुक्ति कृष्णा नामदेव की गयी,एवं अजय नामदेव मनोज नामदेव को युवा संगठन के नियुक्ति के निर्देश जारी हुआ सफल कार्यक्रम के सहयोगी मनोज नामदेव की भी प्रसंसा उपस्थित सदस्यों द्वारा की गई गयी साथ मे अन्य सहयोगी का भी आभार व्यक्त समिति द्वारा किया गया, कार्यक्रम के अंत मे जिला उपाध्यक्ष चन्द्र कुमार नामदेव (चन्द्रा टेलर) ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद बधाई दी गयी, उक्त खबर की विस्तृत जानकारी जिलाध्यक्ष अभिताब नामदेव ने मीडिया को देते हुए बताये की आज हमारे जिले के सामाजिक app का भी शुभारम्भ हो रहा है जिसका लिंक है।

# मोतीपुर में सरस काव्य गोष्ठी के साथ हरीश का हुआ सम्मान



**बेमेतरा।** ग्राम मोतिमपुर (रामपुर) में दिनांक 21/11/2021को मां महामाया सेवा समिति के तत्वावधान एवं राष्ट्रीय कवि संगम बेमेतरा जिला इकाई के संयोजन में सरस काव्य गोष्ठी तथा मासिक बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्रतिमा शरद बंजारे सरपंच थीं अध्यक्षता कमल किशोर शर्मा प्रांतीय समन्वय मंत्री ने की। राष्ट्रीय कवि संगम जिला इकाई बेमेतरा के अध्यक्ष सुनील कुमार झा ने इस अवसर पर उपस्थित श्रोताओं का हृदय से आभार करते हुए कहा कि आज इस ग्राम में कवि गोष्ठी के आयोजन से आपार हर्ष हो रहा है, हमारा यही उद्देश्य है कि हम गांव गांव तक जाकर कविता के माध्यम से जन जागरण का कार्य करें। कमल शर्मा ने जिला इकाई के हरीश 'हर' के द्वारा बेमेतरा के ग्राम तोरण से दिल्ली जाकर राष्ट्रीय मंच पर काव्य पाठ एवं संचालन की जानकारी दी। सरपंच महोदया ने सभी आमन्त्रित कवियों का हार्दिक स्वागत ,सम्मान किया। इस अवसर पर आयोजित काव्य गोष्ठी में जिला इकाई के संयोजक ईश्वर साहू आरूग ने संचालन करते हुए ग्राम के आसपास एवं संपूर्ण जिले से आए कवियों को अपनी रचनाओं की प्रस्तुति के लिए आमन्त्रित किया। उन्होंने स्वयं छत्तीसगढ़ी एवं हिन्दी की ओज की उत्कृष्ट रचनाओं से उपस्थित स्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। काव्यपाठ करने वालों में हरीश हर, कमल शर्मा, सुनील झा,बलराम बल, संकर्षण मिश्रा, पंकज शर्मा, मनीष,लव वारे,ने करतल ध्वनि के बीच शानदार काव्य पाठ किया। यह आयोजन संगम के सदस्य जलेश्वर मानिकपुरी के विशेष प्रयासों से संपन्न हुआ इस काव्य गोष्ठी में चंदन रात्रे, लक्ष्मी नारायण, सुशील, किशन, अजय ध्रुव, मोहन, पवन, सुमित, अनिकेत एवं फुलेश्वर मानिकपुरी ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। देर शाम तक चले इस काव्य गोष्ठी में स्कूली बच्चों सहित बड़ी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित थे इसके अलावा हरीश हर का सम्मान किया गया। साथ ही जिला इकाई का विस्तार करते हुए बलराम बल को उपाध्यक्ष एवं पंकज शर्मा को सचिव का दायित्व दिया गया।

# गढ़बो नवा कुम्हारी परिकल्पना को मिली एक और उपलब्धि

पायनियर संवाददाता < कुम्हारी
www.dailypioneer.com

संपूर्ण राष्ट्र में स्वच्छता का सिरमौर बनने का गौरव एक ओर जहां समस्त प्रदेशवासियों को गौरवान्वित कर रहा है वहीं दूसरी ओर प्रदेश में गोधन न्याय योजना अंतर्गत सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन एवं प्रदर्शन के लिए कुम्हारी नगर पालिका परिषद को पुरस्कृत किया गया जिसका समस्त श्री नगर वासियों को समर्पित करते हुए नगर पालिका परिषद कुमारी अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने सम्मान ग्रहण किया इस अवसर पर उनके साथ मुख्य नगरपालिका अधिकारी जीतेंद्र कुशवाहा कार्यपालन अभियंता हरिकिशन बावरिया एवं गौरव केसरवानी उपस्थित रहे। राजेश्वर सोनकर ने पायनियर से चर्चा करते हुए समस्त नगरवासियों को साथ ही अपनी टीम को विशेष बधाई देते हुए यह भी बताया कि नगर के संपूर्ण विकास हेतु हरसंभव सभी विकल्पों पर पैनी दृष्टि रखकर कार्य योजना बद्ध करने का प्रयास सतत जारी है, क्योंकि कुम्हारी का क्षेत्र राष्ट्रीय राजमार्ग के दोनों और विस्तारित है इसलिए कार्ययोजना भी उसी ढंग से बनाई जा रही है गौठानों को अधिक सुविधा युक्त एवं लाभप्रद बनाने की दिशा में भी तीव्र पहल की जा रही है गोबर से संबंधित नए उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं जिससे स्थानीय महिला समितियों को लाभान्वित किया जा सके। अपने राजनैतिक गुरुदेव मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का हृदय से आभार प्रकट करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में हमारे कुम्हारी क्षेत्र का तेजी से विकास संभव हो सका है जो कि भविष्य में और भी तेज गति से हो सकेगा।

**निधन**

**श्यामा देवी यादव**



**रायपुर।** श्यामा देवी यादव का 90वर्ष की आयु में देहावसान हो गया है। वे बेनीराम यादव, लक्ष्मी यादव, उर्मिला यादव एवम सरोज यादव की माताजी थी। उनकी अंतिम यात्रा रमण मंदिर, फाफाडीह से देवेंद्र नगर, मुक्ति धाम रायपुर के लिए निकली, प्रगतिशील यादव समाज के पदाधिकारियों ने उनके निधन पर शोक व्यक्त किया है।

# यज्ञ से होती है पूरे श्रृष्टि की पुष्टि: बाबा रामबालकदास

पायनियर संवाददाता < थानखम्हरिया
www.dailypioneer.com



यज्ञ होने से अकाल नहीं पड़ता। यज्ञ भगवान प्रकृति को पुष्ट करते हैं। धरती, जल, वायु, गाय सहित समस्त जीवों की गुणवत्ता में वृद्धि होती है तथा ये पवित्र होते हैं। बीमारियॉ दूर होती हैं। सभी व्याधियों, संकटों का शमन होता है। समीपस्थ ग्राम वीरेन्द्रनगर के नागा बाबा देवस्थान में 21 नवंबर को सुरभि महायज्ञ के आयोजन के संबंध में हुयी क्षेत्रवासियों की बैठक में संत रामबालकदास जी ने यज्ञ का महत्व बताते हुये कहा कि अन्न और फल में रस भरने, फूलों को सुगंध देने का काम देवता करते हैं। वर्षा भी देवता करते हैं। देवता स्वयं पुष्ट होकर श्रृष्टि को पुष्टता प्रदान करते हैं। देवतागण यज्ञ के स्वाहा से पुष्ट होते हैं और इन देवताओं को पुष्ट करने की जवाबदारी मानवों की है। जब हम पानी, बिजली, सफायी, संपत्ति आदि का टैक्स भरते हैं तो देवताओं का टैक्स भरने में कंजूसी क्यों। यज्ञ आवश्यक क्यों हैं इस पर प्रकाश डालते हुये बाबाजी ने कहा कि यज्ञ न होने से धरती, जल, वायु, गाय सहित पूरी श्रृष्टि की गुणवत्ता कम हो गयी है। धरती में रासायनिक खाद की उपयोगिता बढ़ गयी है। गोबर खाद, जैविक खाद, केंचुआ खाद का उपयोग न होने से धरती की उर्वरा शक्ति कम हो गयी है। रासायनिक खाद के अंधाधुंध उपयोग से उत्पन्न होने वाली फसल में गुणवत्ता नहीं है इसके उपयोग से कैंसर के मरीज बढ़ रहे हैं। खेती जीवों के पोषण का नहीं बल्कि केवल व्यापार का माध्यम बन गया है। अधिक उत्पादन और धन की चाह में मानवता शर्मशार हो रही है। गो माता के दूध में अनेक प्रकार के विकार देखने को मिल रहे हैं। दूषित घास, पैरा, भूॅसा खाने से उसका असर दूध में दिख रहा है। शुद्ध पानी का अभाव होने लगा है जो अनेक प्रकार की बीमारियों को जन्म दे रहा है। कोरोना से पूरा विश्व जूझ रहा है। बच्चों में अच्छे संस्कार नहीं पनप रहे हैं। लोगों का आध्यात्म की ओर झुकाव कम होता जा रहा है। पूरा पर्यावरण प्रदूषित है। मानवता कलंकित है। वेद मंत्रों का उच्चारण सुनायी नहीं पड़ता। इन सब कारणों से यज्ञ बहुत आवश्यक है। बाबा जी ने कहा पवित्र, सादगी और निष्काम भाव से यज्ञ होना चाहिये। उपस्थित सभी लोगों ने 11 से 15 जनवरी 2022 तक 9 कुण्डीय सुरभि महायज्ञ की सहमति प्रदान की। अनेक लोगों ने अपनी सेवा की भी घोषणा की। इस अवसर पर पी सी लाल साहू, रामकृष्ण साहू, चंद्रशेखर साहू, देवप्रकाश खरे, मालिकराम साहू, कृपाराम साहू, नोहर साहू, कल्याण साहू, धन्नूराम कौशल, विजय कुमार कौशल, रामाधार निर्मलकर, रजऊ यादव, रोमन साहू, रामजस साहू, अरूण साहू, अनिल सिंघानिया, पुसऊ राम लहरे, नीलकण्ठ साहू सहित करीब 25 गॉवों के ग्रामीण उपस्थित थे।

**एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड**
(शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)
AU SMALL FINANCE BANK — A SCHEDULED COMMERCIAL BANK
रजिस्टर्ड ऑफिस: 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर-302001(CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**परिशिष्ट IV (देखें नियम 8(1) कब्जा सूचना)**

जबकि, अधोहस्ताक्षरकर्ता **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 (2002 के नियम 54) और प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 13 (12) के नियम (3) अधिनियम 2002 एवं सपठित नियमों के नियम के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में माँग सूचना दिनांक **13-जुलाई-21** को निर्गमित की जिसमें माँग करते हुए ऋणी **खिलावन राम कुम्भकार (ऋणी), श्रीमती शांति बाई कुम्भकार (सह-ऋणी),** खाता संख्या **L9001060113731814** से नोटिस में वर्णित राशि **2,21,020/- (दो लाख इकीस हजार बीस रुपये मात्र)** कुल देय राशि को इस नोटिस की प्राप्ति की दिनांक से 60 दिनों के भीतर चुकाने के लिये कहा गया था।

ऋणी/बंधककर्ता के वह राशि लौटाने में विफल होने पर ऋणी/बंधककर्ता को तथा सामान्यजन को एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (4) तथा सपठित प्रतिभूति हित प्रवर्तन नियम, 8 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों के अनुप्रयोग में एतस्मिन नीचे वर्णित सम्पत्ति का कब्जा **दिनांक 16 माह नवम्बर वर्ष 2021** को ग्रहण कर लिया है।

ऋणी/सहऋणी/बंधककर्ता को विशिष्टतया और सर्वसाधारण को सामान्यतया एतद् द्वारा सम्पत्ति के साथ व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और सम्पत्ति के साथ कोई व्यवहार रूपये **2,21,020/- (दो लाख इकीस हजार बीस रुपये मात्र) 07-जुलाई-21** तक दिनांक तक तथा आगे का ब्याज एवं कुल भुगतान होने तक की राशि **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक)** के प्रभार के अधीन होगा।

ऋणी का ध्यान प्रतिभूत आस्तियों के मोचन के लिये उपलब्ध समय के सन्दर्भ में अधिनियम की धारा 13 की उपधारा (8) के उपबंधों की ओर आकृष्ट किया जाता है।

**स्थावर सम्पत्ति का विवरण**

बंधक सम्पत्ति का विवरण
रिहायशी/व्यावसायिक प्रॉपर्टी/ भूमि बिल्डिंग/स्ट्रक्चर एवं फिक्सर के सभी अभिन्न अंग **संपत्ति स्थित खसरा संख्या 420, नटेम्पेल पी एच संख्या 10, मगरलोडी पी एच संख्या 10, धमतरी छत्तीसगढ़-493663, क्षेत्रफल 1550 वर्ग फीट है** जो कि **शांति कुम्भकार** के स्वामित्व में है।

**दिनांक : 16-नवम्बर -2021** — **प्राधिकृत अधिकारी**
**स्थान : धमतरी, छत्तीसगढ** — **एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड**

**कार्यालय कलेक्टर (आदिवासी विकास) धमतरी (छ.ग.)**
E-mail - tribal.dhamtari@gmail.com, Phone no.-07722-232142

क्रमांक/4755/आजाक/निर्माण/2021 — धमतरी, दिनांक-18/11/2021

**// संक्षिप्त निविदा आमंत्रण सूचना//**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर प्रपत्र :: अ :: में प्रतिशत दर पर निम्नलिखित कार्य हेतु सहायक आयुक्त आदिवासी विकास धमतरी उपर्युक्त श्रेणी में लोक निर्माण विभाग (एकल पंजीयन ''द'' श्रेणी एवं उच्च) में पंजीकृत ठेकेदारों से दिनांक 15.12.2021 को संध्या 5.00 बजे तक निविदायें अधोहस्ताक्षर कर्ता के कार्यालय में लोक निर्माण विभाग छ.ग. शासन रायपुर द्वारा भवन दर अनुसची जो दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील एवं अद्यतन संशोधन सहित है पर मुहरबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। अमानत राशि सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास धमतरी के नाम से एफ.डी.आर. द्वारा प्रस्तुत करना होगा।

निविदा प्रपत्र क्रय की अंतिम तिथि - 10/12/2021
निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि - 15/12/2021
निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 16/12/2021

| क्र. | कार्य का प्रकार | कार्यों की संख्या | अनुमानित लागत राशि |
|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 |
| 01 | विभागीय छात्रावासों/आश्रमों में लघु निर्माण/अनुरक्षण कार्य हेतु | 14 | 66.93 लाख |
| | योग :- | 14 | 66.93 लाख |

निविदा की शेष शर्ते एवं विस्तृत जानकारी कार्यालय सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास, धमतरी के कार्यालय के सूचना बोर्ड में कार्यालयीन समयावधि में अवलोकन किया जा सकता है।

G-65302/4 — **सहायक आयुक्त**
**आदिवासी विकास धमतरी**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कबीर नगर कॉलोनी, रायपुर में निर्मित **एम आई जी डुपलेक्स** भवन योजना के अंतर्गत भवन क्र. **एमडी-65 फेस-4 में श्री मेसर्स शार्प कन्ट्रोल इन्क्यूपमेन्ट प्रायवेट लिमिटेड द्वारा अतुल एम भैय्या पिता श्री मोहन लाल भैय्या** को भाड़ाक्रय/पूर्णमूल्य आधार पर आबंटित किया गया है। आबंटी द्वारा दिनांक **10/06/2010** को विक्रय विलेख निष्पादित कर लिया गया। आबंटी उक्त भवन के विक्रय हेतु दिनांक **23/09/2021** को निष्पादित विक्रय इकरारनामा की छायाप्रति प्रस्तुत कर भवन **श्री अमरेश सिंह पिता श्री विजय नारायण सिंह** के नाम से विक्रय करने के लिए विक्रय अनुमति की मांग की है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन के 15 दिन के अन्दर समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी।

मुहर — **सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,**
**कबीर नगर रायपुर**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी सक्ती, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ /अनु.वि./नजूल/2021 — सक्ती, दिनांक 22/11/2021

सर्व साधारण नगर सक्ती को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका श्री सुदीपकुमार पिता छेदीलाल अग्रवाल उम्र 32 साल बुधवारी बाजार सक्ती वार्ड क्रमांक 06 सक्ती तहसील सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र के वास्ते धारा 109, 110 छ.ग.भू.रा. संहिता के अंतर्गत नजूल नामांतरण किये जाने बाबत् पेश कर उल्लेखित किया गया है कि नजूल सक्ती शीट क्रमांक 15बी भूखण्ड क्रमांक 86 क्षेत्रफल 205 वर्ग मीटर (2207 वर्ग फीट) भूमि को गीतादेवी पति छेदीलाल ने आवेदक सुदीपकुमार पिता छेदीलाल के पक्ष में हक त्याग रजि. क्रमांक 570 दिनांक 05/08/2021 को करने के कारण गीतादेवी पति छेदीलाल का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम से दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 06/12/2021 तक स्वयं या किसी माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से पेश कर सकते हैं। बाद की दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जाएगी।

ईश्तहार इस न्यायालय के सील मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से दिनांक 22/11/2021 को जारी किया गया।

मुहर — **नजूल अधिकारी**
**सक्ती**

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी एवं नजूल अधिकारी सक्ती, जिला-जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

क्रमांक/ /अनु.वि./नजूल/2021 — सक्ती, दिनांक 22/11/2021

सर्व साधारण नगर सक्ती को सूचित किया जाता है कि आवेदक / आवेदिका श्री सुदीपकुमार पिता छेदीलाल अग्रवाल उम्र 32 साल बुधवारी बाजार सक्ती वार्ड क्रमांक 06 सक्ती तहसील सक्ती जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) के द्वारा आवेदन पत्र के वास्ते धारा 109, 110 छ.ग.भू.रा. संहिता के अंतर्गत नजूल नामांतरण किये जाने बाबत् पेश कर उल्लेखित किया गया है कि नजूल सक्ती शीट क्रमांक 15बी भूखण्ड क्रमांक 89 क्षेत्रफल 115 वर्ग मीटर (1238 वर्ग फीट) भूमि को गीतादेवी पति छेदीलाल ने आवेदक सुदीपकुमार पिता छेदीलाल अग्रवाल के पक्ष में हक त्याग रजि. क्रमांक 569 दिनांक 05/08/2021 को करने के कारण गीतादेवी पति छेदीलाल का नाम विलोपित कर आवेदक के नाम से दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन प्रस्तुत किये जाने पर प्रकरण प्रारंभ किया गया।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो दिनांक 06/12/2021 तक स्वयं या किसी माध्यम से उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति लिखित रूप से पेश कर सकते हैं। बाद की दावा/आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जाएगी।

ईश्तहार इस न्यायालय के सील मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से दिनांक 22/11/2021 को जारी किया गया।

मुहर — **नजूल अधिकारी**
**सक्ती**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-01
सिरपुर भवन, व्यवसायिक परिसर कबीर नगर रायपुर (छ.ग.)
Email Id : eocghbzone1@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मंडल द्वारा कॉलोनी वीर सावरकर नगर हीरापुर रायपुर में निर्मित जनता योजना में से भवन/भूखण्ड क्र. **जनता-1211** में **श्रीमति अनीता वारसने पति स्व. श्री ओम प्रकाश वारसने** को स्ववित्तीय/एकमुश्त/ऑफर आधार पर आबंटित/नामांतरित किया गया है। उनके द्वारा दिनांक **01/03/2016** को लीजडीड/सेलडीड/विक्रय विलेख पंजीकृत करा लिया गया है। मूल आबंटी द्वारा उक्त भवन **श्रीमती श्यामवती विश्वकर्मा पति स्व. श्री रामराज विश्वकर्मा** के पक्ष में दिनांक **23/11/2016** को विक्रय कर दिया।

तदउपरांत क्रेता द्वारा उक्त भवन/भूखण्ड अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र, विक्रय विलेख की छायाप्रति, सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत दस्तावेज के आधार पर उक्त भवन/भूखण्ड क्रेता **श्रीमति श्यामवती विश्वकर्मा पति स्व. श्री रामराज विश्वकर्मा** के नाम पर नामांतरण किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति शासकीय/ अर्द्धशासकीय/ वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखण्ड/भवन के नामांतरण के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आमसूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अन्दर स्वतः उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद में प्राप्त आपत्ति मान्य नहीं की जावेंगी, एवं भवन का नामांतरण आदेश जारी कर दिया जावेगा।

मुहर — **सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-1,**
**कबीर नगर रायपुर**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्र. 315/2021-2022**
**वार्ड का नाम- रानी दुर्गावती वार्ड 50**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि रानी दुर्गावती वार्ड 50 वार्ड स्थित भवन/भूमि **50/39 विमल एवेन्यू** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती आभा पाण्डे W/O श्री राधेश्याम पांडे** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती लता शुक्ला W/O अतुल शुक्ला** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

मुहर — **जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. 10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्र. 314/2021-2022**
**वार्ड का नाम- डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड 52 वार्ड स्थित भवन/भूमि **52/E6 श्री जी वृन्दावन** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती भगवती चेलवानी W/O स्व. रमेश चेलवानी** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती हर्ष कुमार बोथरा S/O फतेह चंद बोथरा, शीतल बोथरा W/O हर्ष कुमार बोथरा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

मुहर — **जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. 10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्र. 317/2021-2022**
**वार्ड का नाम- बाबू जगजीवन राम वार्ड 53**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड 53 वार्ड स्थित भवन/भूमि **53 / हिमालयन हाईटस Flat no. MIG-98 B-5** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती आनंद प्रकाश अग्रवाल S/O किशोर कुमार अग्रवाल** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती किशोर कुमार अग्रवाल S/O स्व. श्री रामेश्वर लाल अग्रवाल** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

मुहर — **जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. 10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)**
जोन क्रमांक-10, अमलीडीह सामुदायिक भवन पानी टंकी के पास
E-MAIL :- rmczone10@gmail.com

**-: इश्तिहार / आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना :-**

**नामांतरण प्र.क्र. 316/2021-2022**
**वार्ड का नाम- बाबू जगजीवन राम वार्ड 53**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि बाबू जगजीवन राम वार्ड 53 वार्ड स्थित भवन/भूमि **53 / B-B-Flat No. 602** जो कि निगम अभिलेख में **श्री/श्रीमती लाल गंगा बिल्डर्स प्रा. लि.** के नाम से दर्ज है, जिसको **श्री/श्रीमती पुरूषोत्तम लाल डागा S/O स्व. शंकर लाल डागा** ने मृत्यु प्रमाण पत्र/ सहमति पत्र/शपथ पत्र/ दान पत्र/ हिब्बानामा/ रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा/बिना पंजीकृत वसीयतनामा/ पंजीकृत बंटवारा नामा / बिना पंजीकृत बंटवारा नामा/ पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत् नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति / संस्था उपरोक्त, स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

मुहर — **जोन कमिश्नर**
**जोन क्र. 10**
**नगर निगम, रायपुर (छ.ग.)**

**कार्यालय सम्पदा अधिकारी,**
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02
शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.) फोन नं.-0771-2436320
Email Id : eocghbzone04@gmail.com

**-: आम सूचना :-**

सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि सामान्य आवास योजनांतर्गत कॉलोनी, दोन्देखुर्द रायपुर में स्थित **सिनि. एल.आई.जी. भवन क्रमांक-566, श्रीमती वंदना तेकाम पिता श्री सुखराम तेकाम,** को ऑफर/स्ववित्तिय/भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित किया गया था। उनके द्वारा दिनांक **07.04.2017** को अपने नाम पर लीजडीड/सेलडीड/**विक्रय विलेख** पंजीयन कराने के उपरांत दिनांक **22.12.2016** को हस्तांतरण विलेख (फ्री-होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त भवन को क्रेता **श्रीमती प्रीति साहू पति श्री प्रहलाद कुमार साहू एवं श्री प्रहलाद कुमार साहू पिता श्री केजूराम साहू** निवासी-42, रावत पारा, ग्राम-मालीडीह, पो-खौली, तह-आरंग, जिला-रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 23.09.2021 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता **श्रीमती प्रीति साहू पति श्री प्रहलाद कुमार साहू एवं श्री प्रहलाद कुमार साहू पिता श्री केजूराम साहू** द्वारा उक्त भवन को (फ्री-होल्ड) पश्चात अपने नाम पर मण्डल अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन के फ्री-होल्ड उपरांत मण्डल अभिलेख में दर्ज के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

मुहर — **सम्पदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल**
**संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर**

# विवादों में प्रभारी मंत्री भगत, भाजपा ने लगाया आचार संहिता उल्लंघन का आरोप, आयोग में हुई शिकायत

## खैरागढ़ क्षेत्र में दौरे पर रहे मंत्री ने कार्यक्रमों में की शिरकत, 20 दिसंबर को होना है मतदान

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



चुनावों के ऐलान के तुरंत बाद ही प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत पर आचार संहिता उल्लंघन के आरोप लग गए हैं। दरअसल, बुधवार को प्रभारी मंत्री खैरागढ़ क्षेत्र के दौरे पर थे। उन्हें यहां कई कार्यक्रमों में शामिल होना था। इससे पहले ही दोपहर 12 बजे चुनाव आयोग ने खैरागढ़ में नगर पालिक निगम चुनावों की तारीखों को ऐलान कर दिया। बावजूद इसके प्रभारी मंत्री ने क्षेत्र का दौरा किया और कई कार्यक्रमों में शिरकत भी की। इसे लेकर भाजपा ने शिकायत भी कर दी है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने प्रभारी मंत्री के दौरे को लेकर आपत्ति करते हुए इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताया है। उन्होंने आरोप लगाया कि आचार संहिता लागू होने के बाद भी प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार खैरागढ़ सहित आसपास के क्षेत्रों में दौरा कर रहे हैं। दौरे के दौरान वे शासकीय वाहनों के अलावा सुरक्षा कर्मी भी उनके साथ निरंतर जा रहे है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाता है। उन्होंने इस पूरे मामले में तत्कालिक कार्रवाई की मांग की है।

गौरतलब है कि जिले के प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत का 24 नवम्बर को राजनांदगांव जिले के प्रवासनिर्धारित था। भगत सुबह 11 बजे से दोहपर 1 बजे तक छुईखदान विकासखण्ड के ग्राम ठाकुरटोला में नवीन धान खरीदी केन्द्र के उद्घाटन कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे। इसके पश्चात प्रभारी मंत्री भगत दोपहर 3.30 बजे तक खैरागढ़ विकासखंड के मंगल भवन में स्वच्छता दीदीयों एवं सफाई कर्मियों का सम्मान समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होते। प्रभारी मंत्री दोपहर 3.35 बजे से दोपहर 4.30 बजे तक विश्राम गृह खैरागढ़ में जनप्रतिनिधियों से भेंट-मुलाकात कर दोपहर 4.35 बजे रायपुर के लिए प्रस्थान करने का कार्यक्रम तय था।

### दो साल की देर से हो रहे चुनाव

राज्य निर्वाचन आयोग ने बुधवार को चुनावों की तारीखों का ऐलान किया है। कोविड महामारी के चलते खैरागढ़ नगर पालिका के चुनाव दो वर्ष देरी से हो रहे हैं। कई दिनों पहले से ही आचार संहिता लागू होने के कयास लगाए जा रहे थे। चुनावों की घोषणा होते ही खैरागढ़ में राजनीति उठापटक शुरु हो गई है। पिछले चुनाव में प्रत्यक्ष प्रणाली से अध्यक्ष और पार्षदों का चुनाव किया गया था। इस बार अप्रत्यक्ष प्रणाली होने के कारण अध्यक्ष का चुनाव पार्षद करेंगे। ऐसे में वार्डों में ही घमासान देखने को मिलेगा।खैरागढ़ के 20 वार्ड में कुल 17 हजार 94 मतदाता हैं। जिसमें 8 हजार 786 महिला और 8 हजार 308 पुरूष मतदाता हैं। 27 नवंबर से 3 दिसंबर तक नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। 4 दिसंबर को नामांकन पत्रों की जांच होगी। तत्पश्चात 6 दिसंबर को नाम वापसी के लिए भी आखिरी मौका होगा। इसके बाद 20 दिसंबर को मतदान होंगे। मतों की गिनती यानी 23 दिसंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

### वार्ड नं. 17 में भी चुनाव

पूर्व महापौर व वार्ड नंबर 17 से पार्षद रहीं श्रीमती शोभा सोनी के निधन के बाद यहां भी उपचुनाव होने हैं। करीब एक साल पूर्व श्रीमती शोभा सोनी के निधन से यह वार्ड रिक्त हो गया था। कोरोना के कारण यहां भी चुनाव नहीं हुए थे। भाजपा नेत्री शोभा सोनी ने कांग्रेस की रीना पटेल को अच्छे मतों से पराजित किया था। इस वार्ड में कुल 4952 मतदाता हैं। जिसमें जिसमें 2530 महिला और 2422 पुरूष मतदाता हैं। मिली जानकारी के मुताबिक समूचे जिले में खैरागढ़ नगर पालिका और राजनांदगांव नगर निगम के वार्ड नं. 17 को मिलाकर दो ही चुनाव होंगे।

# शासकीय नेहरू महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग ने मनाया राष्ट्रीय प्रेस दिवस




■ स्वतंत्रता प्राप्ति में मीडिया के योगदान पर हुआ व्याख्यान

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगढ़
www.dailypioneer.com

शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉकेएलटाण्डेकर के दिशा निर्देशन में 16 नवम्बर को राष्ट्रीय प्रेस दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में वाणिज्य विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ.ईव्हीरेवती उपस्थित थी। कार्यक्रम का शुभारंभ अंग्रेजी विभाग के अतिथि शिक्षक सुनील कुमार द्वारा सभी का स्वागत कर किया गया। तत्पश्चात स्नातकोत्तर के छात्र-छात्राओं द्वारा प्रेस के महत्व पर भाषण की प्रस्तुति दी गई।

मुख्य अतिथि डॉ. ईव्हीरेवती द्वारा प्रेस की महत्ता जानकारी देते हुए बताया गया कि लोकतांत्रिक देशों में विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका के क्रियाकलापों पर नजर रखने के लिये मीडिया को 'चौथे स्तंभ के रूप में जाना जाता है। 18वीं शताब्दी के बाद से, खासकर अमेरिकी स्वतंत्रता आंदोलन और फ्राँसीसी क्रांति के समय से जनता तक पहुँचने और उसे जागरूक कर सक्षम बनाने में मीडिया ने महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई है। मीडिया अगर सकारात्मक भूमिका अदा करें तो किसी भी व्यक्ति, संस्था, समूह और देश को आर्थिक, सामाजिक, सांस्तिक एवं राजनीतिक रूप से समृद्ध बनाया जा सकता है।

# भाजपा शासन की योजनाओं को सीएम बघेल ने पुरस्कृत किया, वे धन्यवाद के पात्र : नेता प्रतिपक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना की उपलब्धियों पर नगर पालिक निगम राजनांदगांव को पुरस्कार मिलना सराहनीय है। उन्होंने कहा कि आशा नगर में स्वीकृत प्रधानमंत्री आवास योजना की नींव पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और पूर्व महापौर मधुसूदन यादव के कार्यकाल में रखी गई। गरीबों के लिए आवास सुनिश्चित करने में भाजपा सरकार ने गंभीर प्रयास किए। नतीजा है कि राज्य में इस योजना को न सिर्फ सराहा गया बल्कि पुरस्कार भी मिला। स्वयं कांग्रेस सरकार ने इस योजना को पुरस्कृत कर भाजपा शासन के कार्यों को जनहित की बड़ी कवायद सिद्ध किया है।

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह और निगम में भाजपा के महापौर मधुसूदन यादव ने उस दौरान आबादी भूमि का पट्टा वितरण कर निर्माण कार्य शुरु करवाया था। लक्ष्य स्पष्ट था कि समय पर जरुरतमंदों को अपनी छत हासिल हो। निकायों में आचार संहित लगने के दौरान महज कुछ ही मकानों के निर्माण शेष थे जो बाद में पूरे किए गए। लोगों को जल्द से जल्द खुद का आवास मिल सका और अब यह योजना कांग्रेस कार्यकाल में पुरस्कृत भी हो रही है। जाहिर है कि भाजपा शासन में बेहतर काम हुआ और खुद मुख्यमंत्री ने इसके लिए नगर पालिक निगम राजनांदगांव को पुरस्कृत किया। इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने प्रकट किया।

नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु ने कहा, निकाय में बहुमत चाहे जिस दल का हो जनहित के कार्यों को प्रशंसा मिलनी ही चाहिए। भाजपा ने अपने कार्यकाल में आमजनमानस की मूलभूत सुविधाओं के लिए निरंतर प्रयास किए। कई तरह की योजनाएं लाई गई। और अब तो कांग्रेस कार्यकाल में भी उन योजनाओं और प्रयासों को सराहा जा रहा है। उन्होंने कहा कि नगर पालिक निगम राजनांदगांव के लिए यह काफी सुखद है कि लोगों की सुविधाएं पहले ही सुनिश्चित कर दी गईं। भाजपा ने विकास की न सिर्फ नींव रखी बल्कि उसे वहां तक ले गए जहां से इन्हें पूरा करना कोई मुश्किल कार्य नहीं रहा।

# अच्छे भविष्य और बेहतर करियर के लिए खेल भी बेहद जरुरी : भाटिया



**छुरिया।** खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम साल्हे मे संकुल स्तरीय स्वामी विवेकानंद युवा खेल प्रोत्साहन योजना के अतंर्गत खेल आयोजित हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व प्रदेश मंत्री भाजपा युवा मोर्चा जगजीत सिंह भाटिया उपस्थित हुए। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए भाटिया ने कहा कि विद्यार्थियों के व्यक्तित्व के निर्माण के लिए उत्तम तथा लक्ष्यपूर्ण शिक्षा प्राप्त होना जरूरी है।अच्छे भविष्य और बेहतर करियर के लिए पढ़ाई का जितना महत्व है, उतना ही महत्व बेहतर जीवन के लिए खेलों का भी है।इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष कांता साहू, सरपंच प्रतिनिधि सूरजु पटेल, मंडल अध्यक्ष गोपाल साहू, रमेश साहू,सरपंच संत्री बाई, बिरंम बाई, लोमसिया बाई, ममता, सुदामा, सोनकर राम, जयचंद मालेकर, गोविंद, टेसू राम, खुमान देवांगन, उमराव कवर, पतिराम, थानसिंह, आदि खिलाड़ी व ग्रामवासी उपस्थित थे।

# संयम जीवन ही आत्म कल्याण का मार्ग है : मुमुक्षु मयंक

## कई जन्मों का पुण्य उदय होता है तब ऐसा संयोग बनता है : नरेश डाकलिया

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



मुमुक्षु मयंक लोढ़ा ने कहा कि साधु जीवन एकमात्र ऐसा मार्ग है जिस पर चलकर स्वयं का आत्म कल्याण तो किया ही जा सकता है औरों का भी मार्गदर्शन किया जा सकता है। संयम जीवन में ही अहिंसा का पूर्ण रुप से पालन होता है।

स्थानीय जैन बगीचे के ज्ञान वल्लभ उपाश्रय भवन में संयम सौंदर्य महोत्सव के पहले दिन पत्रकारों से रूबरू होते हुए मुमुक्षु मयंक लोढ़ा ने कहा कि वह 2 दिसंबर को संयम जीवन वहन करने जा रहे हैं। आचार्य महेंद्र सागर जी द्वारा उन्हें दीक्षा दी जाएगी। दीक्षा महोत्सव का आयोजन राजस्थान के जयपुर के मालपुरा में आयोजित है। उन्होंने कहा कि संयम जीवन ऐसा जीवन है जो आत्म कल्याण का मार्ग है। हम जो जीवन जी रहे हैं वह सच्चा जीवन नहीं हैं बल्कि संयम जीवन ही सच्चा जीवन है।

इससे पूर्व श्री पार्श्वनाथ जैन मंदिर ट्रस्ट के मैनेजिंग ट्रस्टी एवं सकल जैन श्री संघ के अध्यक्ष तथा पूर्व महापौर नरेश डाकलिया ने कहा कि सद्गुरु के चरणों में जीवन न्योछावर करने का अवसर आ रहा है।मयंक लोढ़ा संयम जीवन के रास्ते में चलने जा रहे हैं। कई जन्मों का पुण्य उदय होता है तब ऐसा संयोग बनता है। परमात्मा एवं गुरुओं ने जो मार्ग बताया है वह संयम का मार्ग है। इसके जरिए व्यक्ति आत्म कल्याण के मार्ग पर बढ़ता है। मयंक भी इस राह पर चलकर यश, सम्मान और आत्मिक सुख प्राप्त करें ,यह वे परमात्मा से कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि मयंक आत्म कल्याण के मार्ग पर निरंतर बढ़ता जाए यही उनकी कामना है।

मयंक के पिता संतोष लोढ़ा एवं माता ललिता लोढ़ा ने कहा कि उनका पुत्र संयम के मार्ग पर बढ़ रहा है और यह आत्म कल्याण का मार्ग है, अच्छा वह सच्चा मार्ग है। संसार में दुखी दुख है किंतु संयम जीवन में सुख ही सुख है। पुत्र यदि सन्यास जीवन ग्रहण करता है तो माता-पिता को दुख जरूर होता है किंतु यह भी सत्य है कि वह पुत्र संयम के मार्ग पर बढ़ते हुए न केवल स्वयं का आत्म कल्याण करता है बल्कि समाज को भी दिशा देता है।कार्यक्रम का संचालन नरेंद्र डाकलिया एवं विनेश चोपड़ा ने किया। इस अवसर पर श्री जैन श्वेतांबर पार्श्वनाथ मंदिर ट्रस्ट के ट्रस्टी राजेंद्र कोटडिया,मुमुक्षु मयंक के बड़े भाई रितेश लोढ़ा,आकाश चोपड़ा उपस्थित थे।

# सिलसिलेवार चोरी को इंदौर के गिरोह ने दिया था अंजाम, चारा आरोपी गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शहर में एक ही रात में सिलसिलेवार चोरी को अंजाम देने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने बताया कि यह पेशेवर चोरों का गिरोह इंदौर का है। ये अक्सर दिल्ली जैसे महानगर में चोरियों को अंजाम देते हैं लेकिन इस बार उन्होंने संस्कारधानी को अपना निशाना बनाया। पुलिस की मानें तो चोरों का ये गिरोह घूमते हुए संस्कारधानी तक पहुंचा और एक ही रात में इन्होंने तीन चोरियां की वहीं एक प्रयास असफल रहा। चारों आरोपियों को जेल दाखिल किया गया है। वहीं उनके कब्जे से चोरी की सारी रकम और जेवरात भी बरामद कर लिए गए हैं।

पुलिस अधीक्षक डी श्रवण ने बताया कि 14-15 नवंबर की दरम्यानी रात 3 जगहों पर चोरी हुई, जिसमें से एक में चोरों को सफलता नहीं मिली। चोरों ने सूने मकानों को निशाना बनाया था। पुलिस ने बताया कि चोर घूमते हुए राजनांदगांव पहुंचे थे। यहां उन्होंने अपनी क्रेटा कार को एक जगह खड़ा किया और एक मोटरसाईकल चुराई। इसी बाईक पर घूमते हुए उन्होंने शहर में चोरियों को अंजाम दिया। सृष्टि कॉलोनी और शहर के बीचो बीच से चोरों ने लाखों की नगदी और जेवरात पर हाथ साफ किया था। इसके बाद वे बाईक छोड़कर अपनी कार से फरार हो गए। पुलिस ने बताया कि शहर पुलिस अधीक्षक गौरव राय को इस मामले में जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई थी। उन्होंने अपनी टीम के साथ आरोपियों की तलाश शुरु की और 650 सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। आठ दिन और आठ रातों तक लगातार टीम चोरों का पीछा करती रही। इस बीच पुलिस के हाथ सुराग लगा की चोर इंदौर में छिपे हुए हैं। पुलिस की टीम ने इंदौर में भी दबिश दी। लेकिन इस बीच आरोपी रायपुर की ओर निकल गए। पुलिस ने अंजोरा में घेराबंदी कर आरोपियों को गिरफ्त में लिया। पकड़ गये आरोपियों में कुन्दन सिंग (20), अनिल सिंग (31)निवासी आकाश नगर इंदौर, समीर सिंग (19)निवारी उमरटी जिला बडवानी, राणा सिंग (27) निवासी प्रताप मोहल्ला बागली जिला देवा शामिल हैं। चारो के पास से 04 लाख तीस हजार रूपये, लगभग18 तोला सोना, लगभग डेढ किलो चांदी, बरामद किया गया है।

# पदयात्रा में शामिल हुए खनिज विकास निगम अध्यक्ष

■ महँगाई के खिलाफ कांग्रेस का जनजागरण अभियान

पायनियर संवाददाता ◄ डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com



अखिल भारतीय कांग्रेस के आव्हान एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशन में प्रदेश में महँगाई के खिलाफ जनजागरण अभियान जारी है। इसी क्रम में जनपद पंचायत क्षेत्र में कांग्रेसजनों ने जंगलपुर से रामपुर तक स्टेटहाईवे में चौपाल एवं पदयात्रा की। उक्त पदयात्रा में खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन विशेष तौर पर सम्मिलित होकर चौपाल के माध्यम से महँगाई पर विस्तार से चर्चा की। छगशासन के खनिज विकास निगम अध्यक्ष गिरीश देवांगन ने महंगाई को रेखंकित करते हुए केंद्र सरकार की नीति को आमजनों के लिए नुकसानदेह करार दिया। उक्त पदयात्रा में पीसीसी मेंम्बर मोहन अय्यर, जयश्री साहू, जिपंसदस्य महेंद्र यादव, ब्लॉक अध्यक्ष चेतन साहू, वरिष्ठनेता वीरेन्द्र बोरकर, किसान कांग्रेस जिला महामंत्री महेंद्र साहू, संजय संचेती, ब्लॉक महिला कांग्रेस अध्यक्ष जमुना साहू सहित ब्लॉक कांग्रेस के पदाधिकारी व युवा कांग्रेस के पदाधिकारी व कार्यकर्तागण शामिल थे।

## 1130 किसानों को होगा फायदा, लंबे समय से की जा रही मांग हुई पूरी

# ठाकुरटोला में प्रभारी मंत्री ने किया धान उपार्जन केन्द्र का उद्घाटन

पायनियर संवाददाता ◄ गंडई पंडरिया
www.dailypioneer.com

नगर के समीपस्थ ग्राम ठाकुरटोला में बुधवार को जिले के प्रभारी मंत्री व नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत सिंह भगत का प्रथम आगमन हुआ। जहां पर उन्होंने वनांचलवासियों की बहुप्रतिक्षित नवीन धान उपार्जन केंद्र की मांग को पूरा किया।

गौरतलब है कि सेवा सहकारी समिति मर्यादित पैलीमेटा संबध्द ग्राम पंचायत ठाकुरटोला में राज्य सरकार से नवीन धान उपार्जन केन्द्र खोलने की अनुमति दी है। जिस पर जिले के प्रभारी एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री अमरजीत सिंह भगत के मुख्य आतिथ्य में धान उपार्जन केन्द्र का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक गिरवर जंघेल, मोतीलाल जंघेल, ममता राजेश पाल, रमला प्रेमलाल साहू, सुधा संजू चंदेल, धनकुंवर मोती मरकाम, रोहित सिंह पुलस्त्य, राधामोहन वैष्णव, रामकुमार पटेल, निर्मला विजय वर्मा, अशोक जंघेल, कामदेव जंघेल, रणजित सिंह चंदेल, गजकुंवर अनिल सिंह पुलस्त्य, देवलाल पुलस्त्य उपस्थित रहें।

**18 गांव के किसानो को मिलेगा लाभ :** वनांचलवासी बीते दो साल से लगातार ठाकुरटोला में धान उपार्जन केन्द्र खोलने की मांग कर रहें थे। मांग पुरी होने पर



किसानो में खुशी की लहर है। इस उपार्जन केन्द्र में 18 गांव के 1130 किसानो का धान समर्थन मूल्य पर खरीदा जायेगा। पहले इन सभी किसानो को पैलीमेटा उपार्जन केन्द्र में जाकर धान बेचना पड़ता था। लम्बी दूरी, टोकन, केन्द्र में धान रखने आदि कई समस्याओ से किसानो को जूझना पड़ रहा था। लेकिन अब ठाकुरटोला में नवीन धान उपार्जन केंद्र खुलने से किसानों को हो रही परेशानियों से निज़ात मिलेगा। मुख्य अतिथि श्री भगत को अपने बीच पाकर क्षेत्रवासी काफ़ी खुश नज़र आये।

### प्रभारी मंत्री ने की घोषणा

कार्यक्रम का शुभारंभ राजकीय गीत अरपा पैरी की धार से शुरू किया गया। सर्वप्रथम जिला पंचायत सदस्य ममता राजेश पाक एवं पूर्व विधायक गिरवर जंघेल ने धान उपार्जन केन्द्र खुलने पर अतिथियों का आभार व्यक्त किया एवं ठाकुरटोला में सहकारी बैंक एवं छात्रावास खोलने की मांग रखी। साथ ही श्रीमती पाल ने ग्राम में रंगमंच के लिए डेढ़ लाख रूपयें देने की घोषणा की। प्रभारी मंत्री ने ग्रामीणो की मांग पर छात्रो के लिए छात्रावास खोलने की घोषणा किया तथा अपर कलेक्टर एवं शिक्षा अधिकारी को ब्लॉक के सभी जर्जर सरकारी स्कूलों की मरम्मत तत्काल करवाने की बात कही। वहीं सभी उपस्थित अधिकारियों को ईमानदारी से ग्रामीण, मजदूर, किसानो के कार्य में सहयोगात्मक रूप से करने की साफ- साफ हिदायत दी।

### केंद्र को बताया किसान विरोधी

वहीं श्री भगत ने प्रदेश में बारदाने की समस्या के बारे में पूछे जाने पर राज्य सरकार द्वारा केंद्र सरकार को मांग पत्र लिखे जाने की जानकारी दी। महंगाई को लेकर केंद्र सरकार में बैठे मोदी सरकार को जमकर कोसा एवं उन्हें किसान विरोधी बताया। उन्होंने प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को भी आड़े हाथों लिया। भगत ने कहा कि प्रदेश में बीजेपी की रमन सरकार 15 सालों तक बने रहे लेकिन विकास के नाम पर सिर्फ विनाश किया है। उन्होंने आगे कहा कि जब से भूपेश की सरकार बनी है तब से लेकर आज तक अपने किये हुए वायदे को निभाते आ रहे हैं। भगत ने भूपेश सरकार की सभी योजनाओं को गिनाते हुए कहा कि कांग्रेस की सरकार किसानों, मजदूरों, गरीबों एवं निहत्थों की सरकार है। जो हमेशा इनके लिए खड़े रहते हैं और लड़ाई लड़ते हैं। कार्यक्रम में अतिथियों द्वारा मितानीन दीदी एवं प्रशिक्षकों को कोरोना काल में उनके उत्कृष्ट कार्य निर्वहन के लिए श्रीफल एवं साड़ी देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में लाल टाकेश्वर शाह खुशरो, संजय महोबिया, प्रकाश महोबिया, यशोदा वर्मा, संतोष यदु, भिझेश यादव, मोहशिन खान, साकेत दुबे, कोसन कोसरे, बालकिशन यादव, सुल्तान सिंह, हुकुम जंघेल, भुनेश्वर साहू, अमित टण्ड़न, क्रांति ताम्रकार, चेतन देवांगन, सूरज नामदेव, पुलेन्द्र जंघेल, जैनुल खान सहित कांग्रेसी कार्यकर्ता, ग्रामीणजन एवं विभागीय अधिकारी- कर्मचारी उपस्थित रहें।

# व्यापार मेले में रेलवे अपनी परिवर्तनकारी यात्रा का प्रदर्शन कर रही

## 12000 हॉर्स पावर का इंजन दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर और नागपुर मंडल में

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

भारतीय रेलवे नई दिल्ली में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला में भाग ले रहे 1500 प्रदर्शकों में शामिल है । अपनी परिवर्तनकारी यात्रा का वर्णन करने के लिए इसने राष्ट्री य ट्रांसपोर्टर, भारतीय रेलवे ने 'आत्मनिर्भर भारत' विषय के साथ हॉल नं. 11 में प्रदर्शनी लगाई है । इस प्रदर्शनी में वंदे भारत एक्सप्रेस मॉडल का प्रदर्शन किया गया है, जो देश की पहली स्वदेश निर्मित सेमी हाई स्पीड ट्रेन है। यह ट्रेन दिल्ली-कटरा, दिल्ली-वाराणसी मार्ग पर अपनी सेवाएं उपलब्धं करा रही है। जल्दीर ही यह पूरे देश के अन्यन गंतव्यों को भी आपस में जोड़ेगी ।

रेलवे पवेलियन का अगला भाग सर एम. विश्वेश्वरैया टर्मिनल रेलवे स्टेशन (बेंगलुरु) के छत्र का प्रतिरूप है जो रेलवे पवेलियन को मनोरम रूप प्रदान कर रहा है ।

इस बार, भारतीय रेलवे ने अनेक पहल की हैं, जिससे सभी आयु समूहों के लिए इस पवेलियन की यात्रा करना सार्थक हो रहा है ।

रेलवे के बारे में प्रश्नोत्तरी के लिए इंटरएक्टिव स्क्रीन लगाई गई है जिसमें कोई भी व्क्ति भाग ले सकता है और दिलचस्प उपहार जीत सकता है ।

कालका-शिमला सेक्शन का वर्चुअल वास्तरविक अनुभव एक ऐसी चीज है जिसे आप इस पवेलियन का भ्रमण करते समय भूलना नहीं चाहेंगे। यहां आगंतुक टॉय ट्रेन में यात्रा का वर्चुअल अनुभव प्राप्त कर सकते हैं और इस सेक्श्न के हरे-भरे इलाकों और पहाड़ियों के मंत्रमुग्ध कर देने वाले दृश्य देख सकते हैं।

टच स्क्रीन वीडियो गैलरी बनाई गई है जहां आप अपनी पसंद के विषय पर आधारित वीडियो गैलरी से अपनी पसंद का वीडियो देख सकते हैं ।

''मिले सुर मेरा तुम्हारा'' गीत का नया संस्करण स्टॉल में प्रवेश करने के साथ ही दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर रहा है। अभी हाल ही में, यह नया संस्करण पूरे देश के रेलवे कर्मचारियों द्वारा देश की समृद्ध संस्कृतियों और भाषा का प्रदर्शन करते हुए गाया गया है ।

पवेलियन को दीवारों और खंभों पर ट्रांसलाइट्स लगाकर अधिक जानकारी देने वाला बनाया गया है। इससे कोई भी व्यिक्ति रेलवे में अभी हाल में हुए विकास और भविष्य की रेल योजनाओं के बारे में नवीनतम जानकारी प्राप्तव कर सकता है।

टोक्यो ओलंपिक 2020 के 05 पदक विजेताओं सहित रेलवे के खिलाड़ियों ने देश को जो गौरव प्रदान किया है, उसे दर्शाने के लिए एक विशेष समर्पित कोना बनाया गया है। इसके अलावा एक ट्रॉफी कैबिनेट भी बनाया गया है, जहां कोई भी व्यंक्ति राष्ट्'और रेलवे परिवार के लिए रेलवे के खिलाड़ियों द्वारा अर्जित सम्मारन को देख सकता है।

60 से अधिक वर्षों के समृद्ध इतिहास वाली भारतीय रेलवे की मासिक पत्रिका को भी इस पवेलियन में स्था न दिया गया है। यहां कोई भी व्यटक्ति भारतीय रेल (हिंदी) और इंडियन रेलवे (अंग्रेजी) पत्रिकाओं की ऑनलाइन सदस्यता ले सकता है ।

रेलवे ने भारतीय रेलवे के परिवर्तन को दर्शाने वाले विभिन्न मॉडल भी पवेलियन में रखे हैं।

पुनर्विकसित गांधीनगर राजधानी स्टेशन- यह देश का



पहला विश्व स्तरीय पुनर्विकसित रेलवे स्टेशन है जिसके ऊपर पांच सितारा होटल की इमारत बनी है। इस स्टेशन में 32 विषय आधारित प्रकाश व्यवस्था के साथ अत्याधुनिक बाह्य भाग का निर्माण किया गया है। इसे एलईडी दीवार के साथ आर्ट गैलरी और नागरिक संरचना के साथ 150 वर्ष के जीवन को दर्शाते हुए डिजाइन किया गया है।

पुनर्विकसित रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (भोपाल)- इसे अभी हाल में 15 नवम्बर, 2021 को प्रधानमंत्री द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया है। स्वाभाविक रूप से हवादार एयर कॉनकोर्स, इंफोटेनमेंट- जैसे मुफ्त वाई-फाई, स्क्रीन पर अपडेट सूचना, अलग से प्रवेश और निकास, प्लेटफॉर्म से जुड़े सबवे और 700 यात्रियों के बैठने की क्षमता वाले इस रेलवे स्टेशन के हवाई अड्डे जैसे कुछ प्रमुख आकर्षण हैं।

वंदे भारत एक्सप्रेस - यह देश की पहली सेमी हाई स्पीड ट्रेन है जो वर्तमान में दो मार्गों - नई दिल्ली से श्री वैष्णो देवी माता, कटरा और नई दिल्ली से वाराणसी पर चल रही है। जल्द ही ऐसी ट्रेनें पूरे देश में चलेंगी। वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की प्रमुख विशेषता इसकी बौद्धिक ब्रेकिंग प्रणाली है जो बेहतर तेज गति और कम गति में सक्षम बनाती है। इस ट्रेन में मनोरंजन के लिए वाई-फाई के साथ अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्धा हैं।

प्रतिष्ठित चिनाब पुल- दुनिया का सबसे ऊंचा रेलवे पुल है। इस पुल का मेहराब पूरा हो चुका है। यह पुल पूरा होने के बाद कश्मीर घाटी और देश के बाकी हिस्सों के बीच रेल संपर्क उपलब्धी कराएगा, जिससे क्षेत्र का सामाजिक-आर्थिक विकास होगा। यह पुल पेरिस (फ्रांस) की प्रसिद्ध एफिल टावर से भी ऊंचा है।

12000 हॉर्स पावर वाला इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव- यह देश का सबसे शक्तिशाली 'मेक इन इंडिया' इलेक्ट्रिक लोकोमोटिव है। यह 120 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से चलने वाला देश का पहला ई-लोको है। इस लोको की हॉलिंग क्षमता लगभग 6000 टन है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर, रायपुर एवं नागपुर मंडल में यह इंजन विशेष रूप से कार्यरत है। विशेष रूप से कोयले के परिवहन में और भौगोलिक रूप से विषम सेक्शनों में इस इंजन की क्षमता बेहद उपयोगी सिद्ध हो रही है।

दार्जिलिंग हिमालयन रेलवे- यूनेस्को ने इसे विश्व विरासत स्थल के रूप में सूचीबद्ध किया है। यह रेलवे मनोहारी दृश्योंर और दार्जिलिंग के हरे-भरे इलाकों से गुजरते हुए सुन्ददर हिमालय के लिए प्रवेश द्वार प्रदान करती है। इस रेलवे को 5 दिसम्बोर, 1999 को विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया था।

विस्टाडोम टूरिस्ट कोच- इन कोचों को पर्यटन मार्गों पर बेहतर यात्रा अनुभव के लिए अनेक विशेषताओं के साथ डिजाइन किया गया है। बाहर के दृश्यल देखने का बड़ा क्षेत्र, नियंत्रित ओपेलेसेंस के साथ कांच वाली छत, पूरी तरह घूमने वाली सीटें, वाई-फाई आधारित यात्री सूचना प्रणाली, मिनी पेंट्री, एक छोर पर अवलोकन खिड़की, स्वचालित स्लाइडिंग दरवाजे इस कोच के मुख्य आकर्षणों में शामिल हैं।

थ्री टियर एसी इकोनॉमी कोच- ये कोच कम किराए में अधिक सुविधाओं से युक्ति बनाए गए हैं। 3 टियर एसी इकोनॉमी कोच का किराया 3 टियर एसी कोच की तुलना में लगभग 8 प्रतिशत कम है। ये कोच व्यरक्तिगत एसी वेंट, रीडिंग लाइट और प्रत्ये्क सीट के लिए यूएसबी चार्जिंग प्वा इंट के साथ-साथ मिडिल और अपर सीटों के लिए अधिक हेडरूम उपलब्ध। कराते हैं।

नए रूपांतरित गुड्स कोच (एनएमजीएच)- ये ऐसे कोच हैं जिन्हेंल पूरे देश में ऑटोमोबाइल की ढुलाई के लिए डिजाइन किया गया है। इन्हेंई बेहतर फॉल प्लेट, एंड पैनल दरवाजे और प्रवेश के लिए अच्छीं ऊंचाई के साथ ऑटोमोबाइल को आसानी से लोड करने के अनुकूल बनाया गया है। इसके साथ ही वाहन चालकों के मार्गदर्शन के लिए रेट्रो-रिफ्लेक्टिव मार्कर का भी प्रावधान किया गया है। ये कोच पहले डिब्बोंक की 75 किलोमीटर प्रति घंटे की गति के मुकाबले 110 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चलने में सक्षम हैं।

**हमसफर एक्सप्रेस-** यह पूरी तरह 3 टियर एसी ट्रेन है। इन ट्रेनों में गंध नियंत्रण प्रणाली, बेहतर सौंदर्यशास्त्र्ट, इनबिल्ट पेंट्री, मोबाइल और लैपटॉप चार्जिंग प्वाइइंट, धुआं और फायर अलार्म प्रणाली जैसी सभी आधुनिक सुविधाएं मौजूद हैं।

# वरिष्ठ अधिवक्ताओं के चयन को हाईकोर्ट में चुनौती

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

हाईकोर्ट में वरिष्ठ अधिवक्ताओं के चयन को चुनौती देते हुए याचिका दायर की गई है.इस याचिका में आरोप लगाया गया है कि 12 वरिष्ठ अधिवक्ताओं के चयन के लिए जिस विधि को लागू किया गया था, वह पक्षपात, भाई-भतीजावाद से ग्रस्त है और कानून के स्थापित सिद्धांतों के खिलाफ है । हाईकोर्ट के एक अधिवक्ता बादशाह प्रसाद सिंह द्वारा, अधिवक्ता राजेश कुमार केशरवानी के माध्यम से यह याचिका दायर की गई है. वरिष्ठ अधिवक्ता के लिए बादशाह प्रसाद सिंह ने भी आवेदन किया और साक्षात्कार दिया था. लेकिन उनका उन्हें 'वरिष्ठ' अधिवक्ता के लिए नहीं चुना गया. याचिका में आरोप लगाया गया है कि वकीलों को वरिष्ठ पदनाम देने के उद्देश्य से गठित समिति पर्याप्त निष्पक्ष नहीं थी और कार्यवाही के प्रत्येक चरण से केवल पक्षपात के सिद्धांत को ही अपनाया गया. याचिका में इंदिरा जय सिंह बनाम सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया का हवाला देते हुए कहा गया है, 'वरिष्ठ अधिवक्ताओं का पदनाम अब सत्ता में रहने वालों द्वारा एक मनमाना अभ्यास बन गया है और वर्तमान मामले में भी कुछ व्यक्ति जो सत्ता में थे और समिति के सदस्य भी थे, उन्हें वरिष्ठ अधिवक्ता के रूप में नामित किया गया है.' याचिका में कहा गया है कि इस प्रक्रिया में, महाधिवक्ता प्रत्येक अधिवक्ता के साक्षात्कार के सदस्य थे और उनके साक्षात्कार के समय, उनके कनिष्ठ और अधीनस्थ को समिति का सदस्य बनाया गया था. यह कानून और शक्ति की प्रक्रिया के दुरुपयोग को दर्शाता है. याचिका में कहा गया है कि यह गैर-पारदर्शिता और बेईमानी के बराबर है और कानून की समानता के सिद्धांत का उल्लंघन किया गया. याचिका में 12 अधिवक्ताओं को 'वरिष्ठ अधिवक्ता' प्रदान करने वाली अधिसूचना को रद्द करने और अदालत के समक्ष याचिका के लंबित रहने तक उपाधि प्रदान करने को स्थगित करने की मांग की गई है।

# अरपा नदी में आ सकती है बाढ़, बराज से 50 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

अरपा भैसाझार बैराज में अभी भरपूर पानी है। यही कारण है कि अरपा नदी में लगातार पानी का बहाव बना हुआ है। पानी पर्याप्त होने के कारण सिंचाई विभाग रोज 16 क्यूसेक पानी नदी में छोड़ रहा है। यही कारण है कि नदी में पानी कम होने का नाम नही ले रहा है। अरपा में लगातार पानी का बहाव होने के कारण शिवघाट सरकंडा और पचरीघाट जूना बिलासपुर के पास निर्माणाधीन बैराज का कार्य शुरू नही हो पा रहा है। जबतक नदी में बहाव रहेगा तबतक काम शुरू भी नही हो पाएगा। यही कारण है कि सिंचाई विभाग ने भैसाझार बैराज को चार मीटर तक खाली करने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक साथ 50 क्यूसेक पानी बराज से नदी में छोड़ा जाएगा। विभाग के अधिकारियों ने 25 नवंबर को सुबह 9 बजे पानी छोड़ने का निर्णय लिया है। इसके लिए एक दिन पहले ही निचले इलाकों के



लिए चेतावनी जारी की है। विभाग की ओर से जारी चेतावनी में कहा गया है कि नदी में काम करने वाली निर्माण एजेंसी, रेत ठेकेदार अपनी मशीनरी नदी से निकाल ले और श्रमिक हटा लें ताकि किसी जन धन की हानि से बचा जा सके। गौरतलब है कि अरपा में बन रहा बैराज बारिश के कारण बंद कर दिया गया था जो अभी तक शुरू नही हो सका है।

## समर्थन मूल्य पर मक्का विक्रय हेतु पंजीयन अनिवार्य

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में शासन द्वारा धान के साथ-साथ जिले में समर्थन मूल्य पर औसत अच्छे किस्म के मक्का की खरीदी नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा समितियों के माध्यम से की जाएगी। धान की तरह समर्थन मूल्य पर मक्का का विक्रय करने हेतु किसानों को पंजीयन करना अनिवार्य है। खाद्य नियंत्रक ने बताया कि धान के साथ ही सरकारी खरीदी केंद्रों में मक्का उपार्जन भी 1 दिसम्बर 2021 से प्रारंभ होगी। मक्का का उपार्जन प्रत्येक सप्ताह के सोमवार से शुक्रवार तक (शासकीय अवकाश को छोड़कर) किया जाएगा। धान खरीदी हेतु प्रत्येक धान उपार्जन केंद्रों, समितियों एवं मंडियों में राज्य शासन से धान कामन एवं धान ग्रेड ए हेतु प्राप्त दरों को फ्लैक्स एवं बैनरों के माध्यम से लगाया जाता है, जिसमें मक्का उपार्जन हेतु दरों का उल्लेख किया जाएगा। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में शासन द्वारा मक्का उपार्जन हेतु समर्थन मूल्य पर 1870 प्रति क्विंटल है। मक्का खरीदी के लिए 10 क्विंटल प्रति एकड़ के मापदण्ड को ही इस बार भी मान्य किया जाएगा। पंजीयन के लिए निर्धारित फार्म समितियों में उपलब्ध है। साथ ही मक्का विक्रय करने के लिए किसान संबंधित समितियों से आवेदन प्राप्त कर सकते है।

# एनटीपीसी सीपत सीएसआर के तहत छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय वरिष्ठ महिला वर्ग फुटबाल कोचिंग शिविर-2021 का आयोजन

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



एनटीपीसी सीपत द्वारा सीएसआर के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में फुटबॉल को बढ़ावा देनेअलग अलग श्रेणियोंमें प्रतियोगिताओं एवं कोचिंग कैंप का आयोजन 2016-17 से किया जा रहाहै।कोचिंग कैंप के बाद राष्ट्रीय स्तर परराज्य का प्रतिनिधित्व करने हेतुटीम का चयन किया जाता है।कोरोना से संबंधित दिशानिर्देश केतहत सत्र 2021-22 में दिनांक 14 नवंबर 2021 से23 नवम्बर 2021 तकवरिष्ठ महिला वर्ग के कोचिंग कैम्प का आयोजन किया गया। कोचिंग कैंप में 25 खिलाड़ियों ने भाग लिया। लोचन सिंह बघेल, कोच एवं सुप्रिया कुकरेती, मैनेजर के निर्देशन मे गहन प्रशिक्षण के बाद 20 खिलाड़ियों का चयन वरिष्ठ महिला राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिपमें छत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व के लिए किया गया। चयनित टीम को 22 नवम्बर 2021 को फुटबॉलकिट का वितरण एनटीपीसी अधिकारियों द्वारा किया गया।कोचिंग कैम्पनार्थ ईस्टइंस्टीट्यूट, दक्षिण पूर्वमध्यरेल्वे केग्राउंडपर सम्पन्न हुए। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ फुटबॉल असोसिएशन के पदाधिकारीगण उपस्थित थे।चयनित टीमराष्ट्रीय टूर्नामेंटमें भागले ने केरल जाएंगी जहां उनका मुकाबलासबसे पहले भारतीय रेल के टीमसेहोगा। उपस्थितअतिथियोंद्वाराकिट वितरण के साथ साथ खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुये उनको राष्ट्रीय स्तर के मैच में अच्छे प्रदर्शन एवंछत्तीसगढ़ राज्य का प्रतिनिधित्व करने के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित कियागया। संबोधन के दौरान छत्तीसगढ़ फुटबॉल असोसिएशन के पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि एनटीपीसी के द्वारा किये जा रहे आयोजनों से छत्तीसगढ़ में फुटबाल को बढ़ावा मिल रहा है एवं राष्ट्रीय रैंकिंग में भी सुधार आ रहा है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि दिनांक 1 नवंबर 2021 से 17 नवम्बर तक वरिष्ठ पुरुष वर्ग के भी कोचिंग कैम्प आयोजित किए गए थे वे राष्ट्रीय फुटबॉल चैम्पियनशिपमें भाग लेने कोलकाता गए हुये हैं।

# अधिग्रहित सरकारी जमीन को निजी बता बेच दिया

■ **कापलेक्स बन रहा, राजस्व अमले की भूमिका संदिग्ध, सीमांकन रिपोर्ट में जमीन को सरकारी होना प्रतीत होता है बताया गया**

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

लोक निर्माण द्वारा अधिग्रहित जमीन को निजी बता जमीन की अदला बदली कर उसमे कांप्लेक्स निर्माणाधीन होने के मामले में राजस्व अधिकारियों की भूमिका को लेकर उंगलियां उठ रही है क्योंकि उक्त जमीन को दूसरे खसरा नंबर पर बिठाने का भी खेल हो चुका है ।उक्त जमीन पर एक अतिरिक्त तहसीलदार ने 5 माह पहले स्थगन दिया था लेकिन एक अन्य तहसीलदार ने स्थगन को सीमांकन रिपोर्ट आने के पहले ही व्हेकैट कर दिया ।

इस बारे में जानकारी के मुताबिक शहर से लगे बहतराई में खसरा क्रमांक 331/8 में करीब 21 डिसमिल जमीन जिसकी वर्तमान कीमत ढाई करोड़ रुपए के आसपास है।जो कभी राजेश हर्जपाल की थी और डामर रोड से लगी हुई थी जिसे लोक निर्माण विभाग ने अधिग्रहित कर लिया था ।इस तरह उक्त जमीन सरकारी हो चुकी थी लेकिन उक्त जमीन को राजेश हर्जपाल ने अदला बदली करते हुए व्यापार विहार में बिल्डर मनीष अवस्थी की जो जमीन थी उसे लेकर खसरा क्रमांक 331/8 की उक्त 31 डिसमिल जमीन मनीष अवस्थी को दे दी । मनीष अवस्थी ने उक्त जमीन दयालबंद की अर्चना बाजपेई को बेच दी और उसी जमीन पर कांप्लेक्स की तैयारी शुरू हो गई ।यह सब पूर्व में पदस्थ रहे चर्चित राजस्व अधिकारी के कार्यकाल में हुआ । मामले पर विवाद बढ़ा तो खमतराई पटवारी अनिल डोडवानी ने जमीन को सरकारी होने की रिपोर्ट दी ।उसके बाद जमीन का सीमांकन करने का खेल शुरू हुआ ।राजस्व निरीक्षक निखिल झा ने दो बार और एक बार सीमांकन कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि उक्त जमीन सरकारी प्रतीत होती है । इसी बीच अतिरिक्त तहसीलदार शेष नारायण जायसवाल ने उक्त जमीन पर निर्माण कार्य में जून 2021 में स्थगन आदेश जारी किया।

आश्चर्य तो यह है कि जून 2021 के बाद राजस्व अमले ने उक्त खसरा क्रमांक की 331/8 की 21 डिसमिल जमीन को उठाकर खसरा क्रमांक 329 में बिठा दिया गया जहां सरकारी जमीन है ।यही नहीं उक्त 21 डिसमिल जमीन का डायवर्सन भी टाउन एंड कंट्री प्लानिंग में बिना दस्तावेज पेश किए करा लिया गया और सीमांकन रिपोर्ट आने के पहले ही उक्त जमीन पर कांप्लेक्स का निर्माण भी। शुरू कर दिया गया है । यह सब गड़बड़ झाला और सरकारी जमीन की हेराफेरी राजस्व अमले की मिलीभगत के बिना संभव नहीं है । यदि मामले की निष्पक्ष जांच हो तो गड़बड़ी करने वाले कई लोगो के चेहरे उजागर होंगे।

# युवा महोत्सव रोहरा मुंगेली में सिलंबम का उत्कृष्ट प्रदर्शन

पायनियर संवाददाता ◄ मुंगेली
www.dailypioneer.com



विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव रोहरा मुंगेली में युवाओं ने विभिन्न विधाओं में जोरदार प्रदर्शन किया। युवा महोत्सव में लोकनृत्यए संगीत कला ए लोकगीतएएकल गायनए एतत्कालीन भाषणएशास्त्रीय गायन एवादनए सामुहिक लोकनृत्यए लोकगीत का प्रदर्शन किया गया। मंच संचालन विमित्रा धृतलहरे सहाण्विण् खण् अधिकारी, मोहन उपाध्याय व्याख्याता ने किया, युवा महोत्सव में दशरंगपुर के सिलंबम के खिलाड़ियों ने अपनी खेल विधा का संगीतमय उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके प्रमुख प्रशिक्षक ध्मार्गदर्शक भूमेश पाण्डेय गोविंद पाण्डेय एवम प्रतिभागी खिलाड़ी ज्ञानिक साहू, ठवि सिंह योगेंद्र कुमारएदिलीप साहू खुशी सिंहए भारती यादव अल्का साहू सोनमत साहू तारणी, मालती, गुनेश्वरी आस्था सिंह योगेश्वरी मनीषा यादव, प्रकाशनी, पुष्पलता प्रिया सिंह रिद्धिमा रीना साहू, शेखर ताकेश्वर कलेश्वर साहू तेरस रूपचंद पवन सत्यम मोहले, दीनू खिलेश सिंह, देवेंद्र साहिल यादव ने सिलंबम का प्रदर्शन किया।

# दपूमरे ने फ्लाई ऐश ढुलाई में रिकार्ड कायम किया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

पावर प्लांटों में कोयला जलाने के बाद फ्लाई ऐश यानी राख निकलता है । पावर प्लांटों से काफी मात्रा में निकलने वाले फ्लाई-एश को अधिकतर खुले स्थान में ही डंप किया जाता है एवं हवा में इसके उडने से पर्यावरण को नुकसान भी पहुंचता है । फ्लाई-एश के रि-साइकल एवं पुनः उपयोग के लिए आजकल इससे ईंट बनाई जाने लगी है तथा कई कारखानों में भी इसकी खपत की जा रही है । इसीलिए आजकल इसकी मांग में काफी तेजी आई है । अभी तक छोटे स्तर पर इसका परिवहन सड़क मार्ग से होता था । देश के कोने-कोने तक मांग के अनुरूप इसकी आपूर्ति का जिम्मा आजकल भारतीय रेलवे ने उठाया है। इसी कड़ी में वर्तमान वित्तीय वर्ष 2021-22 के अप्रैल से अब तक



पूरे भारतीय रेलवे में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के द्वारा सर्वाधिक फ्लाई-एश की ढुलाई का कीर्तिमान स्थापित किया गया है ।फ्लाई-एश की ढुलाई द्वारा जहां रेलवे पर्यावरण संरक्षण में अपनी भूमिका निभा रहा है वहीं, रेलवे को दोहरे फायदे के रूप में पावर प्लांट तक कोयला पहुंचाने जाने वाली गुड्स ट्रेनों को दूसरी ओर से भी लोडिंग का फायदा मिल रहा है । दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा फ्लाई-एश की लदान को बढ़ावा देने हेतु 10 अतिरिक्त लोडिंग टर्मिनल खोले गए हैं। इसी कड़ी में आज बिलासपुर मंडल के जैतहरी स्थित एम बी पी जे साइडिंग में अतिरिक्त लाइन बिछाकर फ्लाई एश की लोडिंग के लिए अतिरिक्त टर्मिनल का प्रावधान कर फ्लाई एश की पहली लोडिंग की गई। इस पहली रैक को ए सी सी लिमिटेड के कायमोर साइडिंग के लिए रवाना की गई जिससे रेलवे को 14 लाख रुपये की अतिरिक्त राजस्व प्राप्त हुआ।

# खेल मंत्री ने पूर्वी क्षेत्र अन्तर्विश्वविद्यालयीन पुरूष हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन किया

पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय विश्वविद्यालय संघ के तत्वाधान में अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा आयोजित पूर्वी क्षेत्र अन्तर्विश्वविद्यालयीन पुरूष हॉकी प्रतियोगिता का उद्घाटन आज खेल एवं युवा कल्याण विभाग के मंत्री उमेश पटेल ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अच्छे खेल के लिए प्रशिक्षण जरूरी है। प्रशिक्षण से पदक तालिका में छत्तीसगढ़ का नाम आगे बढ़ेगा। राज्य में इसकी शुरूआत हो गई है। स्व. बी.आर. यादव खेल परिसर बहतराई के एस्ट्रोटर्फ मैदान में चार दिवसीय हॉकी प्रतियोगिता आज से प्रारंभ हुई। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर मुख्य अतिथि श्री उमेश पटेल ने कहा कि बिलासपुर में खेल प्रशिक्षण की कमी को दूर करने के लिए पांच स्थानों पर पायलेट प्रोजेक्ट के तहत प्रशिक्षण की शुरूआत की गई है। जिसमें तीन प्रोजेक्ट बिलासपुर में है। छत्तीसगढ़ खेल के अधोसरंचना के हिसाब से कई राज्यों से अच्छी स्थिति में है लेकिन पदक तालिका में राज्य का स्थान नीचे रहता है। उन्होंने आशाा व्यक्त कि पायलेट प्रोजेक्ट में सफलता मिलने पर प्रदेश के खिलाड़ी भी राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर छत्तीसगढ़ का परचम लहराएंगे।

# बालोद पहला ऐसा जिला जहां दूसरे डोज के लिए चलाया जा रहा महाअभियान

## स्वास्थ्य अमले सहित सभी विभागों के अधिकारीयों ने शत प्रतिशत टीकाकरण के लिए कसी कमर

### कलेक्टर पहुँचे ग्राम सिवनी, शतप्रतिशत हितग्राहियों को टीकाकरण के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में दूसरे डोज के टीकाकरण के लिए युद्ध स्तर पर महाअभियान चलाया गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य अमला सहित जिले के सभी प्रमुख विभागों के अधिकारी शत प्रतिशत वैक्सीनेशन के लिए कमर कस मैदान में तैनात रहे। बुधवार को जिले में 515 वैक्सीनेशन केंद्रों में टीकाकरण जारी रहा। इस दौरान कलेक्टर जनमेजय महोबे ग्राम सिवनी के पंचायत भवन में लगाये गए अस्थाई टीकाकरण केंद्र निरीक्षण करने पहुचे। जहां उन्होंने व्यवस्थाओं का जायजा लिया और दूसरा डोज लगवाने आये लोगो से चर्चा भी की। श्री महोबे ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान लगातार जारी रहेगा। जिले के 98.36 प्रतिशत हितग्राहियों को कोविड-19 का प्रथम डोज का टीका लगाया जा चुका है, जो शेष हैं उन्हें भी टीकाकरण महाअभियान के दिन टीका लगाया गया। और जो शेष रह जाएंगे उन्हें भी इस अभियान के तहत टीका लगाया जाएगा। महोबे ने आगे बताया कि कोविड-19 टीकाकरण महाअभियान हेतु जिले में कुल 515 स्थानों पर टीकाकरण सत्र आयोजित किए गए। जिसमें बालोद विकासखंड में 98 सत्र स्थल डौंडी विकासखंड में 100 सत्र स्थल, डौण्डीलोहारा विकासखंड में 118 सत्र स्थल, गुण्डरदेही विकासखंड में 90 सत्र स्थल और गुरूर विकासखंड में 109 सत्र स्थल शामिल रहे। कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आगे बताया कि पहला डोज लगभग लग चुका है और दूसरे डोज के लिए यह अभियान बालोद जिले में वृहद पैमाने पर जिले में चलाया गया। वर्तमान में जहां अभी धान खरीदी भी होनी है। ऐसे खरीदी केंद्रों में किसानों की भीड़ बढ़ेगी और खेती किसानी का दौर चालू है। इसे देखते हुए बुधवार का दिन निश्चित किया गया था कि महाअभियान के तर्ज पर पूरे जिले में दूसरे डोज के लिए यह अभियान चलाना है। इस अभियान में जिले के सभी अधिकारियों की तैनाती की गई। ताकि कोई भी वर्ग इस टीकाकरण से अछूता न रहे साथ ही लोगों के घर-घर जाकर उन्हें दूसरे डोज के लिए बताया भी जा रहा हैं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को निर्देशित किया कि वे घर-घर जाकर लोगों को कोविड-19 के दूसरे डोज से छुटे हुए हितग्राहियों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि कोविड-19 टीकाकरण के पात्र कोई भी हितग्राही टीकाकरण से वंचित न रहें। वही जिला पंचायत सीईओ डॉ. रेणुका श्रीवास्तव ने भी ग्राम बरही, नारागांव और हर्राठेमा में लगे वैक्सीन केंद्र पहुच निरीक्षण किया। लोगो से चर्चा का व्यवस्थाओं के जायजा लिया। डॉ. रेणुका ने बताया कि दोपहर 12 बजे तक नारागांव मे 12, बरही में 39 और हर्राठेमा में 9 लोगो ने वैक्सीन लगवाई हैं।

# मुख्यमंत्री एवं मंत्रियों में चिट्ठी लिखने प्रतिस्पर्धा चल रही है, भूपेश सरकार चिट्ठी की सरकार: बृजमोहन

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता विधायक एवं पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कहा है कि प्रदेश सरकार इतनी दुविधाग्रस्त है कि उसे इस बात का होश ही नहीं रहता कि पहले उसने क्या कहा है और अब वह क्या कह रही है? अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार चिट्ठी की सरकार है मुख्यमंत्री और मंत्रियों में केन्द्र सरकार को चिट्ठी लिखने की प्रतिस्पर्धा चल रही है। जो लोग जनप्रतिनिधियों के व जनता के पत्रों का जवाब नही देते वे पत्र लिखने में जुटे हैं। मुख्यमंत्री धान खरीदी की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं, बारदाना की व्यवस्था नहीं कर पा रहे हैं और पढ़ लिख कर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। कृषि मंत्री किसानों के लिए केंद्र सरकार से प्राप्त पैसे का उपयोग नहीं कर पा रहे हैं। केंद्र से मिला बजट लैप्स हो रहा है और कृषि मंत्री पत्र लिखने में व्यस्त हैं। स्वास्थ्य मंत्री प्रदेश की जनता को पहले एवं दूसरे डोज का वेक्सिनेशन नही करवा पा रहे है, कोविड के रोकथाम में पूरी तरह फैल है और अपनी नाकामी छुपाने बूस्टर डोज के लिए केंद्रीय मंत्री को पत्र लिख रहे हैं। अग्रवाल ने कृषि मंत्री रवींद्र चौबे द्वारा उर्वरकों की कमी के मद्देनज़र केंद्रीय रसायन एवं उर्वरक मंत्री के साथ हुई चर्चा का हवाला देते हुए कहा कि सरकार के प्रवक्ता व कृषि मंत्री चौबे ने साफ़कर दिया है कि प्रदेश सरकार धान ख़रीदी से बचने और किसानों को प्रताड़ित करने की ओछी राजनीति करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार के ख़िलाफ़केवल और केवल अनर्गल विषवमन करने में लगी है। अग्रवाल ने कहा कि कृषि मंत्री चौबे रबी फ़सल के लिए उर्वरकों की कमी की आशंका जताकर नवम्बर में रैक में एनपीके उर्वरक और डीएपी उर्वरक की आपूर्ति करने की मांग की है और यह बताया कि प्रदेश में 4.78 लाख हेक्टेयर में रबी फसल की बुआई हो चुकी है। अग्रवाल ने हैरत जताई कि 01 नवम्बर से धान ख़रीदी की मांग करने पर प्रदेश सरकार और कांग्रेस के नेता प्रदेशभर में यह कहते हुए घूम रहे थे कि अभी तो खरीफ़के धान की कटाई नहीं हुई है इसलिए प्रदेश सरकार ने धान ख़रीदी की शुरुआत 01 दिसम्बर से करने की घोषणा की। अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार ने जब ख़रीफ़ की कटाई तक नहीं होने का दावा करके धान ख़रीदी शुरू नहीं की तो अब 4.78 लाख हेक्टेयर में रबी की बुआई का दावा वह किस आधार पर कर रही है? अग्रवाल ने कहा कि सरकार के प्रवक्ता और मंत्री चौबे अब यह स्पष्ट करें कि प्रदेश सरकार और उनकी कांग्रेस पार्टी के किस बात पर भरोसा करें? क्या धान कटाई को लेकर सरकार और कांग्रेसियों का दावा झूठा था या फ़िर रबी की बुआई को लेकर वह झूठ परोस रही है? दोमुंही बातों का ज़ुबानी जमाख़र्च करने में लगी प्रदेश सरकार कहीं केंद्र सरकार से उर्वरक की मांग का दबाव बनाकर अपने कालाबाज़ारी मित्रों और माफ़ियाओं को उपकृत करने की बदनीयती का परिचय तो नहीं दे रही है?अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर साल धान ख़रीदने के नाम पर षड्यंत्र करके किसानों को प्रताड़ित करने का काम कर रही है।

# मोदी सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना एवं फंड आवंटन में कर रही है भेदभाव: धनंजय

## केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना की दूसरी किस्त का लगभग 1500 करोड़ का आबंटन अभी तक नहीं किया

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



केंद्र सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना एवं फंड के आवंटन में छत्तीसगढ़ के साथ छल पूर्ण व्यवहार कर रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा के नेता मोदी सरकार के केंद्रीय योजनाओं के क्रियान्वयन में नाकामी एवं भेदभाव पर पर्दा करने राज्य सरकार पर झूठे एवं मनगनत आरोप लगा रहे है। मोदी सरकार प्रधानमंत्री आवास योजना के आवंटन में भी अन्य केंद्रीय योजना की तरह ही छत्तीसगढ़ के साथ सौतेला एवं भेदभाव कर रही है। पीएम आवास के फंड के आवंटन के लिए छत्तीसगढ़ में रेरा में पंजीयन को अनिवार्य कर रही है। वही भाजपा शासित राज्य मध्यप्रदेश को रेरा में पंजीयन के बैगर निरंतर फंड का आबंटन एवं आवास का एलामेंट किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ में पीएम आवास के लगभग 1100 प्रोजेक्ट चल रही जिसकी दूसरी किश्त का लगभग 1500 करोड़ रु की राशि का भुगतान सिर्फ केंद्र सरकार ने अब तक नहीं की है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि सच्चाई यह है कि केंद्र की सरकार केंद्रीय योजनाओं के बेहतर ढंग से क्रियान्वयन करने में गंभीर नहीं है। छत्तीसगढ़ में बीते 3 साल से चल रही केंद्रीय योजना प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम जल मिशन, राष्ट्रीय शहरी अजीवका मिशन, राष्ट्रीय माध्यमिक शिक्षा अभियान,राष्ट्रीय बागवानी मिशन, सर्व शिक्षा अभियान सहित अन्य केंद्रीय योजना में केंद्र सरकार के द्वारा स्वयं के अंशदान में की गयी कटौती के चलते राज्य सरकार को केंद्रीय योजनाओं में राज्य को अंशदान के अलावा 13 हजार करोड़ रु. की अतिरिक्त भार पड़ रही है। मोदी सरकार के गलत नीतियों मनमानी से उत्पन्न हुई आर्थिक संकट अब केंद्रीय योजनाओं पर भी प्रभाव दिखा रही है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि रेरा में पंजीयन की आवश्यकता व्यवसायिक एवँ निजी कालोनी डेवलप करने वालो की होती है।पीएम आवास तो सरकारी संस्था चला रही है घर का निमार्ण केंद्र सरकार, राज्यसरकार और हितग्रही के अंशदान से पूरी होती है इसमें किसी को व्यक्तिगत लाभ नहीं है।फिर छत्तीसगढ़ के लिए रेरा में पंजीयन अनिवार्यता क्यों? मध्यप्रदेश को रेरा में पंजीयन से छूट क्यों? रेरा में पंजीयन के फीस के करोड़ों रूपये लगेंगे इसका वहन कौन करेगा? किस मद से होगा? जिसको व्यक्तिगत लाभ होता उसका रेरा में पंजीयन अनिवार्य है प्रधानमंत्री आवास योजना सरकारी योजना है और यह तो बिना लाभ के गरीब जनता के आवास के लिए चलने वाली योजना है।

# सेवानिवृत्ति बाद फिल्म डगर पर विजय मिश्रा 'अमित' मया होगे रे फिल्म में दिखाएंगे हुनर

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ी फिल्म जगत में प्रदेश के वरिष्ठ लोक हिंदी रंगकर्मी विजय मिश्रा 'अमित' ने नई पारीकी शुरुआत फिल्म मया होगे रे से की है। छत्तीसगढ़ स्टेट पावर कंपनी में 32 वर्षों की सेवा उपरांत हाल ही में वे सेवानिवृत्त हुए हैं। विजय मिश्रा का मानना हे कि क्षेत्रीय फिल्म निर्माण की बृहद संभावना छत्तीसगढ़ की धरा पर है। माटी की महक से सराबोर फिल्में सरकार की फिल्म नीति से राष्ट्रीय स्तर पर अवश्य प्रतिष्ठित होंगी। पीवीबी फिल्म प्रोडक्शन हाउस के इस पारिवारिक फिल्म के निर्माता हेमत जैन, सुभाष बंसल, कंट्रोलर शेखर चौहान निर्देशक नितीश लहरी, सह-निर्देशन दीपक बावनकर है। फिल्म मया होगे रे में प्रदेश के प्रतिष्ठित कलाकार सलीम अंसारी,पुष्पेंद्र सिंह, प्रकाश अवस्थी,योगेश अग्रवाल, उपासना वैष्णव, सोनाली सेंद्रे ,भूपेश चौहान, पुष्पांजलि शर्मा,संगीता निषाद, लक्की रघुवंशी, अमरजीत बंटी के हूनर का जलवा दिखेगा। छत्तीसगढ़ के तीज त्यौहार,मेला मड़ाई, खाई खजानी,का समावेश फिल्म में बखूबी किया जा रहा है। सीनियर कैमरा एक्सपर्ट जानसन अरुण संतोष महतो, लाईट कंट्रोलर मोनू साहू की टीम द्वारा राजधानी रायपुर सहित पाटन, गुदेली, डोंगरगढ़, मुरमुंदा में प्रभावी फिल्मांकन जारी है।

# राजस्व मंत्री का दौरा कार्यक्रम

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन तथा वाणिज्यक कर (पंजीयन एवं मुद्रांक) मंत्री जयसिंह अग्रवाल 25 नवम्बर को गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही जिले के प्रवास रहेंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राजस्व मंत्री सबेरे 10 बजे कोरबा से प्रस्थान कर दोपहर 12.30 बजे गौरेला-पेण्ड्रा पहुँचेंगे और वहां दोपहर 12.30 बजे से 12.50 बजे तक बाजार चौक पेण्ड्रा में विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण करेंगे। दोपहर 1 बजे से 1.45 बजे तक ग्राम बचरवार में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। इसके बाद दोपहर 2 बजे से 2.40 बजे गौरेला नगर पंचायत क्षेत्र में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होने के बाद विकासखंड मरवाही के ग्राम खनतावरवासन में स्थानीय कार्यक्रमों में शामिल होंगे। अग्रवाल सायं 4 बजे से 5 बजे तक गौरेला-पेण्ड्रा के रेस्ट हाउस में अधिकारियों की बैठक लेने के बाद वहां से कोरबा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# मंहगाई से सब्जी, दूध, पेट्रोल डीजल लेना आम जनता के लिये लेना कठिन हो गया है: मरकाम

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com





मोदी सरकार की कमरतोड़ मंहगाई के खिलाफ पदयात्रा की जा रही है।पदयात्रा के मीडिया प्रभारी विकास तिवारी ने बताया कि जैजैपुर विधानसभा के हसौद में जन जागरण पदयात्रा में पंहुचे छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम ने ग्राम कैथ से सभा स्थल हसौद मंडी प्रांगण तक पदयात्रा की।

उनके साथ सैंकड़ों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता पदयात्रा किए। उनका जगह जगह स्वागत और उन्हें धान व सब्जियों से तौला गया। सभा में हजारों जनता और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के समक्ष हुंकार भरते हुवे प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार के महंगाई के विरोध में हाथ खड़े करके हजारों-हजार लोगों ने जनविरोधी केंद्र की भाजपा सरकार उखाड़ने का लिया संकल्प लिया है। जनता जनार्दन का यह समर्थन देख मैं दावे से कह रहा हूं कि विधानसभा चुनाव 2023 एवं लोकसभा चुनाव 2024 के चुनाव में कांग्रेस पार्टी की जीत सुनिश्चित है। प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम ने जन जागरण यात्रा के दौरान मिठाई के डिब्बे में मोदी सरकार की कमरतोड़ मंहगाई से त्रस्त जनता को निःशुल्क सब्जी वितरण किया। प्रातः काल प्रभातफेरी में भी शामिल हुवे।

# कर्मचारी-अधिकारी, शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के प्रतिनिधिमंडल ने यूडी मिंज से की मुलाकात

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुर/कुनकुरी
www.dailypioneer.com



कुनकुरी में सन् 1964 से संचालित विद्यालय शासकीय बालक उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय सलियाटोली में स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय प्रारम्भ होने के फलस्वरूप यहाँ पदस्थापित शिक्षिकाओं एवं कार्यालयीन कर्मचारियों को अन्यत्र स्थानांतरित करने का प्रस्ताव जिला शिक्षा अधिकारी, जशपुर द्वारा मंगाए जाने के कारण पिछले 56 वर्षो का गौरवपूर्ण इतिहास समेटे इस हिंदी माध्यम विद्यालय में अध्ययन कर रहे गरीब परिवारों के छात्रावासी एवं अन्य बच्चों के भविष्य पर प्रश्न चिन्ह उत्पन्न हो गया है। इस समस्या को लेकर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन कुनकुरी के अध्यक्ष अरविंद कुमार मिश्रा, उपाध्यक्ष वाई.आर. कैवर्त, संगठन मंत्री अनिल कुमार सिंह,कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार सिन्हा,शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के अध्यक्ष रितेश नायक,संरक्षक सदस्य बेमताटोली सरपंच राजकुमारी लकड़ा,सदस्य उपसरपंच पंकज गुप्ता एवं विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने कुनकुरी विधायक एवं संसदीय सचिव यू.डी. मिंज के पास पहुंचकर अपनी बात रखी एवं इस विद्यालय को बंद न होने देने के लिए पहल करने का अनुरोध किया।सबकी बातों को माननीय संसदीय सचिव ने विस्तार से सुना एवं स्पष्ट आश्वासन दिया कि इस विद्यालय को बंद नहीं होने देने हेतु वे संकल्पित हैं तथा उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी,जशपुर को तुरंत संदेश भिजवाया की उनकी जानकारी के बिना उनके संसदीय क्षेत्र के किसी भी हिंदी माध्यम विद्यालय को बंद करने का प्रस्ताव न भेजा जाए। संयुक्त प्रतिनिधि मंडल ने संसदीय सचिव महोदय को तत्काल पहल करने पर हार्दिक धन्यवाद दिया।

# मां बनदुर्गा के दरबार पहुंचे मत्था टेकने नीलांचल के संस्थापक सम्पत अग्रवाल

पायनियर संवाददाता ◄ बसना
www.dailypioneer.com





मां बनदुर्गा सिद्ध शक्ति पीठ भतकुन्दा में नीलांचल सेवा समिति के संस्थापक एवं पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष संपत अग्रवाल ने बनदुर्गा माता जी के दर्शन कर श्रीफल और गेरुवा चढ़ाकर आशीर्वाद लिया और बसना विधानसभा वासियों की मंगल कामना की। साथ मे नीलांचल सेवा समिति के पिरदा, पथराला एवं बिजराभाटा सेक्टर के प्रभारी, सह प्रभारी, जोन प्रभारी, पोलिंग प्रभारी समेत पूरी कार्यकारिणी के सदस्य और पदाधिकारियों ने नारियल और गेरुवा माता को अर्पित कर मन्नत मांगी। बैठक के दौरान बनदुर्गा मंदिर समिति के अध्यक्ष भूषण तांडी ने सदस्यों के साथ सम्पत अग्रवाल के हाथों नीलांचल की सदस्यता ग्रहण कर परिचय पत्र प्राप्त किया। बैठक के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष गजेन्द्र साहू, मीडिया सलाहकार जर्नलिस्ट प्रकाश सिन्हा, सेक्टर प्रभारी उत्तर पटेल, संतलाल नायक, वीरेन्द्र प्रधान, सोनू छाबड़ा, किरन पटेल, कन्हैया पटेल, चमरा स्वर्णकार, गोपाल गड़तिया, सोनू सोनवानी, कमलध्वज पटेल, मोहित पटेल, उपेन्द्र साव, प्रताप साव, रविलाल चौहान, हरिश चौधरी, लोकनाथ साव, भूपेंद्र चौधरी, टिकेश्वर सिदार, रविलाल पटेल, लखन लाल पटेल, तिलक पटेल, धेनुभगत बैगा, चंद्रलाल चौहान, शोभाराम तांडी, भीमसेन निषाद, प्रेमलाल पटेल, जगदीश चौहान, ज्ञानेश साहू, गौतम विशाल, रूपानंद, प्रधान, जगन्नाथ बारिक समेत सैकड़ों की संख्या में क्षेत्र के लोग उपस्थित थे।

# सत्ता के अहंकार में मर्यादा भूल गए सीएम बघेल: कृष्ण कुमार राय

पायनियर संवाददाता ◄ जशपुरनगर
www.dailypioneer.com



प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष विष्णु देव साय पर अमर्यादित टिप्पणी पर प्रतिक्रिया देते हुए वरिष्ठ भाजपा नेता एवं बिलासपुर संभाग के संगठन प्रभारी कृष्ण कुमार राय ने कहा कि 15 साल बाद मिली सत्ता के अहंकार में भूपेश बघेल सहित कांग्रेसी नेता अपनी मर्यादा भूल चुके हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेसी नेताओं की आदत रही है अपने विरोधी नेताओं के खिलाफ अनर्गल और अमर्यादित भाषा का उपयोग करने की, चाहे उनके आलाकमान द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल हो या प्रदेश के कांग्रेसी नेताओं द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेताओं के खिलाफ। कृष्ण कुमार राय ने कहा कि भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा किसान बिल वापस लेने पर थूक के चाटने एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदेव साय के दिमाग में गोबर भरे होने की अमर्यादित टिप्पणी कर बता दिया है कि मात्र ढाई वर्षो में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के सिर पर सत्ता का नशा ऐसा चढ़ा है कि वह देश के प्रधानमंत्री एवं प्रदेश के विपक्षी पार्टी के मुखिया के खिलाफ क्या बोल रहे हैं यह भी भूल गए। आगे उन्होंने कहा कि क्या मुख्यमंत्री को देश के प्रधानमंत्री से ऐसे अमर्यादित भाषा का इस्तेमाल करना चाहिए। आगे कृष्णा राय ने कहा कि कांग्रेस पार्टी ने सत्ता पाने के लिए बड़े-बड़े वादे तो कर दिए अब उन वादों को पूरा करने में उनके होश उड़े हुए हैं, किसानों को बोनस देने के नाम पर अभी तक 40 हजार करोड़ का कर्ज कांग्रेसी सरकार ले चुकी है, अभी हाल ही में आरंग में लगभग 7000 से ज्यादा कांग्रेसी लोगों ने छत्तीसगढ़ प्रभारी डी पुरंदेश्वरी के समक्ष भाजपा प्रवेश किया इससे मुख्यमंत्री भूपेश बघेल बौखला गए हैं, अंत मे राय ने भूपेश बघेल के बयान की निंदा करते हुए कहा कि अपने बयान के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को देश के प्रधानमंत्री व छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष से माफी मांगनी चाहिए।

SHRI BALAJI INSTITUTE OF NURSING
RAIPUR (C.G.)
WALK IN INTERVIEW
M.SC. NURSING STAFF REQUIREMENT

| | | |
|---|---|---|
| Psychiatric Name | 2 | Professor/Asso.Prof |
| | 2 | Asst. Prof |
| Med. Surgical Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof |
| Community Health Nursing | 2 | Professor/Asso.Prof. |
| | 2 | Asst.Prof |
| Child Health Nursing | 2 | Professor/ Asso.Prof. |
| | 2 | Asst. Prof. |
| Tutor | 4 | Minimum 1 Year exp. |

Note : Experience : Professor 10 yr. 7 yr. Teaching, Associate Professor 8 yr. 5 yr Teaching, Assistant Professor 3 yr Teaching
MOWA, RAIPUR (C.G.) Mob : 9827118884, 7694016816
E-Mail : sbsonraipur@rediffmail.com

SHRI BALAJI GROUP OF HOSPITALS & COLLEGES
संकल्प, समर्पित सेवा का
SHRI BALAJI
Institute of Nursing
छ.ग. शासन, छ.ग. नर्सिंग कॉन्सिल से मान्यता प्राप्त, छ.ग. आयुष विश्वविद्यालय से संबंध एवं छ.ग. पैरामेडिकल कॉन्सिल से अनुमति
ADMISSION OPEN
NURSING PROGRAMME
PARAMEDICAL PROGRAMME

| | | | |
|---|---|---|---|
| B.Sc Nursing | 4 years | Pathology technician | 1 year |
| Post Basic Bsc Nursing | 2 years | Operation theater tech. | 1 year |
| M.Sc. Nursing | 2 years | X-Ray technician | 1 year |
| Medical Surgical Nsg. | | Ortho and dresser tech. | 1 year |
| Community Health Nsg. | | | |
| Child Health Nsg. | | | |
| Mental Health Nsg. | | | |



HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
मोवा, रायपुर (छ.ग.) मो. 7694016816, 8435018884, 9826242559
फोन: 0771-4241000,4241057 | वेब: www.balajinursingcollege.com

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी* समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403